संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, रविवार, 11 फरवरी 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 18 अंकः 41 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पूर्व उप प्रधानमंत्री व भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी से नई दिल्ली में उनके आवास पर मुलाकात कर उन्हें सर्वोच्च उपाधि भारत रत्न मिलने पर बधाई दी।

# हल्द्वानी हिंसाः उपद्रवियों को पकड़ने की कार्रवाई जारी

**टीम एक्शन इंडिया/हल्द्वानी**

**हल्द्वानी हिंसा में बदायूं के युवक** की भी हुई थी मौत
हल्द्वानी में हुए बवाल में बदायूं के सहसवान कस्बे के एक युवक की भी मौत हुई है। उसके सिर में गोली लगी थी। उसे बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसकी मौत हो गई। शुक्रवार को उसके परिवार वालों ने शव को चुपचाप लाकर दफन कर दिया।

**पांच लिए गए हिरासत में:** हल्द्वानी के बनभूलपुरा हिंसा मामले में पुलिस ने वीडियो, सीसीटीवी फुटेज, फोटो से उपद्रवियों की तलाश कर रही है। इन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सूत्रों के अनुसार, पांच लोगों को हिरासत में लिया गया है।

**वीडियो, सीसीटीवी फुटेज, फोटो से उपद्रवियों की तलाशः** अमर उजाला से बात करते हुए उन्होंने कहा कि पुलिस से चूक हुई है। तभी इतनी बड़ी घटना घटित है। पुलिस वीडियो, सीसीटीवी फुटेज, फोटो से उपद्रवियों की तलाश कर रही है। इन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**मुख्य सचिव के साथ डीजीपी ने किया निरीक्षणः** शुक्रवार को मुख्य सचिव राधा रतूड़ी के साथ डीजीपी अभिनव कुमार ने बनभूलपुरा थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिस सुनियोजित तरीके से थाना फूंका गया। वाहन फूंके गए। पुलिस पर पथराव किया गया, उससे साफ है कि इसके पीछे बड़ी साजिश रची गई है।

**उपद्रवियों पर लगाया जाएगा यूएपीए और एनएसएः** डीजीपी अभिनव कुमार ने कहा कि उपद्रवियों को किसी भी दशा में बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस चुन-चुनकर इनके खिलाफ यूएपीए और एनएसए के तहत कार्रवाई करेगी। जिस तरह से घटना को अंजाम दिया गया, वह साजिश की ओर इशारा कर रहा है। कहा कि इसकी जांच की जाएगी।

**हिंसा की होगी मजिस्ट्रीयल जांचः** हल्द्वानी के बनभूलपुरा थाना इलाके में हुई हिंसा की घटना की मजिस्ट्रीयल जांच होगी। कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत को थाना बनभूलपुरा, हल्द्वानी और निकटवर्ती इलाकों में हुई हिंसात्मक घटना की मजिस्ट्रियल जांच के लिए जांच अधिकारी नामित किया गया है। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने निर्देश पर मंडलायुक्त दीपक रावत मजिस्ट्रीयल जांच करेंगे। कुमाऊं आयुक्त को 15 दिनों के भीतर घटना की निष्पक्ष जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

# 'पांच साल रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म के रहे'

## यह बहुत कम होता है कि सुधार हों, काम हों और हम बदलाव को अपनी आंखों के सामने होता हुआ देखेंः पीएम

**बजट सत्र**

**8** हमें विकास कार्यो को आगे बढ़ाना है। चुनाव बहुत दूर नहीं है। यह लोकतंत्र का आवश्यक पहलू है : मोदी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**संसद के** बजट सत्र के अंतिम दिन लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ये पांच वर्ष देश में रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के रहे। यह बहुत कम होता है कि सुधार हों, काम हों और हम बदलाव को अपनी आंखों के सामने होता हुआ देखें। सत्रहवीं लोकसभा के माध्यम से आज देश अनुभव कर रहा है और मुझे भरोसा है कि देश सत्रहवीं लोकसभा को जरूरत आशीर्वाद देता रहेगा। अध्यक्ष जी, कभी-कभी सुमित्रा जी हास्य करती थीं, लेकिन आपका चेहरा हमेशा मुस्कराता हुआ रहता है। अनेक परिस्थितियों में आपने संतुलित भाव से इस सदन का मार्गदर्शन और नेतृत्व किया। मैं आपकी प्रशंसा करता हूं।

पीएम मोदी ने कहा, आक्रोश और आरोप के पल आए, लेकिन आपने पूरे धैर्य के साथ पूरी स्थितियों को सूझबूझ के साथ संभाला और सदन को चलाया। इसके लिए भी मैं आपका आभारी हूं। इस पांच वर्ष में इस सदी का सबसे बड़ा संकट पूरी मानव जाति ने झेला। कौन बचेगा, कौन बच पाएगा, कोई किसी को बचा सकता है या नहीं... ऐसी वो अवस्था थी। ऐसे में सदन में आना भी संकट का काम था। देश के काम को आपने रुकने नहीं दिया। सदन की गरिमा भी बनी रहे और देश के आवश्यक कामों को जो गति देनी चाहिए, वो भी बनी रहे, इस काम में सदन की जो भूमिका है, वह पीछे न रहे। इसे आपने कुशलता से संभाला। माननीय सांसदों का भी आभार व्यक्त करना चाहता हूं कि उस कालखंड में देश की स्थिति को देखते हुए सांसद निधि छोड़ने का प्रस्ताव रखा गया। जब प्रस्ताव आया तो सभी सांसदों ने इसे एकमत से स्वीकारा। देशवासियों को सकारात्मक संदेश देने के लिए और समाज को विश्वास देने के लिए सांसदों ने अपने वेतन में तीस फीसदी कटौती का निर्णय किया। हम सभी सांसद बिना हिंदुस्तान के मीडिया में गाली खाते रहते थे कि बाहर इतने में खाना मिलता है और संसद की कैंटीन में इतना सस्ता मिलता है।

आपने निर्णय किया कि सभी के लिए कैंटीन में समान रेट होंगे। सांसदों की फजीहत और मजे लेने वालों से आपने हमें बचा लिया, इसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं। संसद का नया भवन होना चाहिए, इसकी सभी ने चर्चा की। लेकिन ये आपका नेतृत्व है, जिसने इस काम को आगे बढ़ाया। उसी का परिणाम है कि आज देश को नया संसद भवन प्राप्त हुआ है। संसद के नए भवन में विरासत का अंश और आजादी के पहले पल को जीवंत रखने के लिए सेंगोल रखने का काम हुआ।

### चुनौतियों से आनंद मिलता हैः मोदी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने 17वीं लोकसभा के अंतिम कार्यदिवस बीते पांच साल के कार्यकाल में हुए कामकाज और सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव 2024 से पहले बुलंद हौसले का संकेत देते हुए कहा कि वे चुनौतियों का आनंद लेते हैं। पीएम मोदी ने कहा, हमें विकास कार्यो को आगे बढ़ाना है। चुनाव बहुत दूर नहीं है। यह लोकतंत्र का आवश्यक पहलू है। हम सब इसे गर्व से स्वीकार करते हैं। हमारा लोकतंत्र पूरे विश्व को अचंभित कर रहा है। मुझे विश्वास है यह ऐसे ही बना रहेगा। मुझ पर तो परमात्मा की कृपा रही है कि जब मुझ पर चुनौती आती है तो मैं ज्यादा निखरता हूं। हम हर चुनौतियों का सामना कर पाए हैं।

# इंग्लैंड के खिलाफ बाकी तीन टेस्ट के लिए टीम घोषित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**इंग्लैंड** के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के बाकी बचे हुए मुकाबलों के लिए भारतीय टीम घोषित हो गई है। दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली सीरीज से पूरी तरह बाहर हो गए हैं। वह पारिवारिक कारणों से शुरूआती दो टेस्ट में नहीं खेल पाए थे। बाकी बचे हुए मुकाबलों के लिए तेज गेंदबाज आकाश दीप सिंह को शामिल किया गया है। राजकोट में सीरीज का तीसरा मुकाबला खेला जाएगा। भारत और इंग्लैंड की टीमें अब तक हुए दो टेस्ट में 1-1 की बराबरी पर हैं। बीसीसीआई ने अपने बयान में कहा, "विराट कोहली व्यक्तिगत कारणों से सीरीज के बाकी बचे मैचों में चयन के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। बोर्ड कोहली के फैसले का पूरा सम्मान और समर्थन करता है।" टीम में रवींद्र जडेजा और केएल राहुल को चुना गया है। दोनों चोटिल हो गए थे और दूसरे टेस्ट में नहीं खेल पाए थे। चयन के बावजूद उनका खेलना तय नहीं है।

# 'लोकसभा चुनाव से पहले ही लागू हो जाएगा सीएए'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री नरें**द्र मोदी के नेतृत्व में आगामी लोकसभा चुनावों में भाजपा को 300 से ज्यादा सीट मिलेंगी। जबकि, राजग (एनडीए) 400 से ज्यादा सीट हासिल करेगा। आम चुनाव के नतीजों पर कोई संशय की स्थिति नहीं है। यहां तक कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों को भी अहसास हो गया है कि उन्हें फिर से विपक्ष में बैठना होगा। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने ये बातें शनिवार को एक कार्यक्रम के दौरान कहीं।

**'जनता से मिलेगा 370 सीटों का आशीर्वाद':** शाह ने कहा, हमने संविधान के अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को खत्म कर दिया, पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा देता था। इसलिए, हमें भरोसा है कि देश के लोग भाजपा को 370 सीटों और एनडीए को 400 से अधिक सीटों का आशीर्वाद देंगे।

कार्यक्रम के दौरान उनसे राष्ट्रीय लोकदल (रालोद), शिरोमणि अकाली दल (शिअद) और कुछ अन्य क्षेत्रीय दलों के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में शामिल होने की संभावना के बारे में पूछा गया। इस पर गृहमंत्री ने कहा, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) परिवार नियोजन में भरोसा करती है, लेकिन राजनीति में नहीं।

शिअद के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, बातचीत चल रही है, लेकिन अभी कुछ भी तय नहीं हुआ है। उन्होंने कहा, 2024 का चुनाव एनडीए और विपक्षी गठबंधन के बीच नहीं, बल्कि विकास और केवल नारे देने वालों के बीच होगा।

# प्रभु के चरणों में विलीन हुई डॉ. सिम्मी अग्निहोत्री

## हिमाचल के डिप्टी सीएम की पत्नी को हार्ट अटैक, अस्पताल ले जाते हुए रास्ते में तोड़ा दम, पति व बेटी ने दी मुखाग्नि











**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की पत्नी डॉ. सिम्मी अग्निहोत्री का हार्ट अटैक की वजह से शुक्रवार 9 फरवरी की देर रात मौत हो गई। इस बात की जानकारी खुद मुकेश अग्निहोत्री ने अपने अपने फेसबुक पोस्ट के जरिए दी है। रिपोर्ट्स की मानें, तो सिम्मी अग्निहोत्री को हार्ट अटैक आया था। इसके बाद उन्हें चंडीगढ़ पीजीआई ले जाया जा रहा था कि तब तक रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया।

**प्रभु के चरणों में विलीन हो गई हैं सिम्मी अग्निहोत्रीः** इस दुखद घटना की जानकारी देते हुए मुकेश अग्निहोत्री ने अपने फेसबुक पेज पर लिखा, 'अत्यंत दुखी हृदय से सूचित कर रहा हूं कि प्रोफेसर सिम्मी अग्निहोत्री अब इस दुनिया में नहीं रहीं। वे इस नश्वर संसार को छोड़ प्रभु के चरणों में विलीन हो गई हैं। उनका पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए हमारे पैतृक गांव गोंदपुर जयचंद स्थित निजी निवास आस्था कुंज में दोपहर 1 बजे तक रखा जाएगा। उनका अंतिम संस्कार शनिवार 10 फरवरी को दोपहर 2 बजे मोक्ष धाम गोंदपुर जयचंद में किया जाएगा। ऊं शांति ऊं।'

**बेटी आस्था अग्निहोत्री ने मां की चिता को मुखाग्नि दीः** सिम्मी अग्निहोत्री के निधन की खबर मिलते ही सीएम सहित हिमाचल प्रदेश सरकार की कैबिनेट के तमाम सदस्य और सत्ता और विपक्ष के अनेकों विधायक भी मुकेश अग्निहोत्री को सांत्वना देने के लिए पहुंचे। मुकेश अग्निहोत्री ने अपने जीवनसाथी को नम आंखों के साथ अंतिम विदाई दी और उनके अंतिम संस्कार की सभी क्रियाओं को खुद सिर पर तेड़ बांधकर पूरा किया। वही बेटी आस्था अग्निहोत्री ने भी अपनी मां की अर्थी को कंधा दिया। सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भी सिम्मी अग्निहोत्री की पार्थिव देह को मुकेश अग्निहोत्री के साथ मिलकर कंधा दिया।

**इन्होंने भी व्यक्त किया शोकः** कैबिनेट मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने भी सिम्मी अग्निहोत्री के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट डालते हुए लिखा, 'हिमाचल प्रदेश के उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की धर्मपत्नी डॉक्टर सिमी अग्निहोत्री के निधन के बारे में जानकर हम स्तब्ध है, ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे और उनके परिवारजन को इस दुःख की घड़ी में सहनशक्ति दें।' वहीं, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भी शोक व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा, 'उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री जी की धर्मपत्नी प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री जी के निधन की खबर अत्यंत दुःखद है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा मुकेश जी एवं शोकग्रस्त परिवारजनों को संबल प्रदान करें।'

**12 फरवरी को रखा था माता का जागरणः** कुछ रिपोर्ट्स की मानें, तो 12 फरवरी को सिम्मी अग्निहोत्री ने कोहरोली क्षेत्र में बाथू में माता का जागरण रखा था। इसकी तैयारियां वे खुद कर रही थीं।

### सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने दुख जताया

**मुकेश** अग्निहोत्री की पत्नी प्रोफेसर सिम्मी अग्निहोत्री के निधन पर हिमाचल के सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गहरा दुख जताया है। सीएम ने शोक व्यक्त करते हुए कहा– उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री जी की धर्मपत्नी सिम्मी अग्निहोत्री जी के निधन की सूचना एक वज्रपात से कम नहीं है। इस दु:खद समाचार से मैं बहुत व्यथित हूँ। मैं भगवान से प्रार्थना करता हूँ कि वह दिवंगत आत्मा को स्वर्ग में स्थान दे व परिवार जनों और परिजनों को इस दारुण दु:ख को सहने की शक्ति दें। ॐ शान्ति।

**1992 में हुई थी मुकेश और सिम्मी अग्निहोत्री की शादी :** मुकेश अग्निहोत्री और सिम्मी अग्निहोत्री की शादी 8 अप्रैल 1992 को हुई थी। सिम्मी अग्निहोत्री हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी के लॉ डिपार्टमेंट में प्रोफेसर थीं। राजनीति में पति के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाली प्रोफेसर सिम्मी अग्निहोत्री कई राजनीतिक कार्यक्रमों में मुकेश अग्निहोत्री के साथ नजर आती थीं। उन्होंने 12 फरवरी को माता का जागरण रखा था।







### दो दिन पहले नीदरलैंड से आई थी बेटी आस्था

**सिम्मी** अग्निहोत्री की बेटी आस्था अग्निहोत्री भी जागरण में शामिल होने के लिए दो दिन पहले ही नीदरलैंड से वापस घर आ गई थीं। बता दें कि सिम्मी अग्निहोत्री हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी के पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट में बतौर प्रोफेसर तैनात थीं।

# इंडी गठबंधन से आप का मोहभंग

## केजरीवाल ने किया पंजाब की सभी सीटों पर उम्मीदवार उतारने का एलान, दिल्ली में असमंजस की स्थिति

**मामला फंसा**

8 दिल्ली में कांग्रेस और आप के बीत बातचीत जारी है। आप की ओर से आई. एन. डी. आई. ए का धर्म निभाने की बात कह रही

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस में खींचतान सीटों को लेकर जारी है। पंजाब और चंडीगढ़ में आप सभी सीटों पर उम्मीदवारों को उतारेगी। इससे इंडिया गठबंधन एक झटका माना जा रहा है। वहीं, दिल्ली में कांग्रेस और आप के बीत बातचीत जारी है। हालांकि यहां आप की ओर से आई. एन. डी. आई. ए का धर्म निभाने की बात कह रही है।





दिल्ली में सात लोकसभा की सीटें हैं, लेकिन अभी तक कांग्रेस और आप की ओर से सीट बंटवारे पर सहमति नहीं बन पाई है। दोनों पार्टियों का कहना है कि सीट शेयरिंग को लेकर सकारात्मक बातचीत चल रही है।

**पंजाब में अकेले चुनाव लड़ेगी आप:** आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी पंजाब की 13 लोकसभा सीट और चंडीगढ़ की एक संसदीय सीट के लिए उम्मीदवारों की घोषणा करेगी। उन्होंने लोगों से अपने उम्मीदवारों की जीत के लिए आशीर्वाद मांगा। केजरीवाल ने पंजाब सरकार के राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत राशन की 'डोरस्टेप डिलीवरी' के लिए आयोजित एक सभा को संबोधित करते हुए यह घोषणा की। 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए आप की तैयारियों के बारे में पूछे जाने पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि इस महीने के अंत तक हम पंजाब से अपने सभी 13 और चंडीगढ़ से एक उम्मीदवारों की घोषणा करेंगे। हमें विश्वास है कि यह 14-0 होगा।

**चौदह सीटों पर दिलाएं जीत**

केजरीवाल ने कहा कि आने वाले 10-15 दिनों में आप इन सभी 14 सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा करेगी। मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि जिस तरह आपने दो साल पहले हमें आशीर्वाद दिया था, उसी तरह इन सभी 14 सीटों पर पार्टी को जीत दिलाएं। मुख्यमंत्री ने भगवंत मान सरकार की भी प्रशंसा की और कहा कि इसने पिछले दो वर्षों में "बहुत काम" किया है।

**इंडी गठबंधन में कलह**

**दिल्ली** के सीएम ने घोषणा की है कि जल्द ही सभी सीटों के लिए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी जाएगी। इंडी गठबंधन को पंजाब से पहले बिहार और बंगाल में भी झटका लगा है। जब बंगाल की तृणमूल कांग्रेस पार्टी ने सभी सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने का एलान किया था। वहीं, इसके बाद बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने पखऊ के साथ गठबंधन तोड़ बीजेपी का दामन थाम लिया था।

# गर्ल्स हॉस्टल की महिला वार्डन के साथ दरिंदगी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**राजधानी** दिल्ली एक बार फिर शर्मसार हुई है। डीयू के उत्तरी परिसर के पास कमला नगर में छात्राओं का निजी गर्ल्स हास्टल (पीजी) चलाने वाले संचालक पर वार्डन के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना के तीन दिन बाद उत्तरी जिले के रूप नगर थाने में पीड़िता की शिकायत पर संचालक और उसके दोस्तों पर सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज कर लिया गया है। अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है और पुलिस अभी जांच में जुटी है। उत्तरी जिला के डीसीपी मनोज कुमार मीणा ने बताया कि उत्तरी दिल्ली के कमला नगर इलाके में निजी गर्ल्स पीजी में पीड़िता युवती वार्डन और खाना बनाने का काम करती है। पीड़िता की रात में पीजी में रूकने की भी डयूटी है।



**दो अन्य दोस्तों ने भी किया दुष्कर्म:** पीड़िता की शिकायत के अनुसार रविवार को पीजी संचालक डिंपल अपने दो दोस्तों राहुल और मोहित के साथ पीजी में आया। राहुल और मोहित पीड़िता के साथ छेड़छाड़ करने लगे और डिंपल फोन पर बात करते हुए वहां से बाहर चला गया। इसके बाद राहुल और रोहित ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। साथ ही वारदात के बाद आरोपित युवती को जान से मारने की धमकी देते हुए पीजी संचालक के साथ वहां से चले गए।

# एएसआई की हादसे में मौत, तेज रफ्तार टेंपो ने मारी थी टक्कर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**मोटर साइकिल सवार दिल्ली पुलिस के एएसआई को** बुराडी इलाके में एक तेज रफ्तार टेंपो ने टक्कर मार दी। घायल एएसआई को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, मगर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**चौथी बटालियन में थी तैनाती:** मृतक एएसआई की पहचान मनोज कुमार के रूप में हुई है। यह चौथी बटालियन में तैनात थे। पुलिस आस-पास में लेगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार, मनोज (50) परिवार के साथ बुराड़ी इलाके में रहते थे और दिल्ली पुलिस में एएसआई के पद पर तैनात थे फिलहाल उनकी तैनाती चौथी बटालियन में थी। रात के समय वह ड्यूटी से घर आ रहे थे, जैसे ही वह बाइक से बुराड़ी इलाके में रिंग रोड पर पहुंचे, तभी



पीछे से एक तेज रफ्तार टेंपो ने टक्कर मार दी और टेंपो चालक भाग निकला। घायल को इलाज के लिए अस्पताल ले जाएगा।

**आरोपी टेंपो चालक की तलाश तेज:** जहां डॉक्टरों उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस आस-पास में लेगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से मामले की जांच में जुटी है और आरोपी टेंपो चालक की तलाश में जुटी है।

# बदलते मौसम में गुनगुनी धूप दिल्ली वासियों को दिन में खासी राहत दे रही

## अगले सप्ताह एक और पश्चिमी विशोभ का असर दिल्ली के मौसम पर देखने को मिलेगा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**लगातार ब**दलते मौसम में गुनगुनी धूप दिल्ली वासियों को दिन में खासी राहत दे रही है। अधिकतम तापमान में भी वृद्धि होने लगी है, लेकिन सुबह-शाम की ठंड अभी बनी रहेगी। मौसम विभाग की मानें तो अभी अगले कई दिन कमोबेश ऐसी ही स्थिति बनी रहेगी।

**सामान्य से 3 डिग्री नीचे रहा तापमान:** दिल्ली का न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री नीचे रिकॉर्ड किया गया। ज्यादातर हिस्सों में सुबह के समय हल्का कोहरा रहा, लेकिन सुबह आठ बजे के लगभग धूप खिल गई तो यह साफ हो गया। दिल्ली का अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से एक डिग्री ज्यादा है, जबकि न्यूनतम तापमान 6.8 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से तीन डिग्री कम है।



हवा में नमी का स्तर 84 से 29 प्रतिशत रहा। लोधी रोड और जाफरपुर सबसे ज्यादा ठंडे रहे। यहां का न्यूनतम तापमान क्रमशः 5.7 और 5.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग का अनुमान है कि दिनभर खिली धूप के चलते अगले तीन दिनों में दिन के तापमान में इजाफा होगा, जबकि आसमान साफ रहने से न्यूनतम तापमान में गिरावट होगी। अगले तीन दिन के दौरान न्यूनतम तापमान आमतौर पर दस डिग्री से नीचे ही रहने का अनुमान है। मौसम विभाग का यह भी अनुमान है कि अगले सप्ताह एक और पश्चिमी विक्षोभ का असर दिल्ली के मौसम पर देखने को मिल सकता है। इसके चलते खासतौर पर 14 तारीख को राजधानी के अलग-अलग इलाकों में हल्की वर्षा अथवा बूंदाबांदी हो सकती है। लिहाजा, अभी तापमान में बहुत तेजी से इजाफा नहीं होगा। उधर स्काईमेट वेदर का कहना है कि 17-18 तारीख को पहाड़ों पर फिर से बर्फबारी भी हो सकती है।

**मौसम सुहावना**

8 अधिकतम तापमान में भी वृद्धि होने लगी है, लेकिन सुबह-शाम की ठंड अभी बनी रहेगी

**मध्यम श्रेणी का रहा दिल्ली का एक्यूआई :** पहले वर्षा और फिर तेज हवाओं के चलते दिल्ली की हवा भी लगातार साफ ही चल रही है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक शुक्रवार को दिल्ली का एक्यूआई 145 रहा। इस स्तर की हवा को मध्यम श्रेणी में रखा जाता है। अगले दो दिनों के बीच भी वायु गुणवत्ता का स्तर कमोबेश ऐसा ही रहने का अनुमान है। मौसम विभाग का अनुमान है कि दिनभर खिली धूप के चलते अगले तीन दिनों में दिन के तापमान में इजाफा होगा जबकि आसमान साफ रहने से न्यूनतम तापमान में गिरावट होगी। अगले तीन दिन के दौरान न्यूनतम तापमान आमतौर पर दस डिग्री से नीचे ही रहने का अनुमान है। अनुमान है कि अगले सप्ताह एक और पश्चिमी विक्षोभ का असर दिल्ली के मौसम पर देखने को मिल सकता है।

**अगले तीन दिनों को लेकर मौसम अपडेट:** राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली। लगातार बदलते मौसम में गुनगुनी धूप दिल्ली वासियों को दिन में खासी राहत दे रही है। अधिकतम तापमान में भी वृद्धि होने लगी है, लेकिन सुबह-शाम की ठंड अभी बनी रहेगी। मौसम विभाग की मानें तो अभी अगले कई दिन कमोबेश ऐसी ही स्थिति बनी रहेगी। दिल्ली का न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री नीचे रिकॉर्ड किया गया।

# लूट की बड़ी वारदात, कैश कलेक्शन एजेंट से लूटे 50 लाख

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

पुलिस ने बताया कि घटना शुक्रवार रात साढ़े 9 बजे मोनेस्ट्री मार्केट के पास हुई थी। पीड़ित राजेश ने पुलिस को फोन कर बताया कि वह महाराणा प्रताप बाग और चांदनी चौक से नकदी इकट्ठा करके लौट रहा था। जब वह बाजार के पास पहुंचा तो दूसरी स्कूटी पर सवार दो लोगों ने कथित तौर पर उसे रोक लिया और उससे 50 लाख रुपये से भरा बैग छीन लिया। अधिकारी ने बताया कि उसने स्कूटी पर अपने पैरों के पास बैग रखा था। सिविल लाइंस थाने में लूट की धारा में केस दर्ज किया है और आरोपियों को पकड़ने के लिए टीमें गठित की गई हैं। पुलिस ने कहा कि राजेश नेताजी सुभाष प्लेस स्थित प्लास्टिक गोली व्यवसायी के लिए कैश एजेंट के रूप में काम करता है। उनका बयान दर्ज किया गया है और मार्गों से सीसीटीवी फुटेज एकत्र किए गए हैं।

# शरजील ने अपना ई-मेल अकाउंट एक्टिव किए जाने की मांग की

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली दंगे से** पहले भड़काऊ भाषण देने के आरोपी शरजील इमाम ने अपना ई-मेल एक्टिव करने की मांग कोर्ट से की है। उसने गुहार लगाई है कि जांच एजेंसी इसमें सहयोग करे। दिल्ली पुलिस की ओर से कोर्ट को अवगत कराया गया है कि शरजील के ई-मेल अकाउंट को उसके वकील के सहयोग से एक्टिव करने का प्रयास किया गया था, जो नहीं हो रहा। एक बार दोबारा प्रयास किया जाएगा।

**शरजील पर तय हो चुके हैं आरोप:** शरजील इमाम पर पुलिस ने दिल्ली दंगे से पहले दिसंबर 2019 में एएमयू, जामिया मिल्लिया इस्लामिया समेत कई स्थानों पर भड़काऊ भाषण देने का आरोप लगाया था। यह भी आरोप था कि उसने भाषण में देश के टुकड़े किए जाने जैसे राष्ट्र विरोधी बयान दिए। इस मामले में उस पर आरोप तय हो चुके हैं। हाल में शरजील की तरफ से कोर्ट में लगाई गई अर्जी में कहा गया है कि उसका ई-मेल अकाउंट एक्सपायर होने वाला है। उसे एक बार एक्टिव कर डियक जाए।

# पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी पर 'कांग्रेस समर्थक' की अभद्र टिप्पणी

## बेटी शर्मिष्ठा ने राहुल गांधी को लिखा पत्र; कहा- न्याय चाहिए

**न्याय**

8 अभद्र टिप्पणी को लेकर उन्होंने राहुल गाँधी को पत्र लिखकर कहा कि मैं आपसे न्याय की मांग कर रही हूं

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने शुक्रवार को कांग्रेस समर्थकों पर परेशान करने और अभद्र टिप्पणी करने का आरोप लगाया है। प्रणब मुखर्जी पर अभद्र टिप्पणी को लेकर उन्होंने राहुल गाँधी को पत्र लिखकर कहा कि मैं आपसे न्याय की मांग कर रही हूं।

**कांग्रेस कर रही है ट्रोल- शर्मिष्ठा:** शर्मिष्ठा मुखर्जी ने कहा कि जब से मेरे पिता पर किताब आई है। सोशल मीडिया पर कांग्रेस और कुछ कांग्रेस नेता इसके खिलाफ बोल रहे हैं। कांग्रेस सोशल मीडिया बुरी तरह से मुझे ट्रोल कर रही है।



कुछ दिन पहले जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में मुझसे कांग्रेस के बारे में मेरे विचार पूछे गए थे। एएनआई से बातचीत में शर्मिष्ठा ने कहा कि मैंने यह स्पष्ट किया कि मैं एक कांग्रेसी व्यक्ति हूं, कांग्रेस में अभी भी राष्ट्रीय राजनीति में भूमिका निभाने के लिए बहुत कुछ है, लेकिन कांग्रेस को गांधी-नेहरू परिवार के नेतृत्व से परे देखना चाहिए। तब से मेरे ऊपर हर तरह के दुर्व्यवहार किए गए।

**मेरे पिता को भी घसीटा गया- प्रणब की बेटी:** इतनी ही नहीं मेरे पिता को भी इसमें घसीटा गया। कल एक कांग्रेस समर्थक था, उसका तर्क ऐसा है, जैसे कांग्रेस गांधी-नेहरू परिवार की जमींदारी की तरह है। उसे कांग्रेस के बहुत वरिष्ठ नेता फॉलो करते हैं। वह तरह-तरह की गंदी बातें कर रहा था। शर्मिष्ठा ने कहा कि मैंने उस पर जयराम रमेश, सुप्रिया श्रीनेत, राहुल गांधी, कांग्रेस हैंडल को टैग करते हुए प्रतिक्रिया दी, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।




# जेएनयू में चुनाव से पहले फिर बवाल

## एबीवीपी और वामपंथी गुटों के छात्रों में झड़प; कई घायल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**जवाहरलाल नेहरू** विश्वविद्यालय (जेएनयू) में शुक्रवार देर रात एक बार फिर बवाल मच गया। चुनाव से पहले विश्वविद्यालय की जनरल बॉडी मीटिंग (यूजीबीएम) में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) और वामपंथी संगठन के सदस्यों के बीच झड़प हो गई। एबीवीपी ने वसंत कुंज थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

**एबीवीपी और वाम दलों के छात्रों में मारपीट, कई घायल:** बैठक में हंगामा करने का एक-दूसरे पर आरोप लगाते हुए एबीवीपी और वाम दलों दोनों ने मारपीट का दावा करते हुए बताया कि उनके सदस्य घायल हुए हैं। जेएनयू काउंसलर अनघा प्रदीप ने आरोप लगाया कि एबीवीपी कार्यकर्ता यूनिवर्सिटी की जनरल बॉडी मीटिंग को आगे नहीं बढ़ने दे रहे थे।



**2019 के बाद हो रहे चुनाव:** बता दें कि जेएनयू में 2019 के बाद चुनाव हो रहे हैं। जेएनयूएसयू छात्रों के लिए सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था है। 1200 हस्ताक्षर एकत्र करने के बाद विश्वविद्यालय की आम सभा की बैठक (यूजीबीएम) बुलाई गई थी।

**एबीवीपी पर लगे हिंसा के आरोप:** अनघा प्रदीप ने न्यूज एजेंसी एएनआई से बात करते हुए एबीवीपी कार्यकताओं पर कई आरोप लगाए। अनघा ने कहा कि इन कार्यकताओं ने उस दौरान दुर्व्यवहार करना शुरू दिया था और वहां मौजूद लोगों के साथ धक्का-मुक्की करते हुए साउंड माइक सिस्टम को नियंत्रित करने का काम किया। उन्होंने आम छात्रों को भी पीटना शुरू कर दिया। हालांकि, एबीवीपी जेएनयू के अध्यक्ष उमेश चंद्रा ने आरोप लगाया कि ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) और स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) के सदस्य उन्हें बैठक छोड़ने की धमकी दे रहे थे। उमेश ने कहा कि वे लोग हमारे खिलाफ जातिसूचक टिप्पणियां कर रहे थे। हम चाहते थे कि कार्यवाही शांतिपूर्वक चले, इसलिए हमने हस्तक्षेप किया। यूजीबीएम आधी रात तक शुरू नहीं हुआ था। उन्होंने बताया कि लेफ्ट कार्यकर्ता कह रहे थे कि एबीवीपी कार्यकताओं को यूजीबीएम छोड़ देना चाहिए पुलिस ने इस मामले में अभी तक शिकायत दर्ज नहीं की है।

**हंगामा**

8 बैठक में हंगामा करने का एक-दूसरे पर आरोप लगाते हुए एबीवीपी और वाम दलों दोनों ने मारपीट का दावा किया

# देश में कास्ट बेस्ड राजनीति नहीं होनी चाहिए, यह हानिकारक : सीएम खट्टर

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/ दीपिका शर्मा**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री व भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी से नई दिल्ली में उनके आवास पर मुलाकात कर उन्हें सर्वोच्च उपाधि भारत रत्न मिलने पर बधाई दी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने आडवाणी को हरियाणा में चलाई जा रही योजनाओं व कार्यों की जानकारी देते हुए नौ सालों की उपलब्धियों पर आधारित पुस्तक भी भेंट की। लाल कृष्ण आडवाणी ने हरियाणा में किये जा रहे कार्यों पर प्रसन्नता जताई।



मुख्यमंत्री मनोहर लाल पूर्व उपप्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी को भारत रत्न देने की घोषणा के बाद पहली बार उनसे मिलने पहुंचे थे और इस मौके पर दोनों नेताओं के बीच विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। मुलाकात के बाद मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि लालकृष्ण आडवाणी हमेशा आगे बढ़ने का हौसला देते हैं, सभी को साथ लेकर आगे बढ़ते रहे हैं। उनसे मिलने में विशेष स्नेह की अनुभूति होती है। उन्हें 3 फरवरी को जब भारत रत्न देने की घोषणा हुई, हमारे लिए यह प्रसन्नता का विषय है। मैंने तभी फैसला किया था कि जब

**गर्व**

**8 मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भारत रत्न से सम्मानित लाल कृष्ण आडवाणी से की मुलाकात**

दिल्ली आना होगा तो मुलाकात जरुर करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे भारत रत्न दिए जाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्र सरकार को धन्यवाद करते है। वे अडवानी की लंबी आयु की कामना भी करते है। उन्होंने कहा कि देश की बड़ी हस्तियों में आडवाणी के साथ-साथ प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति ने, चाहे कर्पूरी ठाकुर, नरसिम्हा राव, चौधरी चरण सिंह, चाहे डॉ स्वामीनाथन हो, हर महापुरुष की अपनी विशेषताएं हैं, देश निर्माण में उनका जो योगदान रहा है, उसको ध्यान में रखते हुए उनकी पहचान की गई और पहचान करने के बाद सम्मानित करने का फैसला लिया गया है। उन्होंने कहा कि एक माह में भारत सरकार ने पांच विशेष विभूतियों को भारत रत्न दिया है, यह बहुत सराहनीय कदम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर विभूति की अपनी विशेषता हैं। एक बात स्पष्ट रूप से ध्यान में आती है कि यह सब किसी भी व्यक्ति के देश के प्रति जो योगदान होता है, उसकी पहचान कर सम्मानित करने का विषय है।

# पीएम मोदी ने किसान व कमेरे वर्ग का सम्मान किया: जेपी दलाल

**आभार**

**8 पूर्व प्रधानमंत्री चौ. चरण सिंह को भारत रत्न सम्मान देकर पूरे भारत के किसान व कमेरे वर्ग का सम्मान किया**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/ अकुंश जैन**

**हरियाणा** के कृषि एवं पशुपालन मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि किसानों के मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने अपना जीवन किसानों और कमेरे वर्ग के हितों की रक्षा करने और उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाने में लगाया। उनको देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से नवाजना वास्तव में देशभर के उस किसान व कमेरे वर्ग का सम्मान है, जो अपना खून-पसीना एक कर लोगों का पेट भरने का काम करता है। इससे किसानों में नई ऊंर्जा का संचार हुआ है। यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सकारात्मक सोच की बदौलत संभव हुआ है। श्री दलाल में आयोजित एक समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। समारोह में पहुंचते ही कृषि मंत्री ने सबसे पहले चौ. चरण सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। कृषि मंत्री ने कहा कि देश की आजादी के बाद चौ. चरण सिंह ने ही किसानों के हितों की देशभर में आवाज बुलंद की। उन्होंने कहा कि अब से पहले ग्रामीण के अंचल के लोग यह सोच भी नहीं सकते थे कि कृषि कार्य में लगे लोगों को भी पद्मश्री और पद्मविभूषण से नवाजा जाएगा, लेकिन प्रधानमंत्री श्री मोदी ने यह सम्मान किसान को देने का काम किया है। आने वाले समय में भारत दुनिया की सबसे बड़ी तीसरी अर्थ व्यवस्था होगा।

## न्यूज फ्लैश

### नि:शुल्क ड्रोन प्रशिक्षण हेतु दूसरे चरण में ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा हरियाणा में ड्रोन के उपयोग से खेती के कार्य में नई तकनीक के प्रयोग को प्रोत्साहन देने के लिए अनेक कार्य किए जा रहे हैं जिनमें से ड्रोन के उपयोग से खेती में नई क्रांति लाई जा रही है। इसी दिशा में विभाग द्वारा नि:शुल्क ड्रोन प्रशिक्षण हेतु दूसरे चरण में ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। विभाग के एक प्रवक्ता ने आज इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि किसानों तथा युवकों को ड्रोन चलाने का नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि दसवीं पास युवक, जिसकी आयु 18 से 45 वर्ष होगी, सीएचसी या एफपीओ के सदस्य हैं, आवेदन के पात्र हैं। प्रवक्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खेती के कार्य में नए सुधारों से कृषि क्षेत्र में निवेश बढ़ेगा। किसानों को आधुनिक तकनीक मिलेगी, साथ ही उनके उत्पाद और आसानी से अंतरराष्ट्रीय बाजार में पहुंचेंगे। प्रवक्ता ने बताया कि लाभार्थियों का चयन संबंधित जिला उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय कार्यकारी समिति के माध्यम से निर्धारित चयन प्रक्रिया द्वारा किया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 19 फरवरी, 2024 है।

### किसानों के दिल्ली कूच को लेकर डीसी व एसपी ने किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

किसानों के 13 फरवरी को पंजाब से दिल्ली वाया अम्बाला में दिल्ली कूच को लेकर हरियाणा के डीजीपी शत्रुजीत कपूर ने शंभु बोर्ड, सद्दोपुर बोर्ड का निरीक्षण करते हुए यहां पर पुलिस प्रशासन द्वारा किए गये इंतजामों का जायजा लिया। इस मौके पर उनके साथ आईजी अम्बाला रेंज सिबास कविराज, पुलिस अधीक्षक जशनदीप सिंह रंधावा, उपायुक्त अम्बाला डा. शालीन विशेष तौर पर मौजूद रहे।

13 फरवरी को किसानों के दिल्ली कूच को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा शुरू से ही कड़े प्रबंध किए गये हैं। जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन हर गतिविधि पर नजर रखने के लिए रूपरेखा तैयार करते हुए उस पर कार्य भी कर रही है। बीते दो दिन पहले जहां से किसानों के आने की आशंका है, उन स्थानों को चिन्हित करते हुए कई स्थानों पर नाके लगाने बारे भी निर्देश दिए गये हैं।

# इग्नू ने 15 फरवरी तक बढ़ाई दाखिलों की तिथि

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) द्वारा ऑनलाइन लर्निंग और ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग एडमिशन के लिए साल में दो बार, पहला जनवरी सत्र और दूसरा जुलाई सत्र के लिए फार्म भरे जाते हैं। जनवरी 2024 सत्र की एडमिशन प्रक्रिया अभी जारी है। इग्नू द्वारा नए दाखिलों और जो विद्यार्थी पुनः पंजीकरण करवाना चाहते उनके लिए 15 फरवरी तक दाखिले की तिथि बढ़ा दिया गया है। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता ने आज इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि ऐसे विद्यार्थी जिनको मेरिट के चलते कॉलेज में एडमिशन नहीं मिला हो या किसी भी कारण से वो रेगुलर कॉलेज और विश्वविद्यालय में नहीं जा सकते तो ऐसे विद्यार्थी आसानी से इग्नू से पढ़ाई कर डिग्री हासिल कर सकते हैं। नौकरी पेशा वाले लोग भी आसानी से दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से अपनी उच्च शिक्षा जारी रख सकते हैं और इग्नू के किसी भी पाठ्यक्रम में एडमिशन ले सकते हैं। इग्नू से विभिन्न तरह के सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा, ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन पाठ्यक्रम में दाखिला ले सकते है। इग्नू के सभी पाठ्यक्रमों की सूची एवं जानकारी इग्नू की वेबसाइट इग्नू.एसी.इन पर उपलब्ध है।

# 'प्लस-प्लस ग्रेड मिलना कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इतिहास में सबसे बड़ी उपलब्धि'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/ काजल रानी**

हरियाणा के राज्यपाल एवं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के नाम एक और उपलब्धि जुड़ गई है। राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) की ओर से जो रेटिंग जारी की गई है, जिसमें कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को ए-प्लस-प्लस ग्रेड दिया गया है। इसी के साथ कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय देश के शीर्ष संस्थानों में शामिल हो गया है जो हरियाणा राज्य की 21 सरकारी विश्वविद्यालयों की सूची में पहला विश्वविद्यालय बना है जिसे नैक द्वारा ए-प्लस-प्लस ग्रेड प्रदान किया गया है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इतिहास में यह सबसे बड़ी उपलब्धि है। सात पहलुओं पर नैक टीम ने निरीक्षण किया था, जिसमें कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को



अधिकतर में अच्छे अंक मिले हैं। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय हरियाणा राजभवन चंडीगढ़ में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा व कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा से शिष्टाचार मुलाकात के दौरान कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को ए-प्लस-प्लस ग्रेड मिलने की बधाई देते हुए बोल रहे थे। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, एल्यूमनी व विद्यार्थियों को भी बधाई दी।

राज्यपाल ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने अकादमिक, शोध, अनुसंधान, सांस्कृतिक क्षेत्र, खेल, एवं विभिन्न उपलब्धियों के आधार पर हुए मूल्यांकन में बेहतर प्रदर्शन किया। विभागवार प्रगति रिपोर्ट, छात्रावास, प्रशासनिक कार्यालय, शैक्षणिक सुविधाएं, विश्वविद्यालय शिक्षा एनईपी-2020, अनुसंधान और नवाचार में बेहतर सुविधाएं विश्वविद्यालय की ओर से उपलब्ध कराई गईं। विश्वविद्यालय में देश व विदेशों के कोने-कोने से स्टूडेंट्स का प्रवेश, पेटेंट, एमओयू, उच्च स्तर की वैज्ञानिक प्रयोगशालाएं, दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र, पुस्तकालय,

**रेटिंग**

**8 कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय देश के शीर्ष संस्थानों में शामिल हो गया है: राज्यपाल बंडारू**

ऑयन बीम सेंटर, हेल्थ सेंटर, धरोहर हरियाणा संग्रहालय, रूसा, विश्वविद्यालय ऑडिटोरियम, वाटर हारवेस्टिंग सिस्टम, प्रत्येक मंगलवार को नो व्हीकल डे, ग्रीन कैम्पस व पर्यावरण को सुरक्षित रखने के पॉइंट्स ने नैक टीम को काफी प्रभावित किया जिसके आधार पर राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद द्वारा 13 से 15 सितंबर, 2023 को किए गए निरीक्षण के आधार पर कुवि को 3.56 के स्कोर से ए प्लस प्लस ग्रेड दिया गया है।

# एमएसपी के मुद्दे पर सुशील गुप्ता का खट्टर सरकार पर निशाना

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि एमएसपी के मुद्दे को लेकर किसानों के दिल्ली कूच को कुचलने की तैयारी खट्टर सरकार ने कर ली है। लोकतंत्र में शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने का अधिकार सभी को है। खट्टर सरकार की किसानों के ऊपर तानाशाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जब जब किसानों ने अपने हकों के लिए आवाज उठाई है, केंद्र सरकार और खट्टर सरकार ने लाठियों के दम पर किसानों की आवाज को दबाने का काम किया है। एक बार फिर खट्टर सरकार किसानों को कुचलने की तैयारी कर रही



है। किसान आंदोलन में भी हरियाणा सरकार ने किसानों को रोकने की पूरी कोशिश की थी, जिसमें सरकार विफल हुई थी। उन्होंने कहा कि देश का किसान एमएसपी की गारंटी को लेकर परेशान है। आज से तीन साल पहले लंबा आंदोलन चला जिसमें 750 से ज्यादा किसानों ने शहादत दी थी। प्रधानमंत्री मोदी ने किसानों से माफी मांगते हुए तीनों काले कानून

**निशाना बनाया**

**8 प्रधानमंत्री ने एमएसपी गारंटी कानून बनाने का वादा किया था उस वादे को याद दिलाने के लिए दिल्ली आना चाहते हैं**

वापस लिए थे और वादा किया था कि फसलों पर एमएसपी लागू करेंगे। लेकिन अभी तक सरकार ने अपना वादा पूरा नहीं किया। अब सरकार को वही वादा याद दिलाने के लिए देश का अन्नदाता दिल्ली आना चाहता है। उन्होंने कहा कि किसानों को रोकने के लिए हरियाणा सरकार सीमेंट की बैरिकेडिंग और कंटीली तार लगा रही है। पहले अंबाला पुलिस ने एक चेतावनी जारी करते हुए किसानों के प्रदर्शन में शामिल होने से मना किया और किसानों की प्रॉपर्टी व बैंक डिटेल मांगी।

किसानों को चेतावनी दी गई कि अगर प्रदर्शन में शामिल हुए तो नुकसान की रिकवरी किसानों के अकाउंट से की जाएगी एवं प्रॉपर्टी और बैंक अकाउंट सील कर दी जाएगी। अब कैथल पुलिस ने किसानों को चेतावनी दी है यदि प्रदर्शन में शामिल हुए तो आपका पासपोर्ट और आर्म लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा।

# विज ने अपने आवास पर सुनीं लोगों की समस्यायें

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने अंबाला स्थित अपने आवास पर प्रदेश के कोने-कोने से उमड़े सैकड़ों फरियादियों की समस्याओं को सुना। गृह मंत्री अनिल विज का जनता दरबार आजकल रद्द है, मगर इसके बावजूद प्रतिदिन उनके आवास पर फरियादी उमड़ रहे हैं।

विज ने जनता की सुनवाई करते हुए हत्या एवं अन्य मामलों की जांच के लिए छह अलग-अलग एसआईटी गठित करने के निर्देश दिए तथा कई मामलों में जांच सही तरीके से नहीं करने वाले आईओ (जांच अधिकारी) को भी बदलने के निर्देश दिए। कबूतरबाजी के भी कई मामलों की जांच उन्होंने एसआईटी को सौंपी। शनिवार सैकड़ों की संख्या में आए फरियादियों की समस्याओं का गृह मंत्री अनिल विज ने सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। महेंद्रगढ़ से आए फरियादी ने गृह मंत्री अनिल विज को बताया कि उसके भाई को आग लगाकर आरोपियों ने उसकी हत्या कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने अब तक सभी आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया है और जांच भी तेज नहीं हो रही है। गृह मंत्री ने एसपी, महेंद्रगढ़ को मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित कर जांच के निर्देश दिए। कैथल से आए परिवार ने गृह मंत्री अनिल विज को बताया कि उनकी बेटी की हत्या ससुराल पक्ष द्वारा सोनीपत में कर दी गई थी। मौत के बाद पुलिस ने उन्हें आश्वासन दिया था कि आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, मगर आज तक न मामला दर्ज किया गया और न ही किसी आरोपी को गिरफ्तार किया गया। गृह मंत्री अनिल विज ने सोनीपत पुलिस कमिश्नर को मामले में एसआईटी गठित कर जांच के निर्देश दिए।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा आम जनमानस के जीवन में ला रही सकारात्मक बदलाव

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**भारत** को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा आमजनमानस के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रही है। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के निदेर्शानुसार गांव और शहरों में कार्यक्रमों की संख्या बढ़ाई जा रही है और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में नागरिकों के बीच जागरूकता पैदा कर पात्र लाभार्थियों को शत प्रतिशत योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है। राज्य में अब तक 6714 ग्राम पंचायतों व वार्डों में कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें लगभग साढ़े 51 लाख लोगों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया। इनमें लगभग 21 लाख 60 हजार से अधिक महिलाएं शामिल हैं, जो यह दशार्ता है कि केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ लेने में महिलाएं भी पीछे नहीं है। मोदी की गारंटी की गाड़ी गांव-गांव व शहरों में जाकर लोगों को विकसित भारत की यात्रा में भागीदार बना रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लक्ष्य है कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है, इसी लक्ष्य को हासिल करने के लिए जन-जन को इस विकास यात्रा का हिस्सा बनाने के लिए उन्होंने समस्त भारत में 16 नवंबर, 2023 से विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू की थी। यह यात्रा हरियाणा में 30 नवंबर से शुरू हुई, जो कि गांव के हर वार्ड और शहर के हर मोहल्ले तक पहुंच रही है। यात्रा के दौरान आज तक हरियाणा सरकार की निरोगी हरियाणा योजना के तहत 4 लाख 63 हजार से अधिक लोगों का हेल्थ चेकअप किया गया। इतना ही नहीं, आयुष्मान-चिरायु योजना के तहत 1 लाख 43 हजार नये आवेदन प्राप्त हुए हैं। से ऐसे परिवारों के सदस्यों को रोजगार और स्व रोजगार के अवसरों से जोड़ने के लिए सेवा विभाग द्वारा लगाए कैंप में लोगों की काउंसलिंग की गई।

# फसल पर एमएसपी की गारंटी किसानों का अधिकार: अभय

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**इनेलो** के प्रधान महासचिव एवं ऐलनाबाद के विधायक अभय सिंह चौटाला ने किसान संगठनों द्वारा केंद्र सरकार द्वारा एमएसपी पर कानून बनाने, बिजली बिल वापिस लेने, भूमि अधिग्रहण बिल वापिस लेने, किसानों पर दर्ज मुकदमे वापिस लेने और शहीद किसानों को न्याय दिलाने जैसी मांगों को लेकर 13 फरवरी को दिल्ली कूच करने के फैसले का समर्थन करते हुए कहा कि किसान एमएसपी की खैरात नहीं मांग रहे बल्कि एमएसपी की गारंटी और एमएसपी पर कानून उनका अधिकार है। प्रधानमंत्री ने तीन काले कानून खत्म करते समय किसानों से यह वादा किया



था कि एमएसपी पर कानून बनाएंगे लेकिन उसके बाद एमएसपी का कानून बनाने पर चुप्पी साधी हुई है। अभय सिंह चौटाला ने कहा कि भाजपा सरकार बैरिकेट्स लगाकर किसानों का रास्ता रोक कर आम आदमी को परेशान करने की बजाय की बजाय अगर सही मायने में बेरिकेड्स लगाने हैं तो पंजाब सरकार के खिलाफ लगाएं जिन्होंने हरियाणा की जीवन रेखा एसवाईएल का पानी रोक रखा है। अभय सिंह चौटाला ने पूर्व प्रधानमंत्री चौ. चरण सिंह और डा. स्वामीनाथन को भारत रत्न देने का स्वागत किया और कहा कि भारत रत्न के साथ-साथ स्वामीनाथन द्वारा किसानों के लिए की गई सिफारिशों को भी लागू करे केंद्र सरकार। केंद्र की सरकार एमएसपी पर कानून बनाने का अपना वादा पूरा करे। उन्होंने कहा कि बाबू जगजीवन राम जो देश के पहले दलित उप-प्रधानमंत्री के अलावा श्रम एवं रेल मंत्री जैसे उच्च पदों पर रहे और जिनका संसदीय लोकतंत्र के विकास और दलितों के उत्थान में अमूल्य योगदान रहा उनको भी भारत रत्न देना चाहिए।

# बड़ी संख्या में विदेशी शिल्प के संरक्षकों को आकर्षित किया

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**पिछले** कुछ वर्षों से विदेशों से आए लोगों ने हमेशा ही आगंतुकों का ध्यान आकर्षित किया है और बड़ी संख्या में विदेशी शिल्प के संरक्षकों को आकर्षित किया है। हालाँकि इस वर्ष, पूर्वी अफ्रीकी देशों ने बड़ी संख्या में आकर भाग लिया और आगंतुकों को कुछ नया और रोमांचक अनुभव दिया। अपने विदेशी शिल्पों के साथ शामिल हुए और इन अफ्रीकी देशों के सांस्कृतिक प्रदर्शनों को देखा। अफ्रीका के कुछ देश जैसे बोत्सवाना, काबो वर्डे, कोमोरोस, एस्वातिनी, इथियोपिया, गाम्बिया, घाना, गिनी बिसाऊ, केन्या, मेडागास्कर, मलावी, माली, मोजाम्बिक, नामीबिया,



नाइजीरिया, साओ टोम प्रिंसिपे, सेनेगल, सेशेल्स, टोगो, युगांडा, जाम्बिया, जिम्बाब्वे, कांगो आदि ने एक ऐसा वातावरण बनाया है जो आगंतुकों को अफ्रीकी संस्कृति और लोकाचार में गहराई से ले जाता है।

सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेले के चल रहे 37वें संस्करण का भागीदार राष्ट्र होने के नाते तंजानिया अद्वितीय हस्तशिल्प लेकर आया है। तंजानिया के एक शिल्पकार ग्रेस मिहिगो ने तंजानिया के प्रदर्शन पर मौजूद शिल्पों के बारे में विस्तार से बात की। वह बताती हैं कि आगंतुक हमारे अफ्रीकी राष्ट्र के रंगों को पसंद कर रहे हैं और हमारे कपास से बने तंजानियाई पारंपरिक कपड़े, चमड़े के बैग, सहायक उपकरण और हाथ से बनी पेंटिंग खरीद रहे हैं जो हमारी पारंपरिक कला को दशार्ती हैं। आगंतुक विशेष रूप से हाथ से बनी सूती शर्ट को पसंद कर रहे हैं जो निश्चित रूप से इस गर्मी में एक स्टाइल स्टेटमेंट होगी। विभिन्न प्रकार के अफ्रीकी मेवे भी खरीदारों को पसंद आ रहे हैं क्योंकि उन्हें सूखे मेवों की बिल्कुल नई किस्म का स्वाद मिल रहा है। टोगो की नासिबा पिलिस्यूर भी अपने देश से बेहद रचनात्मक मनके के आभूषण लेकर आई हैं। आभूषण आमतौर पर अफ्रीकी होते हैं और स्थानीय डिजाइनों से भिन्न होते हैं। सिर्फ ज्वेलरी ही नहीं बल्कि हाथ से बनी सूती ड्रेस शर्ट और कोट भी सभी को पसंद आ रहे हैं। मेडागास्कर ने जूट उत्पादों की एक आकर्षक श्रृंखला के साथ भाग लिया है। रसोअनारिसोआ एगोरीन अपने स्टॉल पर जूट उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पेश कर रही है। अपने उत्पादों के बारे में विस्तार से बोलते हुए उन्होंने कहा कि ह्यकैसे जूट को आधुनिक निर्माण में भी लागू किया जा सकता है और साथ ही सदियों पुरानी पारंपरिक हस्तनिर्मित कला तकनीकों को भी लागू किया जा सकता है।

# 16 ओडीआर सड़कों के सुधार को दी स्वीकृति: मंत्री कंवरपाल

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के स्कूल शिक्षा मंत्री कंवर पाल ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने यमुनानगर जिले में 16 ओडीआर सड़कों की विशेष मरम्मत और सुधार के लिए प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस प्रोजेक्ट पर 24.02 करोड़ रुपये से ज्यादा की लागत आएगी। ये सड़कें ग्रामीण क्षेत्रों के उत्पादों को बाजार केंद्रों, तहसील मुख्यालयों, ब्लॉक विकास मुख्यालयों, रेलवे स्टेशनों आदि तक पहुंच प्रदान करेंगी। इन सडकों को अन्य जिला सड़कों (ओडीआर) के नाम से जाना जाता है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के तहत विशेष मरम्मत में यमुनानगर जिले में 0.360 किलोमीटर तक गांव कैथ व कलानौर से फतेहपुर तक का चौड़ीकरण और सुद्दढ़ीकरण किया जाएगा जिसकी अनुमानित लागत 24.56 लाख रुपए होगी। इसी प्रकार गांव बाडी माजरा से एच.बी. तीर्थ नगर तक की अनुमानित लागत 29.91 लाख रुपए, ग्राम कैथ व कलानौर रोड़ से इस्सरपुर तक अनुमानित लागत 64.11 लाख रुपए, यमुनानगर जिले में ग्राम शादीपुर व जयपुर से पांजुपुर रोड़ की अनुमानित लागत 14.11 लाख रुपए, ग्राम पांसरा व शहजादपुर रोड़ से एच.बी. साबेपुर की लागत 27.16 लाख रुपए, गांव पांसरा व शहजादपुर रोड़ से मेहर माजरा तक की अनुमानित लागत 34.19 लाख रुपए, ग्राम बुड़िया, खदरी व देवधर से ग्राम फतेहगढ़ तक सडक की अनुमानित लागत 46.64 लाख रुपए, गांव बधी माजरा से गधौली माजरी तक सडक की अनुमानित लागत 29.29 लाख रुपए, गांव जगाधरी, छछरौली व पौंटा रोड़ से बलाचौर रोड़ की अनुमानित लागत 51.20 लाख रुपए तथा ग्राम कैथ व कलानौर से परवालो सडक पर अनुमानित लागत 31.77 लाख रुपए आएगी।

## न्यूज़ फ्लैश

### हर हर महादेव और जय श्रीराम के जयकारों से भक्तिमय हुआ वातावरण



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** शनिवार को भगवान शिव की प्रभातफेरी न्यायपुरी और सेक्टर-12 में पहुंची जहां हर हर महादेव और जय श्रीराम के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर ढोल की थाप पर झूमते हुए श्रद्धालु पालकी के साथ-साथ चले। आज भी जगह-जगह पालकी का पुष्पवर्षा से स्वागत हुआ। श्रद्धालुओं ने अपने परिवार सहित महादेव का आशीर्वाद लिया। न्यायपुरी में गोल्डी मोगा के निवास से प्रभातफेरी आरंभ हुई। इसके बाद कई स्थानों का भ्रमण करते हुए सेक्टर-12 पहुंची जहां प्रवीन वधवा के निवास पर प्रभातफेरी ने विश्राम लिया। मंच के प्रधान सतपाल मनोचा ने बताया कि महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में शिव प्रभातफेरी की ओर से यह प्रभातफेरियां निकाली जा रही हैं, जो महाशिवरात्रि तक चलेंगी। प्रतिदिन सुबह प्रभु का गुणगान किया जाता है। इस अवसर पर राजू चुघ, प्रमोद नागपाल, अनिल छाबड़ा, वीना सेठ, योगेश, राजेश चुघ, अशोक सरदाना सहित काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

### डोडा पोस्त नशीले पदार्थ को उपलब्ध कराने वाला काबू

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस।** स्पेशल स्टाफ असंध की टीम ने डोडा पोस्त उपलब्ध कराने वाले आरोपी सुनील पुत्र धर्मपाल वासी भिरानी जिला हनुमानगढ़ राजस्थान को एनडीपीएस एक्ट की धारा 29 के तहत मलिकपुर रोड बाई पास असंध से गिरफ्तार किया गया।



आरोपी से पूछताछ में पाया गया कि वह जल्दी पैसे कमाने के लिए डोडा पोस्त सप्लाई करने का काम करता है। आरोपी के खिलाफ पहले भी एनडीपीएस एक्ट के तहत एक मुकदमा दर्ज है। आरोपी को आज न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत भेज दिया गया है।

इस मामले में एएसआई रामनिवास की अध्यक्षता में टीम ने 17 फरवरी को बस स्टैंड काछवा से आरोपी प्रिंस पुत्र अवतार सिंह और रजत पुत्र लखविंद्र सिंह वासियान राय फॉर्म काछवा करनाल को कार मार्का हुंडई वर्ना और नशीले पदार्थ सहित काबू कर गिरफ्तार किया गया था। आरोपियों के कब्जे से गाड़ी से कट्टे से 20 किलो 790 ग्राम डोडा पोस्त बरामद की गई थी। इस संबंध में नामजद आरोपियों के खिलाफ थाना सदर करनाल में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

पुलिस पूछताछ में पाया गया था कि दोनों आरोपी पिछले लंबे समय से डोडा पोस्त खरीद बेच का काम कर रहे है। जिन्होंने बताया था कि वे राजस्थान से डोडा पोस्त कम दाम में लेकर आते है और यहां लाकर ऊंची कीमत में नशा करने वालो को बेचकर पैसे कमाते है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया था।

# 'तालाब हमारी प्राचीन धरोहर और इसे सहेजकर रखना हमारा नैतिक दायित्व'

## तालाब की सफाई का काम जल्द शुरू करवाएं, ताकि जलभराव से ग्रामीणों को कोई परेशानी न हो

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस।** जिले के गांव गढ़ी बीरबल के ओवरफ्लो तालाब का निरीक्षण करते हुए तालाब व अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य तेजिन्द्र सिंह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि उक्त तालाब की सफाई का काम जल्द शुरू करवाएं, ताकि जलभराव से ग्रामीणों को कोई परेशानी न हो।

तेजिन्द्र सिंह तेजी ब्लॉक समिति इन्द्री के वाइस चेयरमैन सुमित मंढान के साथ ग्रामीणों की मांग पर तालाब का निरीक्षण करने पहुंचे। मौके पर



मौजूद सरपंच प्रतिनिधी प्रिंस मंढान, जेई पंचायती राज कृष्ण कुमार व ठेकेदार बलजीत सिंह ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया की जल्द ही तालाब पर काम शुरू कर देगेंएअभी तालाब पर जल निकासी हो रही है।

उन्होंने बताया कि सरकार अमृत सरोवर योजना के अन्तर्गत गांवों में तालाबों की दशा सुधारने का महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। प्रदेश के तालाबों को उनके वास्तविक स्वरूप में विकसित किया जा रहा है, जिसमें घरों से निकलने वाले ग्रे वाटर को वैंटलैंड तकनीक या सींचे वाला तकनीक से उपचारित कर तालाब में इक्ा किया जाएगा, जिसका उपयोग मछली पालन के साथ-साथ सिंचाई में भी किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इस तालाब के चारों ओर औषधीय, छायादार व फलदार पौधे लगाने के साथ-साथ लोगों के घूमने के लिए ट्रक बनाया जाता है।

तेजी ने बताया कि प्रदेश के प्रायः मृत पड़े तालाबों के जीर्णोद्धार के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा तालाब प्राधिकरण का गठन किया, जिसके तहत प्रदेश के लगभग साढ़े 18 हजार तालाबों का जीर्णोद्धार किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों एवं पंच-सरपंचों सहित अन्य ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने गांवों के तालाबों के आसपास साफ सफाई का उचित प्रबंध रखें, ताकि तालाबों के पानी को गन्दा होने से बचाया जा सकें और इसके साथ-साथ तालाबों की सुन्दरता भी बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि तालाब हमारी प्राचीन धरोहर है और हमारी संस्कृति का प्रतीक भी माना गया है, इसलिए इसकी देखभाल करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी बनती है।

## सूर्य नमस्कार बनाता है शरीर को मजबूत : विपिन ग्रोवर



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** घरौंडा ब्लॉक के शाहजहांपुर गांव के सरकारी प्राइमरी स्कूल में विपिन ग्रोवर व सुमन संधू योग सहायक ने बच्चों को बताया कि सूर्य नमस्कार एक बेहतरीन कार्डियोवस्कुलर वर्कआउट होने के अलावा, सूर्य नमस्कार शरीर और दिमाग पर बेहद सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए भी जाना जाता है। सूर्य नमस्कार चरणों का अभ्यास सुबह खाली पेट सूर्य की तरफ मुख करके करना सबसे अच्छा है। उन्होंने बताया कि सूर्य नमस्कार 12 योग मुद्राओं से बना हुआ है। आप सूर्य नमस्कार का अभ्यास कैसे करें, इसके कई संस्करण मिल सकते हैं। हालाकि, सलाह दी जाती है कि एक विशेष संस्करण पर कायम रहें और सर्वोत्तम परिणामों के लिए इसका नियमित अभ्यास करें। सूर्य नमस्कार के अनेक फायदे है। इनमें हृदय स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करता है, तंत्रिका तंत्र को उत्तेजित करता है।

## मेघा भंडारी ने किया नवनिर्मित योग शेड का शुभारंभ



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** तिकोना पार्क सेक्टर-6 करनाल में नवनिर्मित योग शेड का शुभ मुहूर्त एवं मेरा मिशन स्वस्थ भारत टीम द्वारा योग कक्षा का शुभारंभ पार्षद मेघा भंडारी की अध्यक्षता में किया गया। मेघा भंडारी ने मेरा मिशन स्वस्थ भारत की टीम की सराहना करते हुए कहा की योग्य क्षेत्र में जो अभूतपूर्व कार्य कर रहे हैं, उनके लिए वे बधाई के पात्र है और लगातार 20 वर्षों से लोगों को स्वस्थ और जागरूक कर रहे हैं। योग कक्षा की शुरआत मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी ने सूक्ष्म व्यायाम के साथ की। सेक्टर 6 टीम के योग शिक्षक देवेश भाटिया ने योग आसन का अभ्यास कराया। योग शिक्षको भूपिंद्र अरोड़ा, रीटा अरोड़ा एवम ममता धवन ने भी साधकों को योगाभ्यास करवाया। उन्होंने बताया कि पिछले कई वर्षो से मिशन के योग शिक्षक देवेश भाटिया तिकोना पार्क में योग करवा रहे है। इस अवसर पर मिशन की शिक्षिका वीना सेठ और बरखा जिंदल ने दुप्पटा ओढ़ा कर पार्षद मेघा भंडारी का आभार व्यक्त किया।

## सेना में भर्ती के लिए पंजीकरण 13 फरवरी से 22 मार्च तक

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस**

आर्मी भर्ती कार्यालय (मुख्यालय) अंबाला कैंट के आर्मी अधिकारी कर्नल भगवान सिंह बिष्ट ने बताया कि भारत सरकार कि अग्निवीर योजना के तहत हरियाणा के 6 जिलों अम्बाला, कैथल, करनाल, कुरूक्षेत्र, यमुनानगर, पंचकूला और केन्द्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के पुरूष अभ्यार्थियों तथा दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल एवं चंडीगढ़ की महिला अभ्यार्थियों के लिए पंजीकरण 13 फरवरी से 22 मार्च तक होगा।

योग्य लाभार्थी वैबसाईट पर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि यह रैली अग्निवीर (सामान्य कत्तव्य), अग्निवीर (तकनीकी), अग्निवीर (लिपिक/स्टोर कीपर तकनीकी) और अग्निवीर (ट्रेडमैन) तथा महिला वर्ग में (महिला मिलिट्री पुलिस) के लिए आयोजित की जाएगी।

## एसीबी ने साढ़े 10 लाख की रिश्वत लेने पर जीएसटी सुपरिटेंडेंट और सीए को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस।** जीएसटी सुपरिटेंडेंट और सीए को एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने साढ़े 10 लाख की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। दोनों ने उद्योगपति से जीएसटी जुमार्ना दबाने के लिए 12 लाख रुपए रिश्वत की मांग की थी। सीए पंकज खुराना के पास से टीम ने 7 लाख रुपए और केंद्रीय जीएसटी पानीपत ऑफिस में तैनात सुपरिटेंडेंट प्रेमराज मीना की कार से 3.5 लाख रुपए बरामद किए हैं। दोनों को एसीबी ने केस दर्ज करने के बाद बीती शाम गिरफ्तार किया।




करनाल में तैनात एसीबी के इंस्पेक्टर सचिन ने बताया कि दोनों के खिलाफ करनाल एसीबी ऑफिस में केस दर्ज किया गया है। इनके खिलाफ 6 नंबर की एफआइआर में पीसी एक्ट की धारा-7, 7ए और भारतीय दंड संहिता की धारा-120बी, 384 के तहत कार्रवाई की गई है।

इंस्पेक्टर सचिन बताया कि पानीपत के उद्योगपति ने उन्हें शिकायत दी है। शिकायत में बताया था कि जीएसटी सुपरिटेंडेंट और सीए उससे जीएसटी जुर्माना दबाने के लिए रिश्वत मांग रहे हैं। इसके लिए वह उसे लगातार परेशान कर रहे हैं।

## एसपी ने अपराधों की समीक्षा व कानून एवं व्यवस्था के मद्देनजर आयोजित की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** जिला पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में एक बैठक आयोजित की गई। यह बैठक जिले में घटित अपराधों की समीक्षा व कानून एवं व्यवस्था के मद्देनजर आयोजित की गई। इस बैठक के माध्यम से पुलिस अधीक्षक ने जिले में घटित होने वाले विभिन्न प्रवृत्ति के अपराधों की रोकथाम के बारे में विस्तृत चर्चा की। साथ ही इस अपराध समीक्षा बैठक में पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के तमाम पर्यवेक्षण अधिकारी, थाना प्रबंधक, पुलिस चौकी इंचार्ज व स्पेशल यूनिट इंचार्ज को जिला करनाल में अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए उचित व प्रभावी कदम उठाने के सख्त निर्देश दिए गए।



पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए कि जिले में किसी भी प्रवृत्ति का अपराध घटित होने से रोका जाए। अपराध घटित होने की स्थिति में उसे जल्द से जल्द सुलझा कर पीडित व्यक्ति को उचित न्याय दिलाया जाए। पीडित व्यक्ति की शिकायत को ध्यान पूर्वक सुनकर व पढकर नियमानुसार त्वरित व प्रभावी कार्यवाही निर्धारित समय में करने के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने थाना प्रबंधकों को अपने एरिया में पुलिस की दृश्यता बढ़ाने और रात्रि में ज्यादा से ज्यादा पुलिस गश्त करने के निर्देश दिए गए।

एसपी द्वारा लंबे समय से पेंडिंग चल रहे मुकदमों का कारण जाना गया और जल्द से जल्द निपटारा करने के सख्त निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी थाना प्रबंधकए इंचार्ज से उनकी समस्याओं के बारे में भी जाना गया और कुछ समस्याओं का निपटारा मौके पर ही किया तथा शेष समस्याओं के निपटारे के लिए संबंधित को निर्देश दिए। सभी थाना, चौंकी और स्पेशल स्टाफ इंचार्ज को साफ. सफाई और खाने पीने आदि सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए । उन्होंने पुलिसकर्मियों को नवीनतम प्रशिक्षण करवाने, अनुसंधान की गुणवत्ता बढ़ाने और मुकदमे में अच्छी पैरवी कर सजा दर बढ़ाने के लिए भी निर्देश दिए। सभी थाना प्रबंधकों को ग्राम प्रहरी से उनके एरिया में नशा करने, नशा बेचने, गुंडागर्दी और छेड़छाड़ करने वालों को चिन्हित करके उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने ऐसी पुलिस कार्यवाही करने के निर्देश दिए, ताकि जिला में अपराधियों में पुलिस के प्रति डर हो और आमजन सहज और सुरक्षित महसूस करे। उन्होंने सभी थाना प्रभारी को अपने एरिया के बैंक्वेट हॉल, रिजॉर्ट आदि में होने वाली शादी, पार्टियों में रात 10 बजे के बाद डीजे बजाने पर पूर्णतया रोक लगाने के निर्देश दिए और यातायात नियमों की पालना दृढ़ता से करवाने के निर्देश दिए गए।

**समीक्षा बैठक**

**8 रात 10 बजे के बाद डीजे बजाने पर पूर्णतया रोक लगाने के निर्देश दिए और यातायात नियमों की पालना दृढ़ता से करवाएं**

## जन कल्याणकारी योजनाओं का आम जनता को मिल रहा है लाभ : हरविन्द्र कल्याण



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** विधायक हरविन्द्र कल्याण ने केंद्र और राज्य सरकार की जन कल्याणकारी की जन कल्याणाकारी योजनाओं का आम जनता को लाभ मिल रहा है। सरकार गरीब एवं जरूरतमंद व्यक्ति को घर बैठे पारदर्शिता के साथ योजनाओं का फायदा दे रही है और आज बिना खर्ची और बिना पर्ची के सरकार योग्यता के आधार पर युवाओं को सरकारी नौकरी दे रही है। उन्होंने कहा कि आज भारत की विकसित राष्ट्रों से तुलना की जाती है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत के महाशक्ति के रूप में उभर रहा है। आने वाले 3-4 वर्षों में भारत विश्व की तीसरी महाशक्ति के रूप में सामने आएगा। उन्होंने कहा कि गांव चलो अभियान के तहत कार्यकर्ता ग्रामीणों को सरकार के 10 वर्षों में गरीब,किसान कल्याण, महिला सशक्तीकरण आदि योजनाओं के बारे में अवगत करा रहे है।

विधायक ने कहा कि इस अभियान के जरिए जहां एक तरफ सरकार के काम को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है तो वहीं दूसरी तरफ समाज के अंतिम व्यक्ति की बात को सरकार तक भी पहुंचाना है।

## भाजपा युवा नेता पुनीत राई अभिनंदन प्रस्तावना कमेटी के जिला संयोजक नियुक्त

**टीम एक्शन इंडिया/राई**

भाजपा के जिला उपाध्यक्ष एवं निगम पार्षद पुनीत राई को अभिनंदन प्रस्तावना कमेटी का जिला संयोजक नियुक्त करने पर भाजपा कार्यालय में स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वागत कार्यक्रम में भाजपा के जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा, भाजपा युवा नेता निशांत छौक्कर आदि ने बूका देकर स्वागत किया। अभिनंदन प्रस्तावना कमेटी के नवनियुक्त जिला संयोजक पुनीत



राई ने कहा कि उन्हें पार्टी द्वारा जो जिम्मेदारी सौंपी गई है। उसका वे ईमानदारी से निवर्हन करते हुए पार्टी की नीतियों के प्रचार करेंगे। पार्टी से युवाओं को जोड़ने का अभियान चलाएंगे।

## शाखा ने लगाया नि:शुल्क हीमोग्लोबिन जांच शिविर

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस**

भारत विकास परिषद की श्री राधा कृष्ण शाखा की ओर से टैगोर वेलफेयर एसोसिएशन के पार्क नंबर 4 में राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में निशुल्क हीमोग्लोबिन जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें एसोसिएशन की 60 महिलाओं को लाभ मिला।

शिविर की अध्यक्षता करते हुए शाखा की अध्यक्ष प्रियंका काठपाल ने बताया कि भारत कोकिला सरोजिनी नायडू की जयंती को राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। इसी उपलक्ष्य में



यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। वे स्वतंत्र भारत की पहली महिला राज्यपाल भी रही हैं। महिला परिवार की रीढ़ हैं। महिला स्वस्थ तो परिवार स्वस्थ के उद्देश्य से इस जांच शिविर का प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत भारत विकास परिषद के जिला सह समन्वयक अशोक महेंद्रू और एसोसिएशन के अध्यक्ष परमजीत सिंह उप्पल, भाजपा महिला मोर्चा की निवर्तमान महामंत्री नीरू सैनी के स्वागत, अभिनंदन के साथ की गई। शाखा के सचिव प्रमोद नागपाल ने अशोक महेंद्रू और कृष्ण लाल काठपाल ने परमजीत उप्पल तथा वीना खुराना व सुशीला काठपाल ने नीरू सैनी को अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। इसके पश्चात अनीता बंसल की रक्त जाँच के साथ शिविर का शुभारंभ किया गया। क्रमानुसार आशा रानी, रोशनी, प्रगति के साथ 60 महिलाओं ने रक्त जांच करवाया। शिविर में शाखा की महिला संयोगिका अनीता सिंह ने महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य परामर्श दिए। प्रकल्प में भाविप की जिला महिला संयोजिका हर्षिता सुखीजा भी शामिल हुई।

## पुलिस टुकडियों ने आपात स्थिति से निपटने व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए किया अभ्यास

### एसपी ने संभावित किसान आंदोलन को लेकर पुलिस टुकडियों को दिए उचित दिशा-निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस**

पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत सिंह कपूर के आदेशानुसार एवम पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के निदेर्शानुसार जिला करनाल में आपात स्थिति से निपटने, कानून व्यवस्था बनाए रखने एवम अपराधों की रोकथाम के लिए तुरन्त कार्यवाही करने हेतू एल्फा, ब्रावो, चार्ली व डेल्टा नाम से विशेष 4 कम्पनियों का गठन किया गया है और प्रत्येक कम्पनी में करीब सौ जवानों को नियुक्त किया गया है। गठित की गई कम्पनियों में नियुक्त किए गए सभी जवानों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सभी कंपनियां डीएसपी रैंक के अधिकारी




के अंतर्गत विशेष अभ्यास कर रही हैं। संभावित किसान आंदोलन को देखते हुए पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन की देख-रेख में आज पुलिस लाईन में जवानों को एन्टी रायेंट गन व बड बुलेट के फायर करवाये व टीयर गैस टीम को विशेष परीक्षण देकर सार्ट रेंज व लोंग रेंज सैल से अभ्यास कराया गया और दंगा रोधक उपकरणों से ड्रील करवाई गई। इस विशेष अभ्यास मे ड्रोन कैमरों को भी शामिल किया गया। आज के प्रशिक्षण में स्वेट टीम, कमांडो, वज्रा, वाटर कैनन, टीयर गैस टीम, एल्फा, ब्रावो, चार्ली व डेल्टा नामक विशेष 4 कम्पनियों के पुलिसकर्मियों ने भाग लिया व इस प्रशिक्षण के दौरान पुलिस कर्मचारियों ने गैस गन फायर, टीयर गैस फायर, स्टैनसैल फायर, एन्टी रायेंट गन फायर, रबर बुलेट फायर किए व वज्रा, वाटर कैनन को भी प्रशिक्षण के दौरान शामिल किया गया। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने बताया कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य आपात स्थिति में जान-माल की सुरक्षा करना, कानून एवम व्यवस्था बनाए रखने के लिए उचित कार्यवाही करते हुए अराजकता फैलाने, कानून एवम व्यवस्था बिगाडने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही कर

**अभ्यास**

**8 रोकथाम के लिए तुरन्त कार्यवाही करने हेतू एल्फा, ब्रावो, चार्ली व डेल्टा नाम से विशेष 4 कम्पनियों का गठन किया**

जिले में कानून एवम व्यवस्था बनाए रखने के लिए और समय रहते किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए तुरन्त कार्यवाही कर उसे रोकना है।

उन्होंने कहा कि संभावित किसान आंदोलन के दौरान जिला करनाल में कानून व्यवस्था को बिगडने नहीं दिया जाएगा। जिला पुलिस द्वारा

## योजनाओं का लाभ लेने के लिए किया प्रेरित

**लाभार्थी**

**8 इस अवसर पर सभी लाभार्थियों ने भाजपा मोदी मनोहर सरकार कि जमकर प्रशंसा की**

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस।**

**गांव चलो** अभियान के तहत वार्ड नंबर-10 व 11 में लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और लोगों का योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया।

संयोजक भाजपा रामनगर मंडल महामंत्री प्रमोद नागपाल एवं काछवा



सरपंच प्रतिनिधि दीपक कुमार की ओर से डोर टू डोर सार्वजनिक स्थानों, सरकारी स्कूल व मिड-डे मील का खाना चैक करके आंगनबाड़ी व लाभार्थियों के घर-घर जाकर सम्पर्क किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में बिना खर्ची पर्ची कि नौकरियां दी जा रही हैं। भाजपा हर वर्ग को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। सरकार ने वर्ग को ध्यान में रखकर अनेकों योजनाएं लागू की हैं, जिससे वर्ग को पूरा लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में हर वर्ग का ख्याल रखा जा रहा है और देश व प्रदेश में समान विकास हो रहा है। जनता तीसरी बार भी देश व प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने को तैयार है। इस अवसर पर सभी लाभार्थियों ने भाजपा मोदी मनोहर सरकार कि जमकर प्रशंसा की।

# संपादकीय

## आओ वसंत...लहको, महको और महकाओ दिग्दिगंत

**ऋतुराज वसंत आ गए।** सुस्वागतम! आओ वसंत। लहको, महको, महकाओ। दिग्दिगंत। भारतीय सौन्दर्यबोध के ऋतुराज को नमस्कार है। प्रकृति आपकी प्रियतमा है। वह अधीर प्रतीक्षा में थी। प्रकृति ने अपने अरूण तरूण अंग खोले। रूप रूप प्रतिरूप और बहुरूप सौन्दर्य चरम परम होते गये। अपना सारा रूप रस गंध उड़ेल दिया उसने। कलियां चटकीं, फूल खिले। वायु गंध आपूरित हैं। अनेक छन्दों में स्तुतियां है। ऋग्वेद का प्रख्यात छन्द गायत्री और साम का ह्यवृहत्सामह्ल। श्रीकृष्ण ने अर्जुन को इन्हीं दोनो छन्दों में अपनी व्याप्ति बताई थी और अंत में कहा था-ऋतुओं में मैं वसंत हूं। प्रकृति वसंत की अगवानी में पुलकित है। अपनी वीणा के तार छेड़ चुकी है। प्रकृति का सृजन मधुमय और रसमय है। सोम ओम की प्राकृतिक मस्ती है। रस रस प्रीति। रस घनत्व से धरती अंतरिक्ष आच्छादित हैं। लेकिन भारत के कुछ लोग विदेशी वेलेन्टाइनी शीर्षासन में हैं। वे ऋतुराज और प्रकृति का प्रेम रस छोड़कर विदेशी वेलेन्टाइनी मुद्रा में हैं। श्लील अश्लील हो रहा है। वसंत उनके लिए बस-अंत है। वसंत बौद्धिक समस्या भी है। प्रश्न है कि विश्व मानवता से वसंत का प्रथम परिचय कब हुआ? प्रकृति के हरेक जीव को मदमस्त करने वाले ऋतुराज कब पहचाने गये? ऋग्वेद विश्व का प्राचीनतम अभिलेख है। यहां सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड को पुरुष रूप में कल्पित किया गया हैझारों सिर और हजारों पैरों वाला यह पुरुष मजेदार है। यह पुरुष समय का अतिक्रमण करता है। ऋषि के अनुसार जो हो चुका है और जो होगा वह सब पुरुष ही है। इसके एक भाग में यह विश्व है शेष तीन भाग अनंत दिव्यलोक हैं। यह ब्रह्माण्ड से भी विराट है।" सृष्टि सृजन एक पवित्र यज्ञ है। इसी सूक्त में कहते हैं "सृजन यज्ञ में यही पुरुष हवि (अग्नि में अर्पित सामग्री) बना और वसंत बना घृत-वसन्तो अस्यासी दाज्यं।" वसंत ऋग्वेद में है। इतना तय है कि वसंत ऋग्वेद के पुरुष सूक्त से प्राचीन है। पुरुष गहन दार्शनिक अनुभूति है। भारत की वसंत अनुभूति अतिपुरातन है। इसका मुख्य कारण है-प्रकृति के प्रति हमारे पूर्वजों की गहन प्रीति। इस प्रीति का कारण रूपों को ध्यान से देखने की द्रष्टा प्रवृत्ति है। द्रष्टाभाव से उगे सौन्दर्यबोध का चरम परम वसंत है। प्रकृति के रूप रम्य हैं। भारतीय द्रष्टा भाव और भी रम्य है। ऋग्वेद के ऋषि को वसंत सृजन यज्ञ कार्य में घी जैसा जान पड़ता है। वसंत भावोत्तेजक है। घी वैदिक ऋषियों का प्रिय रस है। रस का सम्बंध स्वाद से है। जिह्वा रस लेती है इसीलिए वह रसना है। ऋषियों के भावबोध में अग्नि घृत प्रिय हैं। अग्नि की अन्य अनेक विशेषताएं भी हैं। सबसे मजेदार बात है कि वे कवि भी हैं और उनकी जीभ मधुमती है। ऋषि स्वयं कवि हैं स्वाभाविक ही उनके प्रिय देवता भी कवि हैं। प्रकृति को देखने के लिए गीता वाले दिव्य चक्षु की जरूरत नहीं पड़ती। कृष्ण ने अर्जुन को विराट रूप दिखाने के पहले दिव्य चक्षु दिए थे। प्रकृति और हम अंगांगी हैं। हम प्रकृति में हैं, प्रकृति के हैं और प्रकृति हम में हैं। हम सब मधुप्रिय हैं। ऋषि भी मधुप्रिय हैं। वे प्रकृति के सभी रूपों को मधुमय देखने के अभिलाषी हैं। बार-बार गुनगुनाने लायक एक मंत्र (ऋ0 1.90) में कहते हैं "हवाएं मधु आपूरित हों। प्रकृति चक्र मधुमय हो। नदियों के जल मधुमय हों। औषधियां, वनस्पतियां मधुर हों। पृथ्वी की धूलि और सूर्य की किरणें भी मधुर हों।" वसंत मधु अनुभूति का दर्शन दिग्दर्शन है।

# भारत में हरित क्रांति के अगुआ थे स्वामीनाथन !



सुनील कुमार महला

> हरित क्रांति के अन्य उद्देश्यों में क्रमश: फसलों का वैज्ञानिक अध्ययन करना,कृषि और औद्योगिक दोनों क्षेत्र के श्रमिकों को रोजगार प्रदान करना तथा कृषि का वैश्वीकरण करना शामिल था। इतना ही नहीं यह हरित क्रांति ही थी जिसके कारण से भारत में कृषि भूमि में विस्तार संभव हुआ। हरित क्रांति के कारण ही वर्ष में एक के बजाय दो फसल जिसे दोहरी फसल प्रणाली के नाम से भी जाना जाता है, प्राप्त करने का निर्णय लिया गया। इससे पहले भारत में वर्ष में केवल एक ही फसल ली जाती थी। हरित क्रांति के कारण ही भारत में विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं, बांधों का निर्माण करने के साथ ही अन्य सिंचाई तकनीकों का विकास भारत में प्रारंभ हुआ।

**हाल ही** में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9 फरवरी को यह घोषणा की है कि भारत में 'हरित क्रांति' के जनक माने जाने वाले दिवंगत कृषि वैज्ञानिक एम.एस.स्वामीनाथन (पूरा नाम मनकोम्बु संबासिवन स्वामीनाथन) को भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा। जानकारी देना चाहूंगा कि पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एमएस स्वामीनाथन के साथ एक तस्वीर शेयर करते हुए यह बात कही है। सच तो यह है कि स्वामीनाथन कृषि क्षेत्र में भारत का गौरव थे। सच तो यह है कि स्वामीनाथन को "भारत में हरित क्रांति का अगुआ" माना जाता है। वास्तव में यह बेहद खुशी की बात होने के साथ ही हम सबके लिए अत्यंत ही गौरव की बात है कि भारत सरकार देश में कृषि और किसानों के कल्याण में उनके बहुत ही उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न से सम्मानित कर रही है। यह बहुत ही रूचिकर है कि द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान 1943 में बंगाल में भीषण अकाल पड़ा था, जिसने स्वामीनाथन को झकझोर कर रख दिया था और इसे देखते हुए ही उन्होंने वर्ष 1944 में मद्रास एग्रीकल्चरल कॉलेज से कृषि विज्ञान में बैचलर ऑफ साइंस की डिग्री हासिल की। उल्लेखनीय है कि 1947 में वे आनुवंशिकी और पादप प्रजनन की पढ़ाई करने के लिए दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) आ गए। उन्होंने 1949 में साइटोजेनेटिक्स में स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त की। उन्होंने अपना शोध आलू पर किया था। पाठकों को यहां यह जानकारी भी देना चाहूंगा कि स्वामीनाथन सिविल सेवा की परीक्षा में भी शामिल हुए और भारतीय पुलिस सेवा में उनका चयन भी हुआ। उसी दौरान नीदरलैंड में आनुवंशिकी में यूनेस्को फेलोशिप के रूप में कृषि क्षेत्र में एक मौका मिला। स्वामीनाथन ने पुलिस सेवा को छोड़कर नीदरलैंड जाना सही समझा। 1954 में वह भारत आ गए और यहीं कृषि के लिए काम करना शुरू कर दिया। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि आनुवांशिक-विज्ञानी स्वामीनाथन ने वर्ष 1966 में मैक्सिको के बीजों को पंजाब की घरेलू किस्मों के साथ मिश्रित करके उच्च उत्पादकता वाले गेहूं के संकर बीज विकिसित किए। उन्हें विज्ञान एवं अभियांत्रिकी के क्षेत्र में भारत सरकार द्वारा सन 1972 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। इतना ही नहीं एम. एस. स्वामीनाथन को 'विज्ञान एवं अभियांत्रिकी' के क्षेत्र में 'भारत सरकार' द्वारा सन 1967 में 'पद्म श्री' और 1989 में 'पद्म विभूषण' से भी सम्मानित किया गया था। गौरतलब है कि उन्होंने चुनौतीपूर्ण समय के दौरान भारत को कृषि में आत्मनिर्भरता हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विदित हो कि हरित क्रांति 1960 के दशक में नॉर्मन बोरलॉग द्वारा शुरू किया गया एक प्रयास था। इन्हें विश्व में 'हरित क्रांति के जनक' के रूप में जाना जाता है। इस महान कृषि वैज्ञानिक इनका निधन 98 वर्ष की अवस्था में पिछले वर्ष 28 सितंबर को बीमारी के कारण अपने आवास चेन्नई में हो गया था। यहां पाठकों को यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि वर्ष 1970 में नॉर्मन बोरलॉग को उच्च उपज देने वाली किस्मों को विकसित करने के उनके इस महानतम कार्य के लिये नोबेल शांति पुरस्कार प्रदान किया गया। यदि हम यहां भारत की बात करें तो भारत में हरित क्रांति का नेतृत्व मुख्य रूप से एम.एस. स्वामीनाथन द्वारा किया गया था। यह भी विदित हो कि हरित क्रांति को तीसरी कृषि क्रांति के रूप में भी जाना जाता है। हरित क्रांति के कारण भारत में प्रौद्योगिकी हस्तांतरण हुआ और देश कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भर बना। यह हरित क्रांति ही थी जिसके कारण से भारत में फसल की पैदावार और कृषि उत्पादन में बहुत अधिक वृद्धि देखी गई और भारत कृषि उत्पादन में आत्मनिर्भरता का साक्षी बना। पाठक अवश्य जानते होंगे कि हरित क्रांति के परिणामस्वरूप खाद्यान्न विशेषकर गेहूँ और चावल के उत्पादन में भारी वृद्धि हुई, जिसकी शुरूआत 20वीं शताब्दी के मध्य में विकासशील देशों में नए, उच्च उपज देने वाले किस्म के बीजों के प्रयोग के कारण हुई। विवरण मिलता है कि इसकी प्रारंभिक सफलता मेक्सिको और भारतीय उपमहाद्वीप में देखी गई। वर्ष 1967 से पहले भारत में खाद्यान्न का उत्पादन इतना नहीं होता था और भारत खाद्यान्न के क्षेत्र में एक आत्मनिर्भर देश नहीं था। जानकारी देना चाहूंगा कि 1943 में, भारत विश्व में सबसे अधिक खाद्य संकट से पीड़ित देश था। बंगाल में अकाल के कारण पूर्वी भारत में लगभग 4 मिलियन लोग भूख के कारण मारे गए थे। वर्ष 1967-68 तथा वर्ष 1977-78 की अवधि में हुई हरित क्रांति भारत को खाद्यान्न की कमी वाले देश की श्रेणी से निकालकर विश्व के अग्रणी कृषि देशों की श्रेणी में परिवर्तित कर दिया। वास्तव में दूसरी पंचवर्षीय योजना के दौरान भारत में भुखमरी की समस्या को दूर करने हेतु हरित क्रांति शुरू की गई थी। ग्रामीण विकास, औद्योगिक विकास पर आधारित समग्र कृषि का आधुनिकीकरण; बुनियादी ढाँचे का विकास, कच्चे माल की आपूर्ति आदि हरित क्रांति के दीर्घकालिक उद्देश्यों में शामिल थे।

हरित क्रांति के अन्य उद्देश्यों में क्रमशः फसलों का वैज्ञानिक अध्ययन करना,कृषि और औद्योगिक दोनों क्षेत्र के श्रमिकों को रोजगार प्रदान करना तथा कृषि का वैश्वीकरण करना शामिल था। इतना ही नहीं यह हरित क्रांति ही थी जिसके कारण से भारत में कृषि भूमि में विस्तार संभव हुआ। हरित क्रांति के कारण ही वर्ष में एक के बजाय दो फसल जिसे दोहरी फसल प्रणाली के नाम से भी जाना जाता है, प्राप्त करने का निर्णय लिया गया। इससे पहले भारत में वर्ष में केवल एक ही फसल ली जाती थी। हरित क्रांति के कारण ही भारत में विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं, बांधों का निर्माण करने के साथ ही अन्य सिंचाई तकनीकों का विकास भारत में प्रारंभ हुआ। जानकारी देना चाहूंगा कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा उच्च उपज देने वाले बीज(सुपीरियर जेनेटिक्स), मुख्य रूप से गेहूं , चावल, बाजरा और मक्का के बीजों की नई किस्मों को विकास किया गया। गेहूँ तो लंबे समय तक हरित क्रांति का मुख्य आधार बनी रही। हरित क्रांति की ही देन है कि भारत में कृषि में ट्रैक्टर, कीटनाशकों और उर्वरकों के उपयोग जैसे आधुनिक तरीकों एवं प्रौद्योगिकियों का प्रयोग शुरू हुआ। हरित क्रांति के कारण भारत में फसल उत्पादन में अभूतपूर्व वृद्धि हुई और इसके परिणामस्वरूप वर्ष 1978-79 में 131 मिलियन टन अनाज का उत्पादन हुआ और भारत विश्व के सबसे बड़े कृषि उत्पादक देश के रूप में स्थापित हो गया। खाद्यान्न आयात में अभूतपूर्व कमी आई। हालांकि हरित क्रांति ने बड़े पैमाने पर कृषि मशीनीकरण को बढ़ावा दिया जिससे ट्रैक्टर, हार्वेस्टर, थ्रेशर, कंबाइन, डीजल इंजन, इलेक्ट्रिक मोटर, पंपिंग सेट इत्यादि विभिन्न प्रकार की मशीनों की माँग उत्पन्न हुई। हरित क्रांति के कारण ही भारत में रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों, खरपतवारनाशी आदि की मांग में भी काफी वृद्धि हुई । कुल मिलाकर हरित क्रांति कई विकासशील देशों, विशेष रूप से भारत के लिये एक बड़ी उपलब्धि थी जो राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में सहायक रही। भारत गाँवों का देश(75 प्रतिशत आबादी कृषि आधारित) रहा है और यहाँ की अधिकांश जनता कृषि के साथ जुड़ी हुई है। इसके बावजूद अनेक वर्षों तक यहाँ कृषि से जुड़े लोग भुखमरी के कगार पर अपना जीवन बिताते रहे। स्वामीनाथन ने अपने प्रयोगों से कृषि क्षेत्र को एक नवीन दिशा व दशा प्रदान की। आज भले ही वे हमारे बीच मौजूद नहीं हैं लेकिन देश को अकाल से उबारने और किसानों को मजबूत बनाने वाली नीति बनाने में उन्होंने अहम योगदान निभाया था। बताता चाहूंगा कि उनकी अध्यक्षता में एक आयोग का भी गठन किया गया था जिसमें किसानों की दशा को सुधारने के लिए कई अहम सिफारिशें की गई थीं। स्वामीनाथन को भारत रत्न से नवाजा जाना एक महानतम कृषि वैज्ञानिक का सम्मान है।

# कविता

सत्य की अदृश्य
शक्ति।
अपने पीछे इतिहास
नहीं छोड़ता।
उसे किसी गवाह
या किसी के समर्थन
की शायद जरूरत
नहीं।
हां सत्य का भविष्य
बड़ा उज्जवल है।
चमकते सूर्य की
तरह।
सच अकेले चलता
हुआ
घबराता नहीं,
वह किसी साथी को
तलाशता भी नहीं,
कोई कमी
महसूस नहीं होती,
सूरज की किरणों के
साथ चमकता हुआ,
गहन अंधकार में
छुपता भी नहीं,
कनक की तरह सदैव
कसौटी पर खरा
उतरता है।
एक बार सत्य ने
मुझसे कहा मेरे संग
संग
चार कदम चल कर
देखो,
तुम्हारी आत्मा
परमात्मा
में परिवर्तित हो
जाएगी,
अद्भुत शक्ति, ऊर्जा
और
उत्साह, जीवन में
प्रवाहित हो जाएगा।
फिर किसी नाते,
किसी रिश्ते,
परिजनों की कहीं भी
किन्ही भी
परिस्थितियों में
आवश्यकता न होगी,
तुम किसी के संग
नहीं
पूरा समुदाय
तुम्हारे संग चलेगा।
पूरा ब्रह्मांड
प्रतीक्षा करता है,
कोई तो हो जो
संपूर्ण सत्य को
समाहित,
आत्मसात करें,
अपने छोटे
नश्वर जीवन में,
फिर
कोई चिंता, बेचैनी,
नुकसान का अंदेशा

संजीव

## एक एंकर की मौत

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

**एक बहुत बड़े** न्यूज चैनल के एंकर की मौत हो गयी। एंकर की मौत बहुतों के लिए ताज्बुब कराने वाली खबर थी। कइयों ने मान लिया था कि यह जिस तरह से मौतों की खबरें दिखाता है, उस हिसाब से इसकी मौत तो नहीं हो सकती। हो न हो अमृत पीकर आया है। अब भाग्य का लिखा और सृष्टि-विनाश के खेल से कौन बच सकता है। सो इसकी भी मौत हो गयी। मीडिया उसके जन्म से लेकर मृत्यु तक की तस्वीरों का कोलॉज बना बाप-बार तारीफों का पुल बाँधते नहीं थक रहा था। कोई कहता झ नए आयाम स्थापित किए हैं तो कोई कहता मील के पत्थर हैं। वैसे एक बात तो माननी होगी जब तक वह जिंदा था तब तक अच्छे-अच्छों की सिट्टी-पिट्टी गुल कर देता था। जिस तरह खबरों की चीड़-फाड़ करता था, उस हिसाब से उसे एंकर नहीं पोस्टमार्टम करने वाला डॉक्टर होना चाहिए था। उसका सामना करना मानो यमराज का सामना करना था। वह क्या है न पुलिस और कोर्ट दोषी को जब सजा दें तब दें, लेकिन मीडिया अपना डंडा और फंदा साथ लेकर चलता है। इनके कोर्ट-कचहरी में फैसला सुनाना चट मंगनी पट ब्याह की तरह होता है। देह के अवसान से गुजरते हुए एंकर साहब चीफ जस्टीस ऑफ यमलोक पहुँचे। वहाँ यमराज भैंसे पर सवार हाथ में यमपाश लिए गंभीर मुद्रा में दिखायी दे। एंकर यह सब देखकर अचंभित रह गया। वह तुरंत बोल उठा झ मुझे पता नहीं आप कौन हैं? लेकिन आप पर एक ब्रेकिंग न्यूज बना सकता हूँ झ जानवरों पर जुल्म करता हैवान। हैशटैग नाशकरो शैतान। अभी मैं यह न्यूज चलाता हूँ देखिए किस तरह मेनका गांधी आपको सलाखों के पीछे करती हैं। यमराज का पारा सातवें आसमान पर चढ़ा और बोले झ बेवकूफ मेनका तो क्या उर्वशी, रंभा भी आ जाएँ तो वे मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकतीं। ज्यादा से ज्यादा दो ठुमके दो मेरी सुरा के गिलास में मधुपेय भरकर जायेंगी। एंकर यह सब सुन थरथराने लगा था। अब पिक्चर क्लियर हो गई थी। सामने साक्षात यमराज और बाएँ चित्रगुप्त अपनी मूँछों पर ताव दे रहे थे। यमराज ने चित्रगुप्त से कहा झ इससे पहले कि और कुछ ब्रेकिंग न्यूज बनाए इसके कर्मों का हिसाब अपने सूपरसेवर डेटाबेस निकालकर इसी की स्टाइल में इसके थोपड़े पर दे मारो। चित्रगुप्त ने अपने सेंसरस्क्रीन इन्फिनिटी अडवांस्ड वाले डेटाबेस टूल से एंकर साहब के काले चिट्ठे निकालते हुए बोले झ महाराज! दिखने में है यह भोला! पल में बदले अपना चोला! कभी किसानों को आतंकी तो कभी अमरूद को बताए गोला! सत्ता के गलियारे में खाता है यह भटूरा-छोला! हरी गुलाबी नोटों से जीपीएस का राज है खोला, लोगों को उल्लू बनाने लेकर निकला है यह झोला। लालच देखकर मन है डोला, यही तो है आस्तिन का सपोला। यमराज एंकर के काले चिट्ठे सुन बोले फेकू बाबा फेंकू बाबा! खबरें झूठ बोले बाबा! जब भी बोले कुछ भी बोले, दूर-दूर की फेंके बाबा! छोटी-छोटी खबरों को, मुर्गमुसल्लम बोले बाबा!

# विचार

## राष्ट्र उत्थान में वैदिक शिक्षा, ज्ञान की अग्रणी भूमिका

संजीव

**भारत में प्रागैतिहासिक** वैदिक तथा सनातनी शिक्षा तथा ज्ञान का स्वरूप बड़ा ही विस्तृत है। भारत को भारतवर्ष भी आदिकाल की सांस्कृतिक शिक्षा और विशाल ज्ञान के भरपूर स्त्रोतों के कारण ही कहा जाता रहा है। भारत के ऋषि, मुनि, गौतम और अनेक संस्कृत के शिक्षकों ने भारत भूमि को न सिर्फ गौरवशाली बनाया बल्कि ऐतिहासिक रूप से इसे विश्व में सर्वोपरि स्थान दिलाया है। भारत के गौरव को और ऊंचा उठाने में स्वामी विवेकानंद जी की शिकागो यात्रा और उन के शक्तिशाली व्याख्यान ने द्विगुणित करने की भूमिका निभाई है।

भारतीय वेदों और संस्कृति ने वैश्विक स्तर पर नए नए आयाम का सृजन किया है' वैसे भी जीवन परिवर्तन का पर्याय है एवं विकास का स्वरूप है' यह सर्वकालीन सत्य है कि शिक्षा एवं ज्ञान का महत्व हर संस्कृति, सभ्यता और मानवीय समुदाय के जीवन में एक प्रकाश पुंज की तरह उन्हें विकास की दिशा दिखाते हुए आया है' जिस देश की भाषा जितनी समृद्ध होगी उस देश की सभ्यता संस्कृति और ज्ञान उत्तम शिखर पर होगा और विकास की नई नई धाराएं बहेगी' मानवीय विकास के साथ मनुष्य को अधिक परिपक्व को समझदार तथा समृद्ध बनाने में शिक्षा,भाषा, ज्ञान और साहित्य का सर्वाधिक महत्व रहा है' शिक्षा चाहे आपके परिवार से प्राप्त हुई हो, स्कूल कॉलेज अथवा किसी शिक्षण संस्थान से प्राप्त हुई हो या भारतीय संस्कृति के वैदिक शास्त्रों से प्राप्त हुई हो, शिक्षा का मनुष्य के व्यक्तित्व के निर्माण में बड़ी अहम भूमिका होती है' शिक्षा भी समाज संस्कृति एवं सभ्यताओं के साथ परिवर्तनशील तथा प्रगतिशील है'

शिक्षा, ज्ञान तथा संस्कृति और कला साहित्य को देश और विदेश की सीमाओं में बांधा नहीं जा सकता है। यह असीमित भंडार है एवं इसमें आकाशीय ऊंचाइयां भी शामिल रहती हैं' शिक्षा और ज्ञान न तो गहराइयां न ही नापी नजा सकती है, और ना ही इसकी ऊंचाई को देखा जा सकता है। पूर्वी सभ्यता जहां अध्यात्म, वेद ,पुराणों पर अवलंबित है, वहीं पश्चिमी सभ्यता ज्ञान विज्ञान नए नए अविष्कार और आकाश की अनछुई कई बातों को उजागर करने वाली है। ऐसी शिक्षा तथा ज्ञान के कारण मानव चंद्रमा पर पहुंच कर एक नई गाथा लिख पाया है' वस्तुतः पूर्व तथा पश्चिम ज्ञान विज्ञान तथा शिक्षा के मामले में एकाकार हो चुका है कोई भी भेदभाव या विभाजन रेखा नहीं खींची जा सकती है' पूरी सभ्यता ने जहां पाश्चात्य दर्शन से नए नए अविष्कारों हवाई जहाज, इंजन, ग्रामोफोन, रेडियो एवं नई नई टेक्नोलॉजी को अपनाया है वहीं पश्चिमी दर्शन ने भारती ज्ञान विज्ञान संस्कार आयुर्वेद योग धर्म दर्शन को अपना कर अपनी जीवनशैली में शांति तथा सौभाग्य स्थापित किया है' यह सब शिक्षा भाषा एवं ज्ञान के बदौलत पूर्व और पश्चिम का मेल संभव हो पाया है' शिक्षा और भाषा सदैव ही अज्ञानता के तमस में एक प्रकाश पुंज की तरह देदीप्यमान होता रहा है, नवजीवन की विकास धारा में सदैव महत्वपूर्ण भूमिका निभाता आया है' हमारे कई धर्मों में जिनमें जैन ,बौद्ध दर्शन, नव्य वेदांत तथा भारतीय संस्कृति के नवीन चिंतन के सामने आने से नवयुग की कल्पना को साकार किया है। पश्चिम के कई विद्वान और चिंतक जिनमें प्लूटो, अरस्तु, सुकरात, कार्ल मार्क्स, लेनिन ने अनेक विकास के सिद्धांतों को प्रतिपादित किया है। जिसका पूरे विश्व ने खुले दिल से स्वागत किया एवं विकास की नई नई की इबारत लिखी है' दूसरी ओर भारत की संस्कृति, सभ्यता और समाज में सदैव आवश्यक सुधार तथा नई नई बुद्धिमता पूर्ण युक्तियों को अपने में आत्मसात करने की एक अलग क्षमता रही है, और विकास का मूल मंत्र भी परिवर्तनशील जीवनशैली ही है ' राजनीति तो सदैव परिवर्तन पर अवलंबित रहती है। स्वतंत्रता के पहले तथा बाद में राजनीतिक घटनाक्रम जिस नव परिवर्तन युग की तरफ अग्रसर हुए हैं वह अत्यंत उल्लेखनीय है' भारतीय सभ्यता समाज और संस्कृति जितनी जटिल तथा गूढ है उसको जितना समझा जाए, उसका जितना अध्ययन किया जाए तो उससे नवीन बातें समझ में आती है, और उसके नए नए अर्थ हमारे सामने आते हैं।

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# चिंतन

## जल प्रदूषण के छोटे अपराध अब जेल की सजा की श्रेणी से बाहर होंगे

किशन सनमुखदास भावनानी
गोंदिया

वैश्विक स्तरपर दुनियां के हर देश में जल ही जीवन है की विचारधारा को गंभीरता से रेखंकित किया जा रहा है, जो कि न सिर्फ बढ़ते जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणामों से मानवीय जीवन में अनिवार्य संसाधनों को भारी नुकसान पहुंच रहा है बल्कि इन संसाधनों में मानवीय के कारण भी बहुत विपरीत असर पड़ रहा है इसी को ध्यान में रखते हुए हर देश में जल और पर्यावरण सहित प्रकृति के जुड़े हर मसले पर सैकड़ो कानून बने हुए हैं इसके संबंध में भारत में भी जल प्रदूषण की (रोकथाम और नियोजन) अधिनियम 1977 में पर्यावरण के अनेक नियम व नियम कानून बने हैं, परंतु, चूंकि दिनांक 8 फरवरी 2024 को लोकसभा में जल प्रदूषण (निवाकर निराकरण तथा नियंत्रण) संशोधन विधेयक 2024 पर पारित किया गया है जिसे उच्च सदन राज्यसभा ने भी पहले ही 6 फरवरी 2024 को पारित कर लिया था। यह दोनों सदनों में पारित हो चुका है, जो राष्ट्रपति महोदय के हस्ताक्षर के बाद कानून बन जाएंगा। मेरा व्यक्तिगत तौर पर यह मानना है कि इस संशोधित विधेयक से जल प्रदूषण में छोटे अपराधियों को अब जेल की सजा नहीं होगी, उससे बाहर कर दिया गया है सिर्फ जुमार्ना ही लगेगा।इस नई विचारधारा से नागरिक व्यवसाई और कंपनियां जिनकी तकनीकी या प्रक्रियात्मक चक के लिए बिना डर के कारण के काम करेगी जो कि प्रदूषण के खिलाफ संकल्प में बाधा उत्पन्न करने की संभावना को रेखांकित करता है, जिसपर पर्यावरण प्रेमियों की नजर है, अब जरूरत है इसे नियमित करने के लिए एक सख्त नियमावली बनाई जाए ताकि पर्यावरण व जल प्रदूषण के प्रति इनमें डर बना रहे क्योंकि जल संशोधन विधेयक 2024 में जल प्रदूषण के छोटे अपराधों को जेल से मुक्त रखा है। व केवल जुमार्ना किया गया है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, जल संशोधन विधेयक 2024 से प्रदूषण के खिलाफ संकल्प कमजोर होने की आशंका को रेखांकित किया करना बहुत जरूरी है।

## नए वक्त की मांग है तकनीकी कंटेंट लेखन

विजय गर्ग

**तकनीक के** बढ़ते प्रसार के साथ ही तकनीकी कंटेंट की जरूरत बढ़ी है। यहां तकनीकी कंटेंट से तात्पर्य प्रोडक्ट डेवलपमेंट की प्रक्रिया के विभिन्न चरणों के बारे में बताते डॉक्यूमेंट्स, रिपोट्र्स, ब्रोशर्स, यूजर मैनुअल से लेकर ब्लॉग्स, रिसर्च पेपर्स तक है। वर्तमान दौर में टेक्निकल कंटेंट राइटर्स के लिए खूब काम बन रहा है। ये लेख लिखे जाने तक लिंक्डइन इंडिया पर टेक्निकल कंटेंट राइटर्स की मांग करते 8000 मौके सामने आए। वहीं स्किल ट्रेनिंग के ऑनलाइन प्लेटफॉर्म आईआईएम स्किल की मानें, तो टेक्निकल कंटेंट राइटिंग का काम अगले दस सालों में मुख्यधारा के करियर में शामिल हो जाएगा। तकनीकी कंटेंट राइटर में लेखन के उम्दा कौशल और तकनीकी समझ का बढ़िया तालमेल होता है। वे तकनीकी विशेषज्ञों, जैसे इंजीनियर, साइंटिस्ट, आईटी पेशेवर और उपभोक्ता व कम तकनीकी समझ रखने वालों के बीच एक तरह से अनुवादक की भूमिका निभाते हैं। वे बाजार में किसी ब्रांड की प्रतिष्ठा और विश्वसनीयता के निर्माण में अपने लेखन कौशल से अहम योगदान करते हैं।

### कितनी तरह का काम

सॉफ्टवेयर डॉक्यूमेंटेशन राइटर ये सॉफ्टवेयर के लिए गाइड, मैनुअल और डॉक्यूमेंटेशन बनाने के विशेषज्ञ होते हैं। तकनीकी कॉपीराइटरः तकनीकी उत्पादों या सेवाओं के लिए बढ़िया और आसान मार्केटिंग और एडवरटाइजिंग सामग्री तैयार करते हैं। एपीआई डॉक्यूमेंटेशन राइटर एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस (एपीआई) के लिए स्पष्ट और संक्षिप्त डॉक्यूमेंट बनाने में कुशल होते हैं। ताकि डेवलपर्स अपने प्रोजेक्ट्स में एपीआई को आसानी से सिंक करके उपयोग कर सकें। यूएक्स राइटर किसी डिजिटल प्रोडक्ट को उपयोग के दौरान यूजर के एक्सपीरिएंस को बेहतर बनाने में मदद देने वाला टेक्स्ट लिखते हैं। जैसे किसी वेबसाइट पर बटन लेबलिंग, एरर मैसेज, ऑनबोर्ड मैसेज आदि।

ये रिसर्च के जटिल निष्कर्षो, चिकित्सा प्रक्रियाओं या वैज्ञानिक अवधारणाओं को आसान भाषा में उपभोक्ता तक पहुंचाते हैं। शैक्षिक, लीडरशिप या कंपनी के कार्यक्षेत्र के लिए तकनीक और ट्रेंड्स की बात करते डॉक्यूमेंट्स लिखते हैं।

## न्यूज फ्लैश

### कांग्रेस ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता ओमवीर सिंह पवार को बनाया हरियाणा कांग्रेस चुनाव घोषणा-पत्र कमेटी सदस्य



**पानीपत/कमाल हुसैन**
आगामी आम लोकसभा चुनाव के मध्यनजर रखती हुये कांग्रेस हाईकमान ने हरियाणा में विभिन्न कमेटियों का गठन करते हुये हरियाणा कांग्रेस चुनाव घोषणा-पत्र तैयार करने हेतु कमेटी का विस्तार करते हुये आज पार्टी ने कांग्रेस चुनाव घोषणा-पत्र कमेटी में कुछ ओर नामो घोषणा की गई जिसमें पानीपत से पार्टी के निष्ठावान व जमीनी स्तर पर सभी वर्गों में अपनी मजबूत पकड़ रखने वाले वरिष्ठ कांग्रेस नेता व समाजसेवी ओमवीर सिंह पंवार को शीर्ष नेतृत्व द्वारा नियुक्त किया गया। कांग्रेस नेता ओमवीर सिंह पंवार ने कहा कि भाजपा झूठी व जुमलेबाजो की पार्टी बन रह गई जनता भाजपा असली चेहरा पहचान गई अब भाजपा के झूठे वायदों में फंसने वाली नही है उन्होंने कहा राहुल गांधी देश मे भारत जोड़ो व भारत जोड़ो न्याय यात्रा के माध्यम से आमजन मानस के बीच जाकर सभी बातों को सुन कर लोगो को समझा रहे है कि कांग्रेस की उनकी असली हितों की रक्षा कर सकती है देश जनता अब कांग्रेस पार्टी का पुरजोर समर्थन कर रही है पवार ने कहा आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस हरियाणा की सभी लोकसभा सीटो पर जीत दर्ज करेगी। अपनी नियुक्ति पर कांग्रेस नेता ओमवीर सिंह पंवार ने कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, जननायक राहुल गांधी, राष्ट्रीय महासचिव व उत्तराखंड प्रभारी सभी वर्गों की लोकप्रिय नेता बहन कुमारी शैलजा व प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया के साथ सभी कांग्रेस वरिष्ठ नेताओं का आभार किया है वही नियुक्ती पर पवार के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई बधाई देने वाले का लाईन लगी हुई है ओमवीर सिंह पंवार को बधाई देने वालो में प्रदीप राणा, राजकुमार कटारिया, विकास कर्ण, पदम् सिंह, सत्यपाल निरवाल, जसबीर राणा, पूर्व ब्लाक समिति सदस्य भोपाल राठी, धर्मबीर रावल, विकास अग्रवाल, अधिवक्ता अजय पवार, प्रदीप कुमार, इस्लाम मलिक, मांगेराम कोरी, गुलजार मलिक, कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ जिला चेयरमैन सुभाष तंवर, पानीपत ग्रामीण चेयरमैन महिपाल, भानू तोमर आदि काफी में समर्थक साथियो ने बधाई दी है।

### विदाई समारोह में छात्रों को अपने लक्ष्य की तरफ बढ़ने के लिए प्रेरित किया



**गन्नौर।** हैप्पी चाइल्ड इंटरनेशनल स्कूल में ग्याहरवीं कक्षा के छात्रों द्वारा अपने वरिष्ठ बारहवीं कक्षा के छात्रों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। प्रधानाचार्या उषा मलिक ने विद्यालय प्रबंधक सुनील नागपाल व संजय नागपाल का बुके देकर स्वागत किया गया। ग्यारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों को टाइटल देकर सम्मानित किया। ग्यारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों के लिए कई प्रतियोगिताएं रखी गई। इसमें मिस्टर फेयरवेल कार्तिक व मिस फेयरवेल खुशी को चुना गया और मिस्टर पर्सनेलिटी तुषार व मिस पर्सनेलिटी नैना को बनाया गया। विद्यालय प्रबंधक व प्रधानाचार्या ने विद्यार्थियों को उपहार भेंट किए। प्रधानाचार्या उषा मलिक ने विद्यार्थियों के भावी जीवन की सफलता के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि उच्चतर शिक्षा प्राप्त करते हुए अपने जीवन के लक्ष्य पर आगे बढ़ते रहें और स्कूल और अपने माता-पिता का नाम रोशन करें। प्रबंधक सुनील नागपाल ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल एवं सुखद भविष्य की कामना की।

# भागवत कथा का श्रवण करने से सभी के कष्ट दूर होते हैं: कविता जैन

## मानव धर्म के मार्ग पर चलने लगता है, भागवत कथा के आयोजन से पुण्य का लाभ मिलता है





**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
भागवत कथा का श्रवण करने से सभी के कष्ट दूर होते हैं मानव धर्म के मार्ग पर चलने लगता है, भागवत कथा के आयोजन से पुण्य का लाभ मिलता है इसलिए भागवत ग्रंथ सभी ग्रंथो में सर्वश्रेष्ठ माना जाता है।

उक्त विचार पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन ने न्यू कॉलोनी में व्यास पीठ पर विराजित विपिन चंद व्यास द्वारा की जा रही भागवत कथा श्रवण करने के बाद भागवत प्रेमियों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। विपिन चंद व्यास जी के मुखारविंद से हजारो श्रद्धालु भाव विभोर होकर कथा का श्रवण कर रहे हैं।

कविता जैन ने कहा कि मानव जीवन नश्वर है और कभी भी पानी के बुलबुले की तरह समाप्त हो सकता है।

इसलिए इंसान को वक़्त का इंतजार करने की बजाए जीवन के प्रारंभ से ही अपना समय धर्म एवं समाज की सेवा में लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भागवत कथा का पूरे मनोयोग से श्रवण कर एक-एक शब्द को आत्मसात कर उस पर चलने का प्रयास करेंगे तो कथा का आयोजन सार्थक होगा। उन्होंने आगे कहा कि 22 जनवरी को राम मंदिर का उत्सव धूमधाम से महा दीपावली के रूप में मनाने की अपील की।

इस अवसर पर इंदु वलेचा, संजीव वलेचा, शील मल्होत्रा, राज रानी, संतोष कामरा के अतिरिक्त सैकड़ों भक्तजन मौजूद रहे।

### नशा सप्लायर आरोपी गांव नौल्था से गिरफ्तार



**पानीपत/कमाल हुसैन**
सीआईए वन प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि उनकी टीम ने बीते बुधवार को गांव महराणा के नजदीक गोहाना रोड पर नाला के पास नाकाबंदी कर गांव नौल्था निवासी नशा तस्कर संदीप को 4 किलो ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया था। पूछताछ में आरोपी ने उक्त गांजा अपने गांव निवासी गुलशन उर्फ गोलू से 48 हजार रुपए में खरीदकर लाने बारे स्वीकारा था। पुलिस ने थाना माडल टाउन में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी संदीप को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेजने के बाद आरोपी नशा सप्लायर गुलशन उर्फ गोलू की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे।

इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि सीआईए वन पुलिस टीम ने शुक्रवार देर शाम मिली गुप्त सूचना पर दबिश देकर आरोपी गुलशन उर्फ गोलू को गांव नौल्था से गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने गांजा बेचने की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। आरोपी ने पूछताछ में पुलिस को बताया वह उक्त गांजा दिल्ली से कम कीमत पर खरीदकर लाया था। उसने संदीप को 48 हजार रुपए में गांजा बेचकर हासिल की नगदी में से ज्यादातर पैसे खाने पीने में खर्च कर दिए। पुलिस ने आरोपी गुलशन उर्फ गोलू के कब्जे से बचे 1 हजार रूपय बरामद कर पूछताछ के बाद शनिवार को आरोपी को न्यायालय में पेश किया।

### लोक कला के माध्यम से विज्ञान का किया प्रसार- राजपाल पांचाल

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** भारतीय संसाधन एवं विकास संघ इरादा के तत्वधान में राष्ट्रीय विज्ञान एवम प्रौद्योगिकी संचार परिषद, विज्ञान एवम प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार, के सौजन्य से अम्बाला जिले के विभिन्न गांवों में सवेरा (लोक कला के माध्यम से विज्ञान का प्रसार) कार्यक्रम चलाया जा रहा है इस कार्यक्रम को लेकर इरादा की टीम अम्बाला जिले के बाडा ,मरदोसाहिब और बाबाहेडी गांव में पहुंची। उनकी टीम के कलाकारों ने वहां पर स्वच्छ भारत तथा जल बचाओ पर आधारित नाटक और गीत प्रतिभागियों के सामने प्रस्तुत किये।

# किसान संगठनों द्वारा दिल्ली कूच का ऐलान, हुई बैठक

## लोगों की सुरक्षा को देखते हुए सभी एसडीएम पुलिस अधिकारियों के साथ बनायें बेहतरीन तालमेल-पुलिस



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
पंजाब के किसान संगठनों द्वारा 13 फरवरी को दिल्ली कूच को किए गए ऐलान के दृष्टिगत पुलिस आयुक्त बी० सतीश बालन व उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने शनिवार को लघु सचिवालय में सभी प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने सभी एसडीएम व प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने क्षेत्र से संबंधित पुलिस अधिकारियों के साथ बेहतरीन तालमेल स्थापित करते हुए संपर्क बनाये रखें। हर प्रकार की स्थिति का एकजुटता के साथ सामना करें। उन्होंने कहा कि जिला मेकं कानून एवं व्यवस्था को किसी भी सूरत में भंग नहीं होने दिया जाएगा।

पुलिस आयुक्त ने जिला के लोगों की सुरक्षा को देखते हुए सभी पहलूओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि सरकार भी लगातार किसानों के संपर्क में है और वो किसानों की मांगों को लेकर उनसे बातचीत करने को तैयार है। लेकिन कुछ किसान संगठनों द्वारा 13 फरवरी को दिल्ली जाने की बात सामने आ रही है। उन्होंने कहा कि उनको रोकने के लिए अंबाला में भी पुलिस बल तैनात किया गया है ताकि किसी प्रकार का उपद्रव न हो सके। उन्होंने कहा कि जिला में कानून व्यवस्था बनाएं रखने और लोगों की सुरक्षा करने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह तैयार है। जिला से गुजरने वाले जीटी रोड़ तथा अन्य रोड़ पर पुलिस नाके लगाए गए है ताकि जिला में किसी प्रकार का उपद्रव न हो सके। बैठक में उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांगे रखने का अधिकार सबका है, लेकिन किसी भी हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। लोकतांत्रिक तरीके से किसान अपना विरोध दर्ज करायें। किसी भी तरह की हिंसात्मक गतिविधि स्वीकार्य नहीं होगी। शांति तथा कानून एवं व्यवस्था बनाये रखना हमारी प्राथमिकता है। इसे प्रभावित नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की स्थिति से निपटने के लिए जरूरी संसाधन उपलब्ध रखे जायें। उन्होंने निर्देश दिए कि ड्यूटी मजिस्ट्रेट और उनके साथ नियुक्त पुलिस अधिकारी आपस में मोबाईल नंबरों का आदान-प्रदान अवश्य करें।

### मोदी ने देशवासियों का दिल जीत लिया : बबिता कौशिक



**सोनीपत:** वार्ड 4 की निगम पार्षद बबीता त्रिभुवन कौशिक ने किसान हितैषी व देश के पांचवे प्रधानमंत्री चौ.चरण सिंह,हरित क्रांति के जनक व प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक स्वामीनाथन व नौवें प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हा राव को भारत रत्न मिलने पर खुशी व्यक्त की है। अपने विचार सांझा करते हुए बबीता त्रिभुवन कौशिक ने कहा कि मोदी ने देशवासियों के दिल जीत लिया है। कांग्रेस ने किसान हितैषी व पूर्व प्रधानमंत्री चौ.चरणसिंह को कभी सम्मान नही दिया। दशकों तक देश पर शासन करने वाली कांग्रेस को एक परिवार व उनके परिजनों के अलावा कोई भी दिखाई नही देता रहा है। बबीता त्रिभुवन कौशिक ने कहा कि हरित क्रांति के जनक व किसानों को फसल की नई-नई किस्में ईजाद कर देने वाले स्वामीनाथन जी को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा। जिन्हें कभी भी कांग्रेस ने सम्मान ले लायक नही समझा। इसी प्रकार देश को कोटा परमिट के कुचक्र से निकालकर आधुनिक भारत के लिए काम करने वाले देश के नौवें प्रधानमंत्री पी.वी.नरसिम्हा राव को भी भारत रत्न से नवाजे जाने का निर्णय सरकार द्वारा लिया गया है।

### 'भाजपा-जजपा के राज में प्रदेश का हर वर्ग परेशान'



**पानीपत/कमाल हुसैन**
घर घर कांग्रेस - हर घर कांग्रेस" अभियान की कड़ी में हल्का पानीपत ग्रामीण के शिव नगर बबैल रोड़ पर लोगों से मुलाकात की तथा कांग्रेस पार्टी के संकल्प पत्र वितरित कर उन्हें कांग्रेस पार्टी की कल्याणकारी नीतियों व योजनाओं से अवगत कराया। लोगों ने अभियान का जोरदार समर्थन किया तथा कांग्रेस की नीतियों में अपनी आस्था प्रकट की। कांग्रेस पार्टी के शासनकाल में हुए विकास कार्यों को याद करते हुए उन्होंने चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने तथा आगामी लोकसभा और विधानसभा में प्रचंड जीत दिलाने का संकल्प लिया। इस जनसभा में अपनी आंखों में उम्मीद लिए आए हुए किसानों, नौजवानों और बहनों के सपने सच होंगे, कांग्रेस शासन आने पर सबको न्याय मिलेगा।

सरकारी शह पर भ्रष्टाचारियों का तांडव अब सिर चढ़ कर बोल रहा है। अवैध खनन माफिया खुलेआम पुलिस और सरकारी अफसरों कर्मचारियों पर हमला कर रहे हैं। जो इस बात का प्रमाण है कि हरियाणा में सरकार और कानून का इकबाल खत्म हो चुका है।

### अनिल अग्रवाल की वेदांता रिसोर्सेज लिमिटेड ने बॉण्डधारकों को पुनर्भुगतान का काम पूरा किया

**टीम एक्शन इंडिया/नोएडा**
धातु और खनन क्षेत्र की दिग्गज कंपनी वेदांता रिसोर्सेज लिमिटेड ने शुक्रवार को कहा कि उसने अपने बॉण्डधारकों को 779 मिलियन अमेरिकी डॉलर का अग्रिम भुगतान किया है और ऋण पुनर्गठन की प्रक्रिया के तहत पुनर्भुगतान पूरा कर लिया है। वेदांता रिसोर्सेज लिमिटेड (वीआरएल) ने एक बयान में कहा, बॉण्डधारकों को अग्रिम भुगतान बुधवार को किया गया। वीआरएल ने 7 फरवरी, 2024 को अपने बॉण्डधारकों को पुनर्भुगतान पूरा कर लिया, जो उस वर्ष की शुरूआत में प्राप्त सहमति के अनुरूप था, जिसमें बांड में 3.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर की परिपक्वता अवधि को सफलतापूर्वक 2029 तक बढ़ा दिया गया था। वेदांता रिसोर्सेज ने बॉण्डधारकों को बांड के एक हिस्से को भुनाने और उनकी परिपक्वता अवधि बढ़ाने के लिए 779 मिलियन अमेरिकी डॉलर का नकद अग्रिम भुगतान सफलतापूर्वक किया है।

# भारत के टूलिंग बाजार के 2024-2025 में 8.5% की वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ने का अनुमान



**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली।**
डाई और मोल्ड उद्योग में नई-नई प्रगति को सामने लाने वाला डाई मोल्ड इंडिया इस साल अपने संस्करण को बिलकुल नए रूप में सामने लाने के लिए तैयार है। टूल एंड गेज मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (टीएजीएमए) द्वारा आयोजित 2024 एडिशन एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम होगा, जो उद्योग में नए मानक स्थापित करेगा। डाई मोल्ड इंडिया 2024 का आयोजन 14 से 17 फरवरी के बीच बॉम्बे एग्जीबिशन सेंटर, मुंबई में होने जा रहा है। यह प्रदर्शनी अब तक की सबसे बड़ी प्रदर्शनी होगी, जिसमें 300 से अधिक प्रदर्शक 25,000 वर्ग मीटर से अधिक के विशाल क्षेत्र में एकत्रित होंगे। इस प्रदर्शनी में डाई और मोल्ड उद्योग के विभिन्न क्षेत्रों में फैली अत्याधुनिक तकनीक, उत्पादों और समाधानों की संपूर्ण श्रृंखला को पेश किया जाएगा। एक फरवरी 2024 को नई दिल्ली के यशोभूमि द्वारका में प्लास्टफोकस 2024 के उद्घाटन के दौरान इस वर्ष के एडिशन पर अपनी बात रखते हुए टीएजीएमए के प्रेसिडेंट देवराय मंजूनाथ शेरेगर ने कहा, "डाई मोल्ड इंडिया 2024 उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण मंच का प्रतिनिधित्व करता है, जो हितधारकों को नवीनतम रुझानों का पता लगाने, जानकारियों का आदान-प्रदान करने और सार्थक साझेदारी का अनूठा अवसर देता है। भारतीय हैंड टूल उपकरण बाजार का मूल्य 2022 में 342.8 मिलियन डॉलर था, जिसके 4.3% सीएजीआर की वृद्धि दर के साथ 2029 तक 416.2 मिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है।

### रिंगबाल चैपिंय. में बंगला देश और भारत की टीम के बीच हुआ मुकाबला

**पानीपत/कमाल हुसैन**
शिगुल इंटरनेशनल स्पोर्टस स्कूल भलौर खेल मैदान में दो दिवसीय 2रॉ सीनियर एशियन रिंगबाल फेडरेशन की ओर से अंतराष्टीय रिंगबाल चैपिंयनशिप में शनिवार को भारत और बंगला देश की टीमो के बीच शुरू हुआ। इंटरनेशनल चैपिंयनशिप में खेलने पहुंची बंगला देश और भारत की टीम के खिलाडियों का मुखयअतिथि सरपंच प्रतिनिधि भूपेन्द्र धीमान, दलीप कुमार सरपंच, समाजसेवी हरीश रावल, एशियन रिंगबाल फेडरेशन के राष्टीय महासचिव प्रदीप गिरी, हरियाणा प्रांत सचिव सतीस धीमान ने फुल मालाओं से जोरदार स्वागत किया।

# सभी घरों में दस्तक देगी कांग्रेस: विधायक जयवीर



**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
**कांग्रेस** पार्टी की तरफ से घर-घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस अभियान के शुरूआत करने के बाद शनिवार को खरखौदा में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें कांग्रेस नेताओं ने सभी कार्यकर्ताओं को एक साथ होकर हर घर तक कांग्रेस पार्टी के विजन को पहुँचाने की बात कही। इस दौरान खरखौदा विधायक जयवीर सिंह ने बताया कि आज हमें हर घर तक कांग्रेस पार्टी के जनकल्याणकारी नीतियों को पहुँचाने की जरूरत है। अगर हम इस कार्य में सफल हो जाते हैं तो भारी बहुमत के साथ आगामी लोकसभा चुनाव में अपने प्रत्याशी को जीत दिला सकते हैं। इसलिए सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर काम करें और प्रदेश में चल रही कांग्रेस पार्टी की लहर को और ज्यादा हवा देने का काम करें। उन्होंने कहा कि खरखौदा हल्के से आगामी लोकसभा चुनाव में 50000 मतों से अपने प्रत्याशी को जीत दिलानी है। ऐसे में पार्टी के घर घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस अभियान के तहत सभी कार्यकताओं को मिलाकर हल्के के हर गांव में शहर के प्रत्येक घर में दस्तक देनी है। वह पार्टी का प्रचार और प्रचार करने का काम करना है। झंडा सभी कांग्रेस समर्थ हो के घर पर लगाने की भी बात कही गई। कार्यकर्ताओं ने इस दौरान सभी संगठन नेताओं को समर्थन दिलाया दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेताओं को विश्वास दिलाया है। कि वह मिलकर आगामी लोकसभा की तैयारी में जुटेंगे और कांग्रेस पार्टी को हल्के में मजबूत करने का काम करेंगे।

**संवेदना**

8 सभी कार्यकर्ताओं को एक साथ होकर हर घर तक कांग्रेस पार्टी के विजन को पहुँचाने की बात कही

# पीआरपीसी ने 134 दिव्यांगजनों को मोटर चालित तिपहिया साइकिलों का किया वितरण

## हमारा प्रतिष्ठित कॉर्पोरेट इंडियनऑयल अपने अथक प्रयासों से न केवल देश को स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा प्रदान कर रहा



**पानीपत/कमाल हुसैन**
**जिला पानीपत** एवं इसके आसपास के गांवों के जरूरतमंद दिव्यांगजनों की मदद करने हेतु इंडियनऑयल की पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स (पीआरपीसी) ने भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) के माध्यम से वर्ष 2023-24 के लिए कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के अंतर्गत हुए समझौते के तहत आज दिनांक 09 फरवरी, 2024 को मिनी स्मार्ट सिटी में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में 134 मोटर चालित तिपहिया साइकिलों का वितरण किया। इन तिपहिया साइकिलों को मुख्य अतिथि एम एल डहरिया, कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख, (पीआरपीसी) ने गौरव, सचिव, जिला पानीपत रेड क्रॉस सोसायटी, एच के रथ, एलिम्को, पीआरपीसी के मुख्य-महाप्रबन्धकगण एवं वरिष्ठ अधिकारीगण, पीआरपीसी एसोसिएशन एवं यूनियन के प्रतिनिधिगण एवं अन्य गणमान्य लोगों की गरिमामयी उपस्थिति में पानीपत एवं इसके आसपास के गांवों के 134 जरूरतमंद दिव्यांगजनों को निशुल्क मोटर चालित तिपहिया साइकिलें प्रदान की। यह कार्यक्रम तरुण बिसई, मुख्य-महाप्रबन्धक (मा.संसा.) के कुशल मार्गदर्शन के अंतर्गत आयोजित हुआ। इस अवसर पर एम एल डहरिया ने अपने संबोधन में कहा कि पीआरपीसी इंडियनऑयल के मूल मूल्य "राष्ट्र-प्रथम संरक्षण एवं विश्वास" के तहत आज इस नेक काम को किया है। हमारा प्रतिष्ठित कॉर्पोरेट इंडियनऑयल अपने अथक प्रयासों से न केवल देश को स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा प्रदान कर रहा है बल्कि अपने मूल मूल्यों के तहत कई तरह के समाज कल्याण के कार्य विशेषकर दिव्यांगजनों की मदद के लिए भी आगे बढ़कर कार्य कर रहा है। उन्होने आगे कहा कि पीआरपीसी की इस निस्वार्थ सेवा के जरिए दिव्यांगजनों को आसानी से अपनी आजीविका अर्जित कर आत्मनिर्भर बनने और साथ ही देश के समावेशी विकास के लिए उन्हे अपना योगदान देने में बहुत बड़ी सहायता मिलेगी। उन्होंने विश्वास दिलवाया कि पीआरपीसी प्रबंधनवर्ग आगे भी इसी तरह के जन-कल्याण के कार्यों को निर्बाध रूप से जारी रखते हुए पानीपत, हरियाणा एवं राष्ट्र की सेवा में प्रतिबद्ध रहेगा।

सभी दिव्यांगजनों ने इंडियनऑयल की पीआरपीसी के प्रबंधनवर्ग से मिल रहे लगातार सहयोग के लिए अपने अभार प्रकट किया। विवेक शर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक, (सीसी एवं सीएसआर) के धन्यवाद के साथ कार्यक्रम का सफलतापूर्वक

# स्माइल ट्रेन इंडिया ने नेशनल क्लेफ्ट डे पर 'फेस टु फेस' कैंपेन लॉन्च किया



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
कटे के साथ जन्मे शिशुओं (क्लेफ्ट) की मुफ्त सर्जरी कराने वाले दुनिया के सबसे बड़े एनजीओ, स्माइल ट्रेन ने 2024 में नेशनल क्लेफ्ट डे मनाने के लिए नई दिल्ली के सिलेक्ट सिटी वॉक मॉल में आकर्षक फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया। इस अवसर पर फेस टु फेस कैंपेन भी लॉन्च किया गया। इस कैंपेन में कटे होंठ और तालु के प्रति लोगों की जागरूकता बढ़ाने के लिए इन बच्चों से जुड़ी उल्लेखनीय कहानियों को दिखाया गया। इस फोटो प्रदर्शनी का उद्घाटन लिवा मिस दिवा यूनिवर्स 2023 श्वेता शारदा ने किया। इस फोटो प्रदर्शनी में स्माइल ट्रेन की ओर से सहयोग प्राप्त क्लेफ्ट से पीडित बच्चों के प्रेरक सफर को आकर्षक फोटो के माध्यम से दिखाया गया। इन फोटो को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त फोटोग्राफर कोमल बेदी सोहल ने खींचा। इन तस्वीरों में क्लेफ्ट की सर्जरी के जबर्दस्त प्रभाव को दिखाया गया। इस फोटे प्रदर्शनी में क्लेफ्ट के साथ जन्मे बच्चों की सर्जरी के बाद उनके जीवन में आए बदलाव को उभारा गया। स्माइल ट्रेन की सीनियर वाइस प्रेसिडेंट एवं रीजनल डायरेक्टर, एशिया, ममता कैरोल ने कहा, फेस टु फेस केवल एक फोटो प्रदर्शनी नहीं है।

# जरूरतमंद व बेसहारा बेटियों की बेहतरीन शिक्षा की ओर उपायुक्त ने बढ़ाए प्रभावी कदम

## शिक्षा के बल पर जीवन में कोई भी लक्ष्य हासिल करना संभव: उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

बाल ग्राम राई में रहने वाली जरूरतमंद व बेसहारा बेटियों की बेहतरीन शिक्षा की और उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने प्रभावी कदम बढ़ाते हुए शनिवार को बाल ग्राम राई पहुंचकर जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया तथा अन्य स्कूल संस्थाओं के अधिकारियों के साथ बाल ग्राम राई में रहने वाली बेटियों की अच्छी शिक्षा सुविधा के लिए मंथन किया।



उपायुक्त ने कहा कि शिक्षा के बाल पर जीवन में कोई भी लक्ष्य हासिल करना संभव है क्योंकि आज के समय में एक गरीब परिवार को बेटा या बेटी अपनी अच्छी शिक्षा के बल पर एक उच्च अधिकारी बन सकता है और समाज व देश का नाम रोशन कर सकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में प्रत्येक बेटी का शिक्षित होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि अगर हमारी बेटी शिक्षित होगी तो वह दो परिवारों को शिक्षित व अनुशासित करने का कार्य करेंगी। पहला परिवार वो जहां वो जन्म लेती है और दूसरा परिवार वो जहां वो शादी के बाद अपनी ससुराल में रहती है। उन्होंने कहा कि अगर बेटी शिक्षित होगी तो वह अपने बच्चों को भी शिक्षित करने में उनका हर समय साथ देगी और ऐसा करने से हमारा समाज और देश शिक्षित होगा और देश को विकास के रास्ते पर आगे ले जाने के लिए हमारे युवाओं का शिक्षित होना बहुत

**शिक्षा पर बल**

8 एक गरीब परिवार को बेटा या बेटी अपनी अच्छी शिक्षा के बल पर एक उच्च अधिकारी बन सकता है

जरूरी है।

उपायुक्त ने कहा कि स्वर्णिम भविष्य निर्माण के लिए शिक्षा पहली जरूरत है और इसी जरूरत को पूरा करने के लिए बाल ग्राम राई की बेटियों को निजी विद्यालयों में बेहतरीन शिक्षा दिलाएंगे, ताकि यहां की हर बेटी अच्छी शिक्षा ग्रहण करे और अच्छे पदों पर नौकरी प्राप्त कर स्वयं भी आत्मनिर्भर बने और समाज को भी शिक्षित करने की पहल में अपना योगदान दे। उपायुक्त की इस बेहतरीन पहल में जिला के 11 प्राईवेट स्कूलों के संचालकों ने अपना योगदान देने का आश्वासन देते हुए कहा कि बहुत कम अधिकारी है जो इस प्रकार की सोच रखते है कि हर जरूरतमंद और बेसहारा बेटियों को अच्छी शिक्षा मिला और हम इस पहल में उपायुक्त व जिला प्रशासन के साथ खड़े है।

इस दौरान गांव खेवड़ा स्थित किरोड़ीमल सीनियर सैकेण्डरी स्कूल, गांव नाथूपुर स्थित ओम शांति सीनियर सैकेण्डरी स्कूल, देवऋषि विद्या निकेतन, सनराईज इंटरनेशन स्कूल, गांव झुण्डपुर स्थित गोल्डन हैरियर स्कूल, गांव खेवड़ा स्थित डीपीएस, गांव कुमासपुर स्थित रूकमनी देवी पब्लिक स्कूल, गांव खेवड़ा स्थित जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल, अमर शिक्षा सदन, गांव बहालगढ़ स्थित हन्नी मॉर्डन पब्लिक स्कूल तथा गांव नांगल कलां स्थित टीडीआई इंटरनेशनल स्कूल के संचालक मौजूद रहे।

# महीने भर में पांच भारत रत्न, सौदा, लालच या राजनीति : सतपाल शर्मा

**प्रतिक्रिया**

8 भारतीय जनता पार्टी ने भारत रत्न के माध्यम से अपनी राजनीति को साधने का कार्य किया: शर्मा

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

कांग्रेस नेता सतपाल शर्मा ने भारत रत्न पर अपनी प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए कहा कि कर्पूरी ठाकुर, पीवी नरसिम्हा राव,लाल कृष्ण अडवाणी, स्वामीनाथन, चौधरी चरणसिंह जैसे पांच महान व्यक्तियों को भारत रत्न से नवाजा गया। भारतीय जनता पार्टी ने भारत रत्न के माध्यम से अपनी राजनीति को साधने का कार्य किया। बिहार की राजनीति से आने वाले पिछड़ा वर्ग के नेता कर्पूरी ठाकुर को सम्मान देना अच्छी बात है लेकिन चुनाव से पहले भारत रत्न के माध्यम से नीतीश कुमार को अपने साथ लाने की एक कोशिश की गई जिसमें



भारतीय जनता पार्टी सफल हुई और अब किसानों की लड़ाई लड़ने वाले चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देकर जयंत चौधरी को साधने की कोशिश की गई जिसमें भारतीय जनता पार्टी सफल हो होती दिखाई दे रही है। पिछले 2 साल से भारत के किसान स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट को लेकर और एमएसपी को लेकर अपनी आय दुगनी को लेकर लगातार आंदोलन कर रहे हैं भारतीय जनता पार्टी की सरकार किसानों की एक भी बात नहीं सुन रही। चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देकर राष्ट्रीय लोक दल को अपने पाले में ला सकती है लेकिन अपनी मांगे मांग रहे किसानों को उनका हक न देकर उन्हें अपने पार्टी मे नहीं ला सकती। किसान आज भी अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं, इन दिवंगत किसान नेताओं को असली भारत रत्न तब समर्पित होगा जब किसानों को उनका हक मिलेगा। शर्मा ने कहा कि लाल कृष्ण आडवाणी को भाजपा के संस्थापक है 2014 से ही आडवाणी जी को मोदी और शाह ने हसीए पर रखा हुआ है पिछले दिनों हुए राम मंदिर उद्घाटन समारोह में भी उन्हें आमंत्रित नहीं किया गया। पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी दक्षिण का किला फतह करना चाहती है। 400 सीट का दावा करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी घबराए हुए हैं इसलिए वह इंडिया गठबंधन के साथियों को तोड़कर अपने साथ लाना चाहते हैं इसमें वह कामयाब हो सकते हैं लेकिन भविष्य में भारतीय जनता पार्टी ही खत्म हो जाएगी।

# सड़क सुरक्षा और नशे से दूर रहने को किया जागरूक



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)** आज डॉ अशोक कुमार वर्मा ने कुरुक्षेत्र के कान्वेंट सोम गुरुकुल में एक दिवसीय 285 वां नशे के साथ साथ पर्यावरण संरक्षण, साइकिल चलाओ पर्यावरण बचाओ, सड़क सुरक्षा और साइबर अपराध से कैसे बचे पर विस्तारपूर्वक व्याख्यान देकर विद्यार्थियों को जागरूक किया। विद्यालय की प्राचार्या ऋतू शर्मा की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम हुआ। विद्यार्थियों को सड़क पर स्वयं सुरक्षित रहने के साथ साथ अन्य लोगों को सुरक्षित करने बारे विस्तार पूर्वक जागरूक किया। पर्यावरण संरक्षण पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा की छोडो शमार्ना अच्छा स्वास्थ्य चाहिए तो साइकिल से करो आना जाना। विद्यार्थियों को नशे के विरुद्ध जागरूक करते हुए ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि नशे की समस्या गहन चिंता का विषय है और यह लोग शौंक में करते हैं। धीरे धीरे यह शौंक उनके जीवन में शौक के रूप में परिवर्तित हो जाता है। आज नशे के व्यापारी युवाओं को नशे के जाल में फंसा रहे हैं और यदि कोई छोड़ना चाहे तो उसको लोभ देकर नशा करने के लिए प्रेरित करते हैं। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो और राज्य पुलिस इस नशे को समूल नष्ट करने के लिए कृतसंकल्प है। यही कारण है कि नशे के अपराधियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई हो रही है तो दूसरी और जागरूकता के माध्यम से भी नशा मुक्त हरियाणा बनाया जा रहा है।

इस कार्य में सभी के सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर चर्चा करते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति प्रतिबंधित नशा बेच रहा है तो उसकी गुप्त सुचना 9050891508 पर दें। इतना ही नहीं यदि कोई नशा छोड़ना चाहता है तो भी इस पर सम्पर्क कर सकता है।

# 'रोजगार दो, न्याय दो अभियान के माध्यम से युवा कांग्रेस प्रत्येक युवा तक पहुंचेगी'

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा, ( कुलदीप सिंह )**

आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव के मध्य नजर मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने भी कमर कस ली है। मोदी सरकार की महत्वाकांक्षी योजना *अग्निपथ" के विरोध में हरियाणा युवा कांग्रेस 18 फरवरी को समालखा में मशाल यात्रा निकालेगी। शुक्रवार को प्रदेश युवा कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश सचिव राजीव कुहाड ने समालखा जीटी रोड स्थित अपने कार्यालय पर प्रैस कांफ्रेंस कर हरियाणा युवा कांग्रेस के प्रदेश व्यापी ह्यरोजगार दो, न्याय दोह्न अभियान को लांच करते हुए कहा कि प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व के




निदेर्शानुसार युवा कांग्रेस अपने इस अभियान के माध्यम से सभी ज़िलो के हर युवा तक पहुंचेगी और बेरोजगारी के विरोध में प्रदर्शन करेगी। हरियाणा युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव राजीव कुहाड ने प्रदेश सरकार पर हमला बोला और कहा कि बेरोजगारी में पूरे देश में हरियाणा पहले स्थान पर है। बीजेपी जेजेपी सरकार निरंतर प्रदेश के युवाओं के साथ अन्याय कर रही है। सरकार ने सीटैट ग्रुप सी की 32,000 एवं ग्रुप डी की 13,536 भर्तियों को 2021 से लंबित रखा हुआ है। नतीजों को एक साथ घोषित न कर धांधली की गई है। तीन साल में केवल एक बार सी टैट लेने से लाखों अभ्यथीर्यों को परीक्षा

**रोजगार दो**

8 सरकारी स्कूलों में टीजीटी और पीजीटी मिलाकर 27, 878 अध्यापकों के पदों को अब तक भरा नहीं गया

देने से वंचित रखा गया है । सरकारी स्कूलों में टीजीटी और पीजीटी मिलाकर 27, 878 अध्यापकों के पदों को अब तक भरा नहीं गया है। पिछले दस साल से जेबीटी की भर्तियां नहीं हुई हैं। सरकारी कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर के 62 प्रतिशत पद खाली पड़े हैं।

# जेजेपी की लोकसभा चुनाव की तैयारियां तेज

**चंडीगढ़:** जननायक जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव की तैयारियां तेज कर दी हैं। इस दिशा में जेजेपी ने शनिवार को सिरसा, डबवाली और भिवानी में लोकसभा चुनावी कार्यालयों का उद्घाटन किया। सिरसा और डबवाली में जेजेपी प्रदेश अध्यक्ष सरदार निशान सिंह तथा भिवानी में राज्य मंत्री अनूप धानक ने लोकसभा चुनाव कार्यालयों का शुभारंभ किया और पार्टी पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जेजेपी प्रदेशाध्यक्ष सरदार निशान सिंह ने कहा कि जेजेपी ने आज सिरसा और भिवानी लोकसभा में चुनावी कार्यालय खोले है।

# डॉ सुप्रिया ने रंगोत्सव प्रतियोगिता में लहराया परचम

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

मानव संसाधन विकास मंत्रालय व हरियाणा विद्यालय शिक्षा परियोजना परिषद, विद्यालय शिक्षा विभाग पंचकुला हरियाणा की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय "रंगोत्सव" प्रतियोगिता जो कि पंचकूला हरियाणा में आयोजित हुई उसमें शास्त्रीय नृत्य एवं शास्त्रीय गायन में पहला स्थान प्राप्त किया है एवं कुरुक्षेत्र जिले का नाम रोशन किया है, यहां यह बात उल्लेखनीय है कि हरियाणा के सरकारी विद्यालयों में कार्य कर रहे अध्यापकों के

**प्रथम**

8 डॉ सुप्रिया ने चार विधाओं में भाग लिया जिसमें शास्त्रीय नृत्य एवं शास्त्रीय गायन में प्रथम स्थान प्राप्त किया

लिए इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें हरियाणा के सभी जिलों से लगभग सभी अध्यापकों ने विभिन्न विधाओं में बढ़-चढ़कर व उत्साहपूर्वक भाग लिया। वर्तमान में डॉ सुप्रिया गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी



स्कूल शाहाबाद कुरुक्षेत्र में संगीत प्रध्यापिका के पद पर कार्यरत हैं। डॉ सुप्रिया ने जिला स्तर पर चार विधाओं में भाग लिया जिसमें शास्त्रीय नृत्य एवं शास्त्रीय गायन में प्रथम स्थान प्राप्त किया, व लोग गायन में द्वितीय स्थान प्राप्त किया सुप्रिया कई बार इससे पहले भी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुकी हैं व एक सफल कोरियोग्राफर भी है, इसके साथ-साथ गायन में भी अच्छी पकड़ रखती हैं ,डॉ सुप्रिया शर्मा अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता , शुभचिंतकों एवं गुरुजनों को देती हैं।

# विधायक सुरेंद्र पंवार का पार्श्वनाथवासियों ने जताया आभार



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत।** विधायक सुरेंद्र पंवार का पार्श्वनाथ सिटी वासियों ने बिजली कनैक्शन की समस्या का समाधान होने पर धन्यवाद किया। क्षेत्रवासियों ने कहा कि विधायक सुरेंद्र पंवार ने उनकी समस्या का समाधान करवाने के लिए अथक प्रयास किया है, जिसके परिणामस्वरूप उनकी समस्या का समाधान हुआ है।

पार्श्वनाथ सिटी आरडब्ल्यूए प्रधान सुरेंद्र सरोहा ने बताया कि पार्श्वनाथ सिटी में रहने वाले निवासियों ने बिजली कनैक्शन लेने के लिए कई बार कार्यालयों के चक्कर काटे थे, लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ। इसके बाद निवासियों ने एडवोकेट सौरभ सचदेवा के साथ विधायक सुरेंद्र पंवार से मुलाकात की। विधायक सुरेंद्र पंवार ने उनको बिजली कनैक्शन दिलवाने का आश्वासन दिया। इसके बाद विधायक सुरेंद्र पंवार ने सोनीपत से लेकर चंडीगढ तक बिजली कार्यालय

**प्रयास**

8 क्षेत्रवासियों ने कहा कि विधायक सुरेंद्र पंवार ने उनकी समस्या का समाधान करवाने के लिए अथक प्रयास किया

में उनके साथ जाकर उनके मामले की पैरवी की।

आखिरकार विधायक सुरेंद्र पंवार का प्रयास रंग लाया और पार्श्वनाथ सिटी वासियों को बिजली कनैक्शन देने के आदेश दिए गए। सेक्टर-15 स्थित विधायक सुरेंद्र पंवार के निवास स्थान पर पहुंचे सभी कालोनिवायिसों को विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि यह उनकी जिम्मेदारी थी, जिससे सभी पार्श्वनाथवासियों के सहयोग व आशीर्वाद से पूरा किया है। भविष्य में भी पार्श्वनाथवासियों के सुख-दुख में उनके साथ हमेशा तैयार रहूंगा।

# 'प्रतियोगिताओं में भाग लेने से छात्रों में बढ़ता है आत्मविश्वास'

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** भगवान परशुराम कॉलेज में आज भारत सरकार के द्वारा आयोजित भारत अंतरिक्ष सप्ताह के अन्तर्गत सांस्कृतिक समिति द्वारा "श्री राम अंतरिक्ष वेधशाला उत्सव " का आयोजन किया गया ।कॉलेज में ड्राइंग और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।जिसमें आठ विद्यार्थियो ने भाग लिया बी. ए. तृतीय वर्ष के गायत्री ,कार्तिक पांचाल,जय भारती, बी ए द्वितीय वर्ष अजयकुमार,शीतल बी .ए. प्रथमवर्ष मोहित कुमार,शिवानी तथा पारुल द्वारा श्री राम प्राण प्रतिष्ठा में पूजन करते हुए ,माँ सीता द्वारा पौधा



सिंचाई करते हुए,श्री राम द्वारा धनुष तोड़ते हुए,श्री राम लक्ष्मण और माँ सीता वन का भ्रमण करते हुए, श्री हनुमान जी व वानर सेना द्वारा रामसेतु का निर्माण करते हुए इन विषयों पर भाग लिया तथा इन्हीं विद्यार्थियों द्वारा पौधारोपण करवाया गया ।सांस्कृतिक समिति की संयोजिका डॉ रमा शर्मा ने प्राचार्य का स्वागत किया इस अवसर पर प्राचार्य प्रोफेसर शीशपाल शर्मा ने बताया कि हर विधा में विद्यार्थियों को बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए ।

इस तरह की गतिविधियों में भाग लेने से आत्मविश्वास बढ़ता है । इस अवसर समिति की सदस्य डॉ सरिता रॉय , श्रीमति मालविका , सुश्री वर्षा व डॉ प्रवीण शर्मा ,डॉ नंदकिशोर डॉ सुरेश कुमार , प्रो श्रीमति सुमन शर्मा उपस्थित रहे।

# अवैध असला तस्कर को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा समालखा** पुलिस टीम ने अवैध असला सप्लायर को समालखा फ्लाई ओवर पुल के नीचे से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान चक्षु निवासी पट्टीकल्याणा के रूप में हुई। थाना समालखा प्रभारी इंस्पेक्टर फुल कुमार ने बताया कि उनकी टीम ने बीते मंगलवार को जौरासी बाइपास पर गांव भापरा के नजदीक पट्टी कल्याणा निवासी शुभम उर्फ सोनू पुत्र संजय व भापरा निवासी सन्नी उर्फ स्नेह को अवैध एक देसी पिस्तौल व एक जिंदा रौंद सहित गिरफ्तार किया था। पूछताछ में आरोपी शुभम ने पुलिस को बताया था कि गांव निवासी उसके दोस्त चक्षु से कुछ दिन पहले उक्त देसी पिस्तौल व जिंदा रौंद उसको रखने के लिए दिया था। उक्त देसी पिस्तौल को वह अपने साथी भापरा निवासी सन्नी उर्फ स्नेह के साथ छुपाने के लिए जा रहा था। पुलिस ने बरामद अवैध देसी पिस्तौल व जिंदा रौंद को कब्जा पुलिस में लेकर आरोपियों के खिलाफ थाना समालखा में आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर आरोपी शुभम उर्फ सोनू व सन्नी को न्यायालय में पेश किया जहा से दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत जेल भेजने का बाद आरोपी चक्षु की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे।

# महाराजा अग्रसेन अस्पताल की ओर से स्वास्थ्य निरीक्षण कैम्प का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा ( कुलदीप सिंह )**

हिमगिरी पब्लिक स्कूल, बिहौली रोड़, समालखा में आज उजाला सिग्नल महाराजा अग्रसेन हस्पताल की ओर से स्वास्थ्य निरीक्षण कैम्प का आयोजन किया गया जिसमे डॉक्टरों की टीम द्वारा सभी स्टाफ सदस्यों का स्वास्थ्य निरीक्षण किया गया। हस्पताल की ओर से डॉ० निशांत, डॉ० विकास, डॉ० योगिता, डॉ० सुमित चार डॉक्टरों की टीम आई जिसने सभी स्टाफ सदस्यों का निरीक्षण करते हुए स्वास्थ्य सम्बन्धी परामर्श दिया । डॉ० निशांत ने बताया कि उनकी टीम समय-समय पर इस प्रकार के




निशुल्क स्वास्थ्य कैम्प लगाती रहती हैं जिसमे जरूरत मन्द लोगों का फ्री चैक अप कर उचित परामर्श दिया जाता है। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए आज हिमगिरी पब्लिक स्कूल में भी स्वास्थ्य कैम्प लगाकर स्टाफ सदस्यों का स्वास्थ्य निरीक्षण किया गया। प्रधानाचार्य प्रमोद राठी ने डॉक्टरों की टीम का स्कूल पँहुचने स्वागत किया तथा इस पावन कार्य के लिए उनका आभार व्यक्त किया ।

# सेवा ट्रस्ट यूके द्वारा सिलाई सेंटरों में महिलाओं को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक संस्था सेवा ट्रस्ट यू.के भारत द्वारा आज अग्रवाल धर्मशाला कुरुक्षेत्र मे सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित ऊषा सिलाई सेंटर जो कि आसपास के 25 गाँवों में चलाए जा रहे हैं उन सेंटर की सक्रिय महिला सदस्यों को सम्मानित कर अपना सामाजिक दायित्व निभाया। अग्रवाल धर्मशाला परिसर में आयोजित सम्मान समारोह की अध्यक्षता सेवा ट्रस्ट यूके भारत के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल द्वारा की गई। पवन मित्तल ने अपने संबोधन में बताया कि संस्था द्वारा समस्त प्रांत में महिला सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत महिलाओं को सम्मानित करने का लक्ष्य निर्धारित किया हुआ है, जिससे महिलाओं



को आत्मनिर्भर समानता ,सम्मान के अधिकार बोध का वह अपने बच्चों की पढ़ाई के प्रति अपनी जिम्मेदारी का अनुभव करवाया जा सके। कुरूक्षेत्र के भी विभिन्न गांवो वह शहर मे हर रोज यह कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं को सम्मानित किया जा रहा है। खंड कोआर्डिनेटर राजेश सैन- ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस कड़ी में अब तक संस्था द्वारा स्कूली छात्रों ,वृद्धाश्रम, स्लम एरिया के लोगों ,आशा वर्कर्स, स्वास्थ्य, सफाई कर्मी व खिलाड़ियों आदि के लिए 900 से ज्यादा सम्मान समारोह आयोजित कर लगभग तीन लाख लोगों को अपनी सह प्रयोजक डाबर इंडिया के सौजन्य से बूस्टर किट वितरित की जा चुकी है। पूजा सैनी ने बताया की इसके अतिरिक्त इसी प्रकार से उषा इंटरनेशनल के सहयोग से संस्था द्वारा 65 सिलाई केंद्रो की स्थापना कर हजारों महिलाओं के सशक्तिकरण एवं स्वालंबन कार्य को सफलतापूर्वक पूरा किया जा चुका है।

दिलबाग सोथा वह योगेश गर्ग ने बताया की संस्था ने करोना काल के संकट काल से की गई सेवा योजना का क्रम निरंतर जारी रखते हुए कन्याओं, विधवाओं, सफाई कर्मियों,वरिष्ठ नागरिकों तथा स्वयं सहायता समूहों को ऐलोवेरा जूस, शैंपू ,शहद, गुलकोज, पेस्ट, आयुष 64 आदि स्वास्थ्यवर्धक एवं दैनिक जीवनोपयोगी विभिन्न प्रकार की सामग्री वितरित कर उनके स्वास्थ्य एवं जीवन को सरल ,सुगम व सशक्त बनाने का प्रयास जारी रखा है। आज भी सभी महिलाओं को अपनी को स्पॉन्सर डाबर के सहयोग से गिफ्ट पैक देकर सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं ने सेवा ट्रस्ट के कार्यो की जमकर तारीफ की वह ट्रस्ट के उपस्थित सभी सदस्यों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर सेवा ट्रस्ट से विजय पंघाल, विजय गर्ग, विक्की सैनी, शारदा, रेखा, रेणु, ममता, सहित भारी संख्या में अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# लिटल एंजल्स स्कूल में विदाई समारोह आयोजित

## कार्यक्रम का शुभारम्भ कक्षा ग्यारह के छात्रों द्वारा कक्षा बारह के छात्रों को तिलक लगाकर किया गया




**लिटल** एंजल्स स्कूल में बारहवीं कक्षा के छात्रों का विदाई समारोह बड़ी ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोयल, उपप्रधानाचार्या गीता अरोड़ा, लिटल एंजल्स इंक्लूसिव स्कूल की प्रधानाचार्या सोनिया अरोड़ा व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ कक्षा ग्यारह के छात्रों द्वारा कक्षा बारह के छात्रों को तिलक लगाकर किया गया। छात्रों के अच्छे परीक्षा परिणाम व उनके उज्वल भविष्य के लिए हवन करवाया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कक्षा ग्यारह के छात्रों द्वारा मधुर गीत और शानदार नृत्य से सभी का अभिनंदन किया गया। कक्षा बारह के छात्रों द्वारा गणमान्य व्यक्तियों व अध्यापकों को प्लान्टर, गुलदस्ते व कार्ड देकर उनका धन्यवाद किया गया। तत्पश्चात छात्रों द्वारा विभिन्न गानों पर नृत्य और भांगड़ा प्रस्तुत किए गए। इस रंगारंग कार्यक्रम ने सभी का मन मोह लिया। पॉवरपॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से छात्रों की स्कूल से जुड़ी अनेक खट्टी-मीठी यादों को दिखाया गया । जिसे देखकर बच्चे अत्यंत भावुक और खुश थे । सभी छात्रों को ग्रुप फोटो दिए गए। सीनियर सेकैण्डरी कोर्डिनेटर संगीता सेठी ने सभी कक्षाओं का प्रोफाइल पढ़ा एवं बोर्ड की परीक्षा में आत्म केन्द्रित रहने की शिक्षा दी। प्रधानाचार्या आशा गोयल ने सभी छात्रों को सदैव विद्यालय से जुडे.रहने के लिए प्रेरित किया और भविष्य में उन्नति के पद पर अग्रसर रहने की शुभकामनाएँ दी। उपप्रधानाचार्या गीता अरोड़ा ने सभी छात्रों को कहा कि शिक्षा के द्वारा ही हम जीवन में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग, प्रधानाचार्या आशा गोयल व उपप्रधानाचार्या गीता अरोड़ा ने सभी बारहवीं कक्षा के छात्रों को उनकी बोर्ड परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएँ दीं व बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग कार्यक्रम की सराहना की। इसके बाद छात्रों को अनेक टाइटल भी दिए गए, जिसमें आदि जुनेजा को मिस्टर लिटल एंजल्स व साक्षी अरोड़ा को मिस लिटल एंजल्स का टाइटल दिया गया । साईंस स्ट्रीम में मि. स्कोलर-लक्ष्य शर्मा, मिस स्टूडियस-महक मोंगिया, कॉमर्स स्ट्रीम में मि. स्कोलर-पार्थ मदान, मिस स्टूडियस-तारिशी सलूजा, आर्टस स्ट्रीम में मि. स्कोलर-रीतिक, मिस स्टूडियस-लक्षिता, मि. चार्मिंग-शिवेक शर्मा, मिस एंडीयरिंग-लतान्या मानिक, मि. स्टाइलिश-समर्थ मदान, मिस एलिगेंट-रिया, मि. इन्फोमॉयस्ट्रो-लियम, मिस. इन्फोमॉयस्ट्रा-साहिबा, एंजल्स स्पोर्टस स्टार-रितम चावला, एंजल्स स्पोर्टस स्टार-साक्षी राणा, मि. शोस्टॉपर-तनिष्क वर्मा, मिस शोस्टॉपर-शिमली सेनगुप्ता को टाइटल दिया गया। अंत में सभी छात्रों ने डी.जे. फ्लोर पर झूमकर नृत्य किया। सभी छात्रों ने इस खुशी के पल को दिल खोलकर जिया व अपने जीवन का अविस्मरणीय पल बना लिया।

**रंगारंग कार्यक्रम**

8 छात्रों को अनेक टाइटल भी दिए गए, जिसमें आदि जुनेजा को मिस्टर लिटल एंजल्स व साक्षी अरोड़ा को मिस लिटल एंजल्स का टाइटल दिया गया

## न्यूज फ्लैश

### गांव चलो अभियान' में शामिल होकर मुस्लिम समाज के लोगों ने भी की मोदी सरकार प्रशंसा



**पानीपत/कमाल हुसैन**

**चलो** गांव अभियान के तहत गांव राणा माजरा में पहुंची भाजपा की प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता के साथ यहा के मुस्लिम समाज के लोगों ने भी जमकर मोदी सरकार और उनकी कल्याणकारी योजनाओं की जमकर तारीफ की। मुस्लिम समाज के लोगों ने वंदे मातरम के उद्घोष भी किए। यहां डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि पूर्व की सरकार क्षेत्रवाद जातिवाद से ग्रस्त हो कर काम करतीं थी, परंतु मोदी–मनोहर सरकारें बिना भेदभाव के जन सेवा कर रही है। एक समान विकास करा रही है। गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों ने फूल मालाओं से डाक्टर अर्चना गुप्ता का स्वागत किया। यहां लोगों को संबोधित करते हुए डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि मोदी ने विश्व में भारत की शान को बढ़ाया है। यमन,यूक्रेन, रूस तथा अफगानिस्तान से अपने नागरिकों को सुरक्षित निकालकर लाए। अर्चना गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सेना को आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित किया और भारत को रक्षा क्षेत्र में आयातकर्ता से निर्यातक बना दिया है।

डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि मोदी किसानों की फसलों का समर्थन मूल्य बुआवाई के समय घोषित करने की परंपरा डाल किसान हित में बड़ा कदम उठाया है।किसान भाईयों को छः हजार रुपए सम्मान निधि दे, उनकी छोटी–छोटी समस्यों से निजात दिलाई। सॉइल हेल्थ कार्ड तथा किसान संघ बना ऋण देना,किसानों को मामूली ब्याज दर पर ऋण देना,फसल बीमा योजना तथा नीम कोटेड यूरिया तथा नेनो यूरिया से लाभ दिया। साथ ही पूर्व प्रधान मंत्री किसान नेता चौधरी चरण सिंह तथा महान किसान वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न देने की घोषणा कर किसानों का सम्मान किया। इसके साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव को भारत रत्न देने की घोषणा कर विद्वता का सम्मान किया । युवाओं को मुद्रा योजनाएं, स्टार्ट अप से युवाओं को सक्षम बनया । नई खेल नीति से युवाओं को हौंसला बढ़ाया। प्रदेश महामंत्री ने कहा कि उज्जवला योजना , जनधन योजना, हर घर शौचालय तथा हर घर नल से जल तथा हर घर शौचालय से महिलाओं का सम्मान बढ़ाया प्रधान मंत्री आवास योजना से गरीब आदमी का अपना घर का स्वपन पूरा कर रहे है, साथ आयुष्मान योजना से गरीब आदमी को इलाज की चिंता से मुक्त किया। इस कार्यक्रम में जब मुस्लिम लोगों ने पूरे जोश के साथ भारत माता तथा वंदे मातम के नारे लगाए तो पूरा माहौल में समरसता से भर गया। मुस्लिम समाज के लोगों ने कहा कि मोदी बिना भेद भाव के काम कर रहें है। मोदी मनोहर की सरकार बिना भय की सरकार है। इनमें किसी के साथ कोई भेद भाव नहीं हो रहा। बल्कि सबका समान विकास मोदी मनोहर सरकार ने किया है।

**मुस्लिम समाज से उपस्थित बहन–** भाईयों ने कांग्रेस पर मुस्लिम समाज को गुमराह करने वाली पार्टी बताया। अब मुस्लिम कांग्रेस नीति को समझ चुकी है। अब मुस्लिम पुर्णतः भाजपा को समर्पित है।

**गांव ने डा. अर्चना गुप्ता को समालखा की बेटी कह दुलार दिया**

डा. अर्चना गुप्ता ने गांव में लोगो को घर घर जाकर विकास कार्यों की चर्चा कर जानकारी दी।कार्यक्रम के संयोजक रविंद्र पांचाल तथा सौरभ गुप्ता साथ रहे।

### बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में सब स्टेशन से 35 मीटर बिजली की तार चोरीख मामला दर्ज

**गन्नौर।** बड़ी औद्योगिक क्षेत्र स्थित 220 केवी सब स्टेशन से बीती रात अज्ञात चोर बड़ी केवल के ड्रम से करीब 35 मीटर बिजली की तार चोरी कर ले गए। चोरी की शिकायत सब स्टेशन में कार्यरत बिजली विभाग के जेई ने बड़ी औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस को दी। पुलिस को दी शिकायत में बिजली विभाग के जेई नीरज ने बताया कि 9 फरवरी की सुबह सब स्टेशन में डियूटी पर जाने के बाद देखा कि केबल के ड्रम से करीब 35 मीटर केबल को चोर दीवार से फैन्सीग काटकर केबल चोरी कर के ले गए। चोरी की शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्जकर चोरो की तलाश शुरू कर दी।

# विधायक ने प्रेम नगर सरकारी स्कूल का किया दौरा



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अंबाला शहर के विधायक असीम गोयल ने प्रेम नगर सरकारी स्कूल का दौरा किया उन्होंने विद्यालय में उपस्थित छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिए अच्छी बातचीत की और छात्रों ने अपनी- अपनी समस्याएं सांझा की उन्होंने स्टाफ सदस्यों के साथ स्कूल में किए जाने वाले और अधिक सुधारो एवं आवश्यकताओं के बारे में विभिन्न चर्चा की इस अवसर पर प्राइमरी हेड हरिंदर कौर मैडम सहित सभी स्टाफ सदस्यों ने बुक्का देकर विधायक असीम गोयल का स्वागत किया

# कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया




**टीम एक्शन इंडिया/समालखा ( कुलदीप सिंह)**

चंदन बाल विकास पब्लिक स्कूल आट्टा में कक्षा ग्यारहवीं के द्वारा कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने तिलक लगाकर, पुष्प वर्षा द्वारा कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य अनिल कुमार व अध्यापकगण द्वारा दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना से किया गया। तदुपरांत कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मंच संचालन लक्षिका, कृतिका, रीतिका,अक्षमा प्रीति, सानिया द्वारा बड़े ही मनोहारी ढंग से किया गया। कार्यक्रम में नृत्य ,संगीत,तथा कई प्रकार के खेल व मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। अंत में बच्चों को अलग-अलग खिताब से सम्मानित किया गया।

इनमें मिस्टर फेयरवेल गौरव रुहल,मिस फेयरवेल साक्षी, मिस्टर इव राहुल मिस इव खुशी जैन, मिस्टर सिंपल आर्यन, मिस सिंपल अवनी सरोहा, फिटनेस आइकन अजय, स्टुडेंट ऑफ द इयर दीपांशु, फोटो जैनिक तुषार व वर्षा रहे। स्कूल प्रबंधक नरेश कुमार ने लोंग लास्टिंग अचीवर्स को स्मृति चिह्न द्वारा पुरस्कृत किया। कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने बारहवीं के सभी छात्र_ छात्राओं को उनके अनुरूप शीर्षक व उपहार भेंट किए। डॉ श्वेता, प्रवीण कुमारी, हरजीत कौर, विक्की, अश्विनी गौरव ,सुरेंदर, जितेंद्र आदि मौजूद रहे। प्रबंधक नरेश गाहल्यान व प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने सभी छात्रों को सद्मार्ग पर चलने अनुशासित ढंग से रहने व उन्हें उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# दूरदराज क्षेत्रों के लुप्त उत्पाद सरस मेले के माध्यम से हो रहे है लोकप्रिय



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़ सेक्टर 34 स्थित सरस** मेले में ग्रामीण विकास एव पंचायती राज मंत्रालय के अधीन रुरल लाईवलीहुड मिशन द्वारा आयोजित किया जा रहा सरस मेले में देवभूमि के दूर दराज क्षेत्रों से आई उद्यमी महिलायें लुप्त उत्पादों की खूब बिक्री कर रही हैं। लाहौल और स्पिति जिले के त्रिलोकनाथ से त्रिलोकीनाथ सेल्फ हैल्प ग्रुप की शीला देवी सीबकथोन के उत्पादों की विस्तृत रेंज पेश कर रही है। सीबकथोन का जूस कैंसररोधी होने के साथ कई मेडिसनल वैल्यू देता है। इनके साथ शिलाजीत और काला जीरा भी इनके स्टाल में आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। किन्नौर जिले के निचार खंड स्थित चित्ररेखा सेल्फ हैल्प ग्रुप की महिलायें ड्राईफ्रूट्स के विभिन्न उत्पाद मेले में लाई हैं। इनमें प्रमुख रुप से अखरोट, बादाम, चिलगोजा, मूड़ी, खुरमानी, सूखे बुरांस के फूल सहित विभिन्न प्रकार के आटा और दालों की महत्वताओं से अवगत करवा खूब सेल कर रही हैं। खाद्य उत्पादों के साथ साथ लाहौल क्षेत्र के नाल्दा से आई अनीता हाथ से बुने गर्म कपड़ों को लाई हैं। प्रदर्शित कपड़ों के अलावा वे स्टाल में स्वयं उनी बुनाई के साथ लाईव डेमो दे रही है। यह उनी बुनाई लाहौली पारम्परिक डिजाईन को प्रदर्शित करते हैं। इन उत्पादों में लाहौली जूराबें, मफ्लर, टोपी, दस्ताने आदि शमिल हैं।

उन्होंने बताया कि सर्दियों के दौरान मैदानी इलाकों में इन खूब मांग होती है।

पवित्र माने जाने वाली कुशा घास को सोलन की डिंपल ने अपने हस्त उत्पादों के माध्यम से नया स्वरूप दिया है। डिंपल अपनी इस बारिक बुनाई के माध्यम से कुशा ग्रास घास से कुशा आसन, चपाती बॉक्स, पूजा की टोकरी, पेन स्टैंड, चप्पलें, राखियां, पूजा मेट आदि प्रदर्शित किये हुये हैं। मेले में प्रत्येक स्टाल अपनी एक सफल गाथा (सक्सेस स्टोरी) दशार्ती हैं। ग्रुप्स मंत्रालय का आभार व्यक्त करते हैं कि उन्हें हिमाचल प्रदेश के बाहर बेहतरीन मार्केट प्रदान करवा आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जाता है।

**मांग**

8 पवित्र माने जाने वाली कुशा घास को सोलन की डिंपल ने अपने हस्त उत्पादों के माध्यम से नया स्वरूप दिया है

# विद्यार्थियों ने किया सूर्य नमस्कार का अभ्यास

**गन्नौर।** बादशाही रोड स्थित जनता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को विद्यार्थियों को योग प्रशिक्षण दिया गया। हर घर परिवार सूर्य नमस्कार कार्यक्रम के तहत पट्टी ब्राह्मण योगशाला से आए आयुष योग सहायक वीरेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया। वीरेंद्र सिंह ने बताया कि योगाभ्यास शरीर, मन, विचार एवं कर्म के बीच सामंजस्य स्थापित करता है। योग हमारी जीवनशैली में परिवर्तन लाकर हमारे अंदर जागरूकता उत्पन्न करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित रूप से इसे दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। इस मौके पर विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

# सीनियर सिटीजन को टैक्स में दी जाए छूट : मधुसूदन बवेजा



**टीम एक्शन इण्डिया कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** ग्लोबल इवेंटस ऑर्गेनाईजेशन ट्रस्ट के इंटरनेशनल चेयरमैन मधुसूदन बवेजा ने कहा कि सीनियर सिटीजन को हर प्रकार के टैक्स में छूट दी जानी चाहिए। सरकार सीनियर सिटीजन को मेडिकल की कोई सुविधा नही देती है। इसी प्रकार सीनियर सिटीजन को न ही कोई बैंक लोन की सुविधा मिलती तो उनकी बैंक सेविंग पर टैक्स क्यों लिया जाता है? एक आम आदमी अपनी सारी जिंदगी की कमाई से मुश्किल से पैसा बुढ़ापे के लिए सेविंग करता है ताकि उसका बुढ़ापा सही ढंग से निकल सके। ऐसे में सरकार को सीनियर सिटीजन की सेविंग पर टैक्स में छूट दी जानी चाहिए। एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने कहा कि हरियाणा सरकार को बजट में सीनियर सिटीजन के लिए रियायती टिकट दोबारा से शुरू करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में सीनियर सिटीजन के लिए रियायती टिकट बंद कर दी गई थी जिसके बाद यह रियायती टिकट शुरू नही की गई है।

इस कारण से सीनियर सिटजनस को काफी परेशानी हो रही है। इसके अलावा सीनियर सिटीजन को हवाई यात्रा में भी रियायत देनी चाहिए। यदि सरकार ने सीनियर सिटीजन को राहत नही दी तो सीनियर सिटीजन आगामी चुनावों में सरकार का बहिष्कार करेंगे।

# शेखपुरा के पास फैक्ट्री के बाहर खड़ी मोटरसाईकिल चोरी, मामला दर्ज

**गन्नौर।** गांव शेखपुरा के पास स्थित एक फैक्ट्री के बाहर खड़ी मोटरसाईकिल को अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। चोरी की शिकायत मोटरसाईकिल मालिक ने पुलिस को दी। गन्नौर थाना पुलिस को दी शिकायत में गांव खेड़ी गुज्जर के सलमान ने बताया कि 9 फरवरी की रात को अपनी मोटर साईकिल को फैक्ट्री के बाहर खडा कर दिया था। रात को करीब 12 बजे फैक्ट्री के बाहर गया तो देखा कि मेरी मोटरसाईकिल वहा से गायब मिली। उसके बाद मोटरसाईकिल को आसपास पता किया तो कोई सुराग नही लगा। उसके बाद पुलिस में चोरी का मामला दर्ज करवाया है।

# भाषण के माध्यम से अपने विचार प्रकट किए




**पानीपत/कमाल हुसैन**

पीसीसी अकैडमी में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य देश में हो रही राजनीति जैसे मुद्दों पर था । इस मौके पर बच्चों ने अंग्रेजी भाषा का इस्तेमाल करते हुए नाटक के माध्यम से राजनीति जैसे मुद्दों पर चर्चा की एवं भाषण के माध्यम से अपने विचार प्रकट किया।

इस मौके पर पीसीसी एकेडमी के निदेशक राजीव परुथी ने कहा हमारा मुख्य उद्देश्य मंच का डर खत्म करना है एवं अंग्रेजी बिना डरे बोलना सीखना है। परंतु आज नाटक प्रतियोगिता देखकर बच्चों के अंदर जोश और जुनून की भावना को देखकर काफी अच्छा महसूस हुआ बच्चों ने राजनीति जैसे मुद्दों पर जमकर चर्चा की एवं नाटक का नाम राजनीति की पाठशाला रखा गया मौके पर बच्चों ने वोट का अधिकार एवं देश की प्रगति एवं विकास और ईमानदारी की भावना जैसे मुद्दों पर नाटक के माध्यम से मंच पर प्रदर्शन किया। इस मौके पर राजीव परुथी ने सभी बच्चों को समाज सेवा करने की अपील की एवं युवाओं को प्रेरित किया कि वह अपने मोहल्ले में कहीं भी किसी जरूरतमंद की मदद करें एवं राजीव परुथी ने कहा इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों के अंदर देश एवं समाज के प्रति प्यार की भावना उत्पन्न होती है इस मौके पर शिल्पा परुथी ने कहां आज समय बदल चुका है जो महिलाएं घर बैठकर सिर्फ अपने आप को कोसने का काम करती हैं। उन्हें अपील की वह घर से बाहर निकले एवं कुछ सीखें और अपने जीवन में बदलाव लाएं अपने लिए नहीं तो अपने बच्चों के लिए उनको आज नहीं तो कल घर से बाहर निकलना पड़ेगा इस मौके पर प्रियंका तनु पलक सिमरन संजना आदि मौजूद रहे।

**प्रेरित किया**

8 अपने जीवन में बदलाव लाएं अपने लिए नहीं तो अपने बच्चों के लिए उनको आज नहीं तो कल घर से बाहर निकलना पड़ेगा

# गैलेक्सी कोर्ट के दुकानदारों को नहीं होने दिया जाएगा उनका शिकारः महिपाल

## वह 13 फरवरी को चंडीगढ़ में होने वाली विधायक दल की बैठक में मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर से इस बारे में अपनी बात रखेंगे



**पानीपत/कमाल हुसैन**

अंसल एपीआई में स्थित गैलेक्सी कोर्ट के दुकानदार अपना मालिकाना हक पाने के लिए गैलेक्सी कोर्ट मार्केट सोसाइटी और जन आवाज सोसाइटी के नेतृत्व में ग्रामीण विधायक महिपाल ढांडा से उनके एलडीको स्थित आवास पर अपनी दुकानों का कंप्लीशन जारी करवाने की मांग को लेकर ज्ञापन सोपा जिस पर विधायक महिपाल ने कहा कि अंसल एपीआई मालिक बहुत बड़े फ्रॉड हैं। उन लोगों ने पहले भी अंसल के अंदर बहुत बड़े फ्रॉड किए हैं लेकिन वह अंसल एपीआई के अंदर स्थित गैलेक्सी कोर्ट के अपने दुकानदारों को उनके फ्रॉड का शिकार नहीं होने देंगे उन्होंने दुकानदारों को भरोसा दिलवाते हुए कहा कि वह 13 फरवरी को चंडीगढ़ में होने वाली विधायक दल की बैठक में मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर से इस बारे में अपनी बात रखेंगे और उनका पूरा प्रयास रहेगा की बहुत शीघ्र ही सभी दुकानदारों को उनका मालिकाना हक मिले।

इस अवसर पर जोगिंदर स्वामी पूर्व जिला पार्षद एवं प्रधान जन आवाज सोसाइटी ने कहा कि हजारों करोड़ का यूडीलैंड घोटाला करने वाले अंसल मालिक ,डीटीपी अधिकारी खुला घूम रहे हैं। और अपने खून पसीने से खरीदी गई दुकान के मालिक पूरी पूंजी जमा करने के बाद भी आज तक दुकानों के मालिक नहीं बने उन्होंने कहा कि इसमें सबसे बड़े दोषी डीटीपी अधिकारी है जिन्होंने एक साइट को कंप्लीट होने से पहले ही दूसरी जगह पर प्लानिंग करवा कर नक्शे जारी करते रहे और किसी भी प्रकार की अनियमितताओं को न देखकर उल्टा मिली भगत करके करोड़ों रुपए के घोटाले को अंजाम देते रहे उन्होंने कहा कि अंसल एपीआई में हो रहे घोटालों की उनके द्वारा कई सालों से कंट्री एंड टाउन प्लानिंग विभाग निदेशालय चंडीगढ़ और जिला योजनाकार पानीपत को शिकायतें दी जाती रही लेकिन यह अधिकारी उनकी शिकायतों को अपनी कमाई का साधन बनाते रहे उन्होंने मांग करते हुए कहा कि सरकार तत्काल प्रभाव से इस जगह की कंप्लीशन जारी करवा कर सैकड़ो दुकानदारों के ऊपर लटक रही सीलिंग की तलवार के भय से बचाया जाए।

सुरेंद्र राणा महासचिव गैलेक्सी कोर्ट मार्केट सोसाइटी ने कहा कि वे लोग काफी समय से इस लड़ाई को लड़ते आ रहे हैं।

**ज्ञापन सौंपा**

8 हजारों करोड़ का यूडीलैंड घोटाला करने वाले अंसल मालिक ,डीटीपी अधिकारी खुला घूम रहे हैं

# फूल खरब को ग्राम परिक्रमा यात्रा का जिला संयोजक नियुक्त किया गया



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस सोनीपत में किसान मोर्चा भाजपा की प्रेस वार्ता की गयी जिसमें फूल खरब को ग्राम परिक्रमा यात्रा का जिला संयोजक नियुक्त किया गया। फुल खरब प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा में डॉ राजेश दहिया , सुरेंद्र आर्य , अजय भटाणा , कृष्णचंद्र शर्मा , श्यामवीर खत्री को जिला सह संयोजक नियुक्त किया। किसान मोर्चा की ग्राम परिक्रमा यात्रा 12 फरवरी से 13 मार्च तक प्रतिदिन 5 गांव की परिक्रमा की जाएगी जिसमें गौ पूजन हाल पूजन का कार्यक्रम किया जाएगा । 12 फरवरी को राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर शुक्रताल मुजफरनगर से शाकुम्भरी देवी बेहट विधानसभा सहारनपुर तक यात्रा जायेगी । जो की लाइव गांव के कार्येकर्म मे देखी जाएगी। ग्राम परिक्रमा यात्रा के तहत किसानों को भाजपा से जोड़ने नए लोगों को पार्टी में जोड़ने किसानों को सरकार की योजनाओं से अवगत करवाने तथा लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में ज्यादा से ज्यादा मतदान करवाने के कार्य किए जाएंगे।

# गांव रामगढ़ व संजय एन्कलेव में भाजपा ने चलाया अभियान

## आयुष्मान भारत के तहत 37 करोड़ प्लस लाभार्थियों को सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं दी जा रही है: मंगत राम शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

मेरा बूथ सबसे मजबूत के ध्येय के साथ 'गांव चलो, बूथ चलो अभियान के निमित्त शनिवार को गांव रामगढ़ के बूथ संख्या 100 और 101 और संजय एन्कलेव बूथ नम्बर-102 में गांव का भ्रमण किया गया और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों पर चर्चा हुई।

इस मौके पर पूर्व निगम प्रत्याशी भाजपा और मंत्री दिल्ली प्रदेश किसान मोर्चा भाजपा मंगत राम शर्मा के अलावा डॉ आर्य, इंद्रजीत सिंह, वेद खना, घनश्याम पाल, नरेश सिसोदिया सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

इस अवसर पर दिल्ली प्रदेश किसान मोर्चा भाजपा के मंत्री मंगतराम शर्मा ने बताया कि आज बूथ संख्या 100, 101 और 102 पर 'गांव चलो, बूथ चलो अभियान' चलाया गया।





इस अवसर पर मंगतराम शर्मा ने लोगों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा लागू की गई योजनाओं के बारें में जानकारी दी, तो वहीं श्री शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 80 करोड़ भारतीयों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। 51 करोड़ से अधिक जन-धन खातों से गरीबों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ा गया है। उन्होंने आगे बताया कि 10 करोड़ से अधिक मुफ्त एलपीजी कनेक्शन और 11.72 करोड़ शौचालयों का निर्माण करवाया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि सुकन्या समृद्धि योजना के तहत 3.18 करोड़ प्लस खाते खुले है। श्री शर्मा ने आगे बताया कि आयुष्मान भारत के तहत 37 करोड प्लस लाभार्थियों को सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सेवा दी जा रही है।

# बवाना: महर्षि दयानंद विद्या भवन में कार्यक्रम का हुआ आयोजन





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**महर्षि** दयानंद विद्या भवन स्कूल बवाना में विशेष सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक उत्तम आर्य ने बताया कि कार्यक्रम में योगासन प्रदर्शन, मोटिवेशनल सेमिनार और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर आर्य प्रतिनिधि सभा दक्षिण अफ्रीका के कोषाध्यक्ष प्रबोध वेदालंकार व विशेष अतिथि के तौर पर सार्वदेशिक आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी आदित्यवेश का आगमन हुआ।

वेदालंकार ने भाषण के दौरान वैदिक शिक्षा पद्धति को सर्वश्रेष्ठ बताया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक अरुण ठाकरान ने स्मृति चिन्ह देकर मुख्य अतिथि का सम्मान किया। कार्यक्रम में प्रदीप डबास, आशीष ठाकरान, प्रवीण सहरावत व धर्मपाल सहरावत सहित अतिथिगण मौजूद रहे।

# कमला नगर: देश को बेचने में लगी है भारतीय जनता पार्टी: अजय गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**जैसे-जैसे** लोकसभा व विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहें है वैस-वैसे सभी चुनावी दल एक दूसरों के उपर हमलावर हो रहे है। इसी कडी में मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र स्थित कमला नगर में रहने वाले व चांदनी चौक जिला कांग्रेस कमेटी के डेलीगेट अजय गुप्ता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश को अंग्रेजों की तरह लूट रही है और कांग्रेस का लक्ष्य इसे सत्ता से बेदखल करके देश को बचाना है।



अजय गुप्ता ने मोदी सरकार को सवालों के कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने रेलवे, हवाई अड्डों, ऊर्जा वितरण प्रणाली और सार्वजनिक क्षेत्र की कई कंपनियों को निजी स्वार्थ के लिए बेच दिया। जिससे देश को काफी नुकसान भी पहुंचा हैं। गुप्ता ने कहा कि भाजपा अंग्रेजों की तरह देश को लूट रही है। देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था, संविधान और न्याय व्यवस्था को खत्म करने की कोशिश की जा रही है। लेकिन जिस तरह शक्तिशाली ब्रिटिश शासन को उखाड़ फेंका गया, उसी तरह कांग्रेस पार्टी का उद्देश्य भाजपा की निरंकुश सरकार को उखाड़ फेंकना है। अजय गुप्ता ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के बाद से लोगों में जागरूकता आई है जिसके बाद से देश में माहौल बदल गया है और राहुल गांधी के नेतृत्व के प्रति समर्थन बढ़ रहा है।

# 'तुमको अपनी जीत लिखूं' गीत व गजल संग्रह की पाठकों ने की सराहना

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

चंद्रमणि ब्रह्मदत्त ने बताया कि "तुमको अपनी जीत लिखूँ " गीत व गजल संग्रह जनप्रिय कवि संजय कुमार गिरि द्वारा रचित संग्रह है। इसमें कुल 138 पेज में सिमटे भावपूर्ण संग्रह में देश के महत्वपूर्ण साहित्यकारों ने अपनी शानदार भूमिका के आशीर्वाद रूपी दो शब्दों को लिखकर पहले ही प्रिय संजय जी की कलम पर अपनी सकारात्मक स्वीकृति की मोहर लगा दी है और आपकी सारी रचनाओं में सार्थकता साफगोई के धरातल की स्पष्ठ रूप से झलक दिखलाई पड़ती है। किसी भी रचना के रचनात्मक लेखन की ये खास पहचान होती है कि उसकी कलम की बात सभी को



सहज सरल और सरस रूप से समझ आती है और रचनाओं में पढ़ने-सुननें में अंत तकरसापान बना रहे और रचनाकार और पाठक श्रोता के बीच पढ़ते सुनते समय मधुर सामंजस्य की कड़ी बरकरार बनी रहे। जिसका प्रिय संजय जी ने अपनी कलम, सोच से खास ख्याल रखा है।

समस्त रचनात्मक रचनायें रुचिकर हैं और आप सभी से भी गुजारिश है कि आप भी "तुमको अपनी जीत लिखूं" को एक बार जरूर पढ़ें।

# बुराड़ी में आदेश भारद्वाज ने शॉल ओढ़ाकर तेजप्रताप शर्मा का किया स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

बुराड़ी क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी तेजप्रताप शर्मा को 12 गांवो की खाप द्वारा सर्वसम्मति से ब्राह्मण समाज खाप का अध्यक्ष चुना गया है। जिसकी जानकारी मिलने पर क्षेत्र के राजनीतिक और सामाजिक संस्थाओं से जुड़े लोगों में काफी हर्ष का माहौल रहा। करावल नगर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष और समाजसेवी आदेश भारद्वाज ने भी शाल ओढ़ाकर और पुष्पाहार पहनाकर तेजप्रताप शर्मा का स्वागत किया। आदेश भारद्वाज ने बताया कि तेजप्रताप शर्मा शुरू से ही सामाजिक कार्यों में रुचि लेते रहे हैं। जिसमे 'गरीब व निर्धन लोगों की कन्याओं के सिलाई-कढ़ाई सिखाने के कार्यों और गरीब कन्याओं के विवाह





करवाने से लेकर मजबूर बेसहारा विधवाओं और अनाथ बच्चों के पुनर्वास जैसे अहम कार्यों में तन-मन और धन से आगे बढ़कर सहयोग करते रहे हैं और फिर चाहे वह किसी भी वर्ग जाति या समाज के जरूरतमंद लोग रहे हों। तेज प्रताप का अध्यक्ष चुना जाने से न सिर्फ समाज के लोगों में बल्कि युवाओं में भी सकारात्मक संदेश जाएगा जो एक अच्छा संकेत हो सकता है। इस अवसर पर शिवकुमार शर्मा, संजीव भारद्वाज, मोनू शर्मा, नेगी फर्नीचर वाले मिस्टर नेगी, अजय बॉबी, सुरेश कुमार, सुनील कुमार, हर्ष भारद्वाज, विवेक भारद्वाज के अलावा बुराड़ी व्यापार मंडल के बालेराम पंवार, जिले सिंह सैनी, बच्चन लाला सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# नरेला विधानसभा में राम जन्म का प्रसंग सुन भाव विभोर हुए श्रोता







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

बाहरी दिल्ली के नरेला में समस्त महिला मंडल की ओर से सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। नरेला के रेलवे रोड़ स्थित नदीमल धर्मशाला में आयोजित भागवत कथा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है।

शनिवार को चौथे दिन की कथा में वृंदावन से पधारे कथावाचक श्रीकृष्ण स्वामी महामंडलेश्वर ने वामन अवतार, राम जन्म, कृष्ण महोत्सव आदि कथा प्रसंग का सुंदर व्याख्यान किया। चौथे दिन की कथा में कथा व्यास कृष्ण स्वामी ने व्यास पीठ से राम जन्म की कथा सुनाई तो श्रोता भाव विभोर हो गए। उन्होंने कहा कि जब अयोध्या में भगवान राम का जन्म होने वाला था तब समस्त अयोध्या नगरी में शुभ सुकून होने लगे। भगवान राम का जन्म होने पर अयोध्या नगरी में खुशी का माहौल हो गया चारों ओर मंगल गान होने लगे।

उन्होंने बताया कि भगवान राम का जन्म असुरों और पपिया का नाश करने के लिए हुआ था। मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम का जीवन चरित्र अनंत सदियों तक चलता रहेगा। राम कथा में पिता के प्रति मां के प्रति और भाई के प्रति प्रभु राम का जो स्नेह, प्रेम रहा वह सदा-सदा के लिए अमर है। इस दौरान राम के जन्म होते ही पुष्प वर्षा होने लगी भक्तों ने भक्ति भाव से भगवान राम की कथा का रसपान किया। वहीं वामन अवतार की कथा में उन्होंने बताया कि वामन अवतार के रूप में भगवान विष्णु ने राजा बलि को यह शिक्षा दी की दंभ और अहंकार से जीवन में कुछ हासिल नहीं होता और यह धन संपदा क्षण भंगुर होती है। इसलिए इस जन्म में परोपकार करों। उन्होंने बताया कि अहंकार गर्व और ईर्ष्या से मुक्त होने पर ही मनुष्य को ईश्वर की कृपा प्राप्त होती है ईर्ष्यालु व्यक्ति अपने जीवन में कभी तरक्की नहीं कर सकता।

कथा उपरांत आरती व प्रसाद वितरण किया गया। कथा में कृष्ण बंसल प्रधान, विष्णु भारद्वाज, राजेंद्र सिंघल, सरदार पदम सिंह, लक्ष्मी नारायण, महावीर गुप्ता, मोहित गुप्ता, सुनीता गुप्ता, सुनीता मंगला, संतोष, मनीषा, नेहा, गोयल सहित सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।





# चाणक्यपुरी में एनडीएमसी के 'ट्यूलिप फेस्टिवल- 2024' का हुआ भव्य उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**राष्ट्रीय** राजधानी क्षेत्र के केंद्र में ट्यूलिप के फूलों की नई बहार के साथ नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ट्यूलिप महोत्सव 2024 के दूसरे संस्करण का आज नई दिल्ली के चाणक्यपुरी में शांति पथ पर 'ट्यूलिपा-ट्यूलिप की यात्रा' थीम पर एक प्रदर्शनी के साथ शुरू हुआ।

एनडीएमसी के ट्यूलिप फेस्टिवल 2024 के तहत, एनडीएमसी ने ट्यूलिप के इतिहास के साथ-साथ हॉलैंड से लुटियंस दिल्ली तक की यात्रा को दशार्ने के लिए सूडान दूतावास के पास चाणक्यपुरी के



राजनयिक क्षेत्र में ट्यूलिप फ्लावर बेड के पास एक प्रदर्शनी लगाई। इस प्रदर्शनी में विभिन्न प्रकार के ट्यूलिप के गुण और विशेषताओं को भी प्रदर्शित किया गया है। ट्यूलिप वॉक में स्कूलों के सैकड़ों विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया और प्रदर्शनी देखी। 'गिव मी ट्री ट्रस्ट' के श्री इश्तियाक ने छात्रों को ट्यूलिप के इतिहास और यात्रा के बारे में बताया और ट्यूलिप के बारे में उनकी जिज्ञासा पर छात्रों से बातचीत भी की।

# मॉडल टाउन: कांग्रेस ने देश को लूटा और भाजपा ने लौटाया है: हरीश असड़ी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**मॉडल** टाउन विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले वार्ड नंबर-68 स्थित विजय नगर में रहने वाले व भाजपा नेता व राणा प्रताप बाग से पूर्व निगम प्रत्याशी हरीश असड़ी ने कांग्रेस व उसके सहयोगी दलों पर निशाना साधते हुए कहा है कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने देश को लूटा है और गरीब के हाथ में भीख का कटोरा थमा दिया था। वहीं उन्होनें कहा कि जब से देश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आई है तब से देश का अंतिम व्यक्ति भी अपने परिवार संग खुशहाली भरी जिंदगी जी रहा है, इसके साथ ही हरीश असड़ी ने



कहा कि भाजपा की सरकार ने देश को लौटाया है। हरीश असडी ने आगे कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने देश को सिर्फ लूटा है, जबकि मोदी सरकार ने देश को मान-सम्मान, खुशहाली, समृद्धि और विकास सहित देश की उन्नति लौटाई है। असड़ी ने कहा कि कांग्रेस ने 70 वर्षो तक देश के लोगों के साथ सिर्फ छल और स्वार्थ की राजनीति की, जबकि भाजपा सरकार आने के बाद हमारी सरकार कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये है, जिसमें कि अनुच्छेद 370 एवं रामजन्म भूमि जैसे लंबे समय से अटकायी गई, राष्ट्रीय समस्याओं के समाधान के संकल्प के साथ देश की सेवा कर राम मंदिर समर्पित किया है। वहीं उन्होनें कहा कि देश की जनता ने मोदी को कठोर निर्णय लेने के लिए चुना है और वह राजनीतिक नहीं करते है।

# खरखौदा पहुँचे डीसी विकास कार्यो से नही हुए संतुष्ट

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने उपमंडल खरखौदा के विकास को मजबूती देने के लिए की गई मुख्यमंत्री घोषणाओं की वर्तमान स्टेटस रिपोर्ट तलब करते हुए समयबद्धता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि अब निर्धारित की गई समयावधि में कोई भी घोषणा लंबित रहती है तो संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने विभिन्न विकास कार्यों का मौके पर जाकर निरीक्षण भी किया। जिसमें छपड़ेश्वर तालाब के सौंदर्यकरण पर उपायुक्त ने असंतोष जताते हुए संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी करने के निर्देश देते हुए तलब किया।एसडीएम कार्यालय खरखौदा में उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने मुख्यमंत्री घोषणाओं की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने नगर पालिका के तहत किये जाने वाले



विकास कार्यों की भी गंभीरता से पड़ताल की। अंबेडकर पार्क का निर्माण व अवैध कब्जा हटवाने, जोहड़, शिव चौक, छपड़ेश्वर व बस अड्डे के पीछे वाले जोहड़ के सौंदर्यकरण के साथ गंदे पानी की निकासी पर चर्चा की। उन्होंने खांडा में गलियों के निर्माण, तालाबों की सफाई, सिसाना जुआं माईनर में पंप लगाने, विभिन्न गांवों में व्यायामशालाओं की स्थापना, मंडोरा व सिसाना में खेल स्टेडियम, झरोंठी में पार्क, सामुदायिक केंद्र, दादा शहीदवाला तालाब, लाईब्रेरी, फरमाणा खरीद केंद्र को अपग्रेड करने, खरखौदा शहर के प्रमुख सडकमार्ग व पीपली रोड की गंभीरता से समीक्षा की। इन कार्यों के लिए उन्होंने समयावधि का निर्धारण किया। साथ में उन्होंने निर्देश दिए कि जिन विकास कार्यों के टेंडर हो चुके हैं उन्हें तीन सप्ताह के भीतर प्रारंभ करवायें। उपायुक्त ने पंचायती भूमि पर हर प्रकार के अवैध कब्जों

**निर्देश**

**8 घोषणाओं की वर्तमान स्टेटस रिपोर्ट तलब करते हुए समयबद्धता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए**

को हटवाने के भी निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि खरखौदा में एक बेहतरीन पुस्तकालय की स्थापना करवाई जाएगी। जिसके लिए उन्होंने एसडीएम को प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस मौके पर मारूति प्लांट को लेकर भी चर्चा करते हुए कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए उनकी मांगों को पूर्ण करवाने का भरोसा दिया। बैठक के उपरांत उपायुक्त ने विभिन्न स्थानों का दौरा करते हुए विकास कार्यों का जायजा लिया। इसकी शुरूआत उन्होंने छपड़ेश्वर मंदिर वाले तालाब से की, जिसकी चारदिवारी, ग्रिल आदि कार्य के निरीक्षण पर वे संतुष्ट नजर नहीं आये। इसके उपरांत उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने खरखौदा मुख्य मार्ग पर गंदे पानी से नगरवासियों को निजात दिलाने के लिए स्थापित किये जा रहे पार्क व तालाब का भी जायजा लिया। उन्होंने निमार्णाधीन पार्क के साथ जमीन पर कब्जों की भी रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। गंदे पानी के जमावड़े को दूर करने के लिए उन्होंने उस स्थान के सदुपयोग के निर्देश दिए। इसके बाद वे खांडा गांव में पहुंचे जहां उन्होंने वरिष्ठ अधिकारी डा. राज सिंह के साथ गांव के तालाबों के सौंदर्यकरण को लेकर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने नागा वाले तालाब तथा उसके साथ स्थापित की जा रही संविधान गैलरी आदि का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि गांव के सभी तालाबों का सौंदर्यकरण करवाया जाएगा।

# डीएवी पब्लिक स्कूल में विदाई समारोह में छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए

स्कूल के प्रधानाचार्य चन्द्रप्रकाश व शिक्षकों के साथ बाहरवीं कक्षा के छात्र।



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** जयंती प्रसाद डीएवी पब्लिक स्कूल, गन्नौर 12वी कक्षा के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें 11वीं के छात्रों द्वारा 12वीं के छात्रों को सम्मानित रूप में फेयरवेल दी गई। 12वीं के छात्रों द्वारा अपने शिक्षकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मान दिया। प्रधानाचार्य चंद्र प्रकाश ने छात्रों को संबोधित करते हुए वे जहां भी जाए अपने शिक्षकों का सम्मान करे। डीएवी संस्था ने आपकों जो संस्कार दिए है उनकों आगे जाकर भी बढ़ाने का काम करे। बिना संस्कारों के समाज का उत्थान नही हो सकता। उन्होंने कहा कि परीक्षाओं का समय नजदीक है। वे अपने सपनों को पूरा करने के लिए दिन रात मेहनत से पढ़ाई करे। मेहनत करने वाले छात्रों को जीवन में जरूर सफलता मिलती है।
इस अवसर पर दिव्या को मिस फेयरवेल, लक्की मिस्टर फेयरवेल, अंजली को मिस डीएवी, लक्षित को मिस्टर डीएवी घोषित किया गया। कार्यक्रम की व्यवस्था शिक्षकों व छात्रों ने संभाली।

## संक्षिप्त खबरें

### मार्केट फीस में बढ़ोतरी के विरोध में सब्जी मंडी रही बंद



**गन्नौर।** मार्केट फीस में बढ़ोतरी के विरोध में शनिवार को शहर की नई सब्जी मंडी में हड़ताल रही। बुधवार की सुबह से ही सब्जी मंडी में सन्नाटा छाया रहा, वहीं मंडी में एक भी फल व सब्जियों की रेहड़ी नजर नहीं आई। नई सब्जी मंडी के दोनों गेट बंद कर आढ़तियों ने प्रदर्शन किया। व्यापारियों-आढ़तियों ने नारेबाजी करते हुए रोष प्रकट किया। नई सब्जी मंडी में सब्जी मंडी आढ़ती यूनियन के प्रधान नरेंद्र धनखड़ ने कहा कि सरकार ने इस साल से सब्जी व फलों पर 40 प्रतिशत बढ़ोतरी कर-के मार्केट फीस एक मुश्त कर दी और इसमें हर साल 10 प्रतिशत बढ़ोतरी करने का नियम भी बना दिया। सरकार के इस निर्देश से सब्जी मंडी आढ़तियों में रोष है। सरकार ने मार्केट फीस में की गई बढ़ोतरी का फैसला वापस नहीं लिया तो आढ़ती हड़ताल जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि सरकार को तुरंत प्रभाव से सब्जी व फलों पर से मार्केट फीस व एचआरडीएफ तुरंत प्रभाव से हटानी चाहिए ताकि किसान, आढ़ती व आम लोगों को परेशानी न उठानी पड़े।

### ह्यशिक्षक बच्चों को अच्छी शिक्षा देकर बनाते हैं देश का भविष्य उज्जवल-राजन मुथरेजा

**फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** बड़खल - नीलम बाटा रोड स्थित दीनानाथ पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में जिला भाजपा कोषाध्यक्ष श्री राजन मुथरेजाऔर विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला भाजपा अध्यक्ष श्री राजकुमार वोहरा ने भाग लिया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा जोरदार रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मेधावी बच्चों को और सांस्कृतिक कार्यकर्म में भाग लेने वाले बच्चों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। स्कूल संचालक राकेश सचदेवा और राधा सचदेवा ने जिला भाजपा अध्यक्ष श्री राजकुमार वोहरा का और जिला भाजपा कोषाध्यक्ष श्री राजन मुथरेजा सहित आए सभी गणमान्य लोगों का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया । स्कूल संचालक राकेश सचदेवा ने इस मौके पर जानकारी दी की स्कूल पिछले 30 वर्षो से भी ज्यादा समय से बहुत ही न्यूनतम फीस लेकर बच्चों को उच्च शिक्षा देने का काम कर रहा है। इस मौके पर श्री राजन मुथरेजा ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज जिन बच्चों ने वार्षिक उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया है वह सभी बधाई के पात्र हैं श्री राजन मुथरेजा ने आने वाली परीक्षाओं को लेकर बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए मोटिवेट किया। उन्होंने कहा की देश का भविष्य केवल और केवल बच्चों आप हैं शिक्षक बच्चों को अच्छी शिक्षा देकर बनाते हैं देश का उज्जवलह्न भविष्य बनाने मैं अहम भूमिक निभाते है और दीनानाथ पब्लिक स्कूल इस काम को बखूबी तरह निभा रहा है। इस मौके पर एमपी सिंह , कैलाश चंदर आजाद, कैलाश गुगलानी , रेनू भाटिया , सुनील भाटिया , शीतु माटा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### गाँव चलो अभियान भाजपा के चुनाव प्रचार में साबित होगा मील का पत्थर : वोहरा

**फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** गाँव चलो अभियान के तहत आज भाजपा जिला अध्यक्ष राज कुमार वोहरा ने बडखल विधानसभा के बूथ नम्बर 19 और 20 पर जिला कोषाध्यक्ष राजन मुथरेजा के साथ जनसंपर्क अभियान किया और बूथ के लोगों के साथ सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों के बारे में चर्चा की । उनके साथ इस अवसर पर तुषार मेहंदीरत्ता, राधेश्याम गांधी, गोविंद भाटिया, रवि शंकर, सुनील भाटिया आदि उपस्थित रहे । ज़िला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने कहा कि गाँव चलो अभियान भाजपा के चुनाव अभियान में एक मील का पत्थर साबित होगा । गाँव चलो अभियान के दौरान भाजपा के प्रवासी नेता और कार्यकर्ता घर घर जाकर लोगों को गाँव चलो अभियान के साथ जोड़कर भाजपा के लिए चुनाव प्रचार करने के साथ बूथ पर भाजपा का वोट शेयर बढ़ाने का काम कर रहे हैं।

## महिला के परिजनों का पता कर उसको किया उसके परिजनों के हवाले

**फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** फरीदाबाद पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के कुशल मार्गदर्शन व डीआईजी-कम-डीसीपी बल्लभगढ़ राजेश कुमार दुग्गल के दिशा निदेर्शानुसार बेहतरीन कार्य करते हुए महिला ईआरवी न0-5 बल्लभगढ़ की टीम ने मध्य रात्रि के समय लावारिस अवस्था में सड़क पर घूम रही एक महिला को उसके परिजनों का पता करके उनके हवाले करने का एक बेहतरीन कार्य किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि 03 फरवरी की रात को करीब 1:30 बजे महिला ईआरवी न0-5 बल्लभगढ़ की टीम सीकरी के पास गस्त कर रही थी।

# हलदाना बार्डर पर प्रशासन अलर्ट, बड़े-बड़े सिमेंटेड पत्थर मंगवाए

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** किसानों के दिल्ली कूच करने से रोकने के लिए पुलिस व प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड पर आ गया है। किसानों को रोकने के लिए हलदाना बार्डर पर प्रशासन ने बड़े-बड़े सिमेंटिड पत्थर मंगवा दिए हैं, जिन्हें सड़क के किनारे रखवा दिया गया है। यदि जरूरत पड़ी तो हलदाना बार्डर को सील कर दिया जाएगा, ताकि किसानों को दिल्ली की तरफ जाने से रोका जा सके। फिलहाल बार्डर के दोनो ओर वाहनों का आना-जाना लगातार बना हुआ है और किसी तरह के बैरिकेड अभी नहीं रखे गए हैं और न ही पुलिस व सुरक्षा बल के जवानों की तैनाती की गई है। हालांकि सुरक्षा के दृष्टिगत सीमा



सुरक्षा बल की 90-90 जवानों की दो टुकड़ियां गन्नौर में डेरा डाल चुकी हैं। शनिवार को एसीपी गोरखपाल राणा व एसडीएम गन्नौर डा. निर्मल नागर सुरक्षा के दृष्टिगत हलदाना बार्डर पहुंचे और वहां की जाने की वाली व्यवस्थाओं से पहले उनका जायजा लिया।

**- प्रशासन इस बार पूरी तरह से अलर्ट 6 फीट गहरी उखाड़ी जा सकती है सड़क**

एसडीएम डा. निर्मल नागर व



एसीपी गोरखपाल राणा ने बताया कि किसानों को दिल्ली जाने के लिए प्रशासन इस बार पूरी तरह से अलर्ट है। किसानों को शांतिप्रिय ढंग से दिल्ली की तरफ बढ़ने से रोका जाएगा। इससे पहले प्रयास किए जाएंगे कि किसानों को अंबाला में ही रोक लिया जाए और यदि वहां से किसान आगे बढ़े तो हलदाना बार्डर पर भी प्रशासन पूरी व्यवस्था के साथ किसानों को आगे बढ़ने से राकेगा।

# गांव चलो अभियान के तहत पुरखास गांव के बूथ पर किया प्रवास

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** भाजपा द्वारा चलाए गए गांव चलो अभियान के तहत भाजपा जिला महामंत्री निशांत छौक्कर ने पुरखास गांव के बूथ नंबर 158 में प्रवास किया। प्रवास के दौरान छौक्कर ने जिसमें बूथ कमेटियों से संपर्क किया और पार्टी को गांव स्तर पर मजबूत बनाने के लिए सुझाव लिए। उन्होंने बूथ के कार्यकताओं को बूथ की मजबूती के लिए मूल मंत्र दिए तथा लोगों से संपर्क बनाए रखने के निर्देश दिए। इस दौरान निशांत छौक्कर ने बूथ के प्रत्येक वोटर से भी संपर्क कर उन्हें भाजपा की नीतियों व योजनाओं के बारे में



जानकारी दी और उन्हें भाजपा से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव मे हरियाणा में सभी 10 लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज करेगी।

## ब्लांक की सड़कों पर लगाए स्पीड ब्रेकर रात के अंधेरे में चमकेंगे रिफ्लेक्टर

**फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** ब्लांक डीटू की सड़कों पर एक दर्जन स्पीड ब्रेकर ब्लांक की तरफ से लगाए गए हैं। पूरे ब्लॉग में एक दर्जन स्पीड ब्रेकर लगने से ब्लॉक के छोटे बच्चे व बुजुर्गवान सुरक्षित हो गए हैं ब्लॉग के प्रधान जगजीत सिंह ने कहा कि ब्लॉक के अंदर कई बड़ी दुर्घटनाएँ होते होते बाल बाल बची है।जिसकी वजह से ब्लॉक की कार्यकारिणी को निर्णय लेना पड़ा कि ब्लॉग की हर सड़क पर लगभग 4 चार स्पीड ब्रेकर लगाए गए हैं। इन को लगवाने का ठेका दिल्ली की एक निजी प्राइवेट कम्पनी को दिया गया है जो इन स्पीड ब्रेकर को लगा रही है इनके लगने से वाहनों की गति भी कम हो गई है।

# फरीदाबाद-पलवल में जेजेपी 18 को लोकसभा कार्यालय का करेगी शुभारंभ



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )**
तिगांव विधानसभा - जननायक जनता पार्टी के फरीदाबाद लोकसभा प्रभारी श्री ऋषिराज राणा शनिवार को तिगांव विधानसभा में एक बैठक बुलाई । यह बैठक तिगांव विधानसभा के अध्यक्ष व प्रदेश प्रवक्ता श्री उमेश भाटी जी के अशोका एन्क्लेव कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक में न केवल लोकसभा चुनाव पर चर्चा की गई, वहीं भावी रणनीति पर भी विचार किया गया। बैठक में सह प्रभारी राममेहर ठाकुर , जिला अध्यक्ष फरीदाबाद श्री कृष्ण जाखड़ , जिला अध्यक्ष पलवल देवेंद्र सोरौत और हल्का अध्यक्ष बड़खल अजय भड़ाना , तिगांव से उमेश भाटी , एनआईटी से हाजी करामात अली , बल्लभगढ़ से रिछपाल लांबा , होडल से विजय सिंह , पलवल से खेमचंद , हथीन से सुखराम डागर ने भाग लिया।
बैठक में फरीदाबाद लोकसभा प्रभारी श्री ऋषिराज राणा व सह प्रभारी राम मेहर ठाकुर का सभी हल्का अध्यक्षों ने फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। बैठक में आने वाले लोकसभा चुनावों को लेकर जिला अध्यक्ष फरीदाबाद श्री कृष्ण जाखड़ ने लोकसभा प्रभारी श्री ऋषिराज राणा को विस्तार से जिला स्तर पर कार्यकताओं को जोड़ने और विभिन्न मीटिंगों का ब्यौरा दिया , वहीं जिला अध्यक्ष श्री कृष्ण जाखड़ ने जानकारी देते हुए बताया की मेंबरशिप अभियान जो की पिछले काफी महीनो से चल रहा था । मेंबरशिप में सभी वर्गों को जोड़ने के लिए सभी हल्का अध्यक्षों ने विधानसभा में कार्यकताओं के साथ मेहनत की है। इस मौके पर फरीदाबाद लोकसभा प्रभारी श्री ऋषिराज राणा बैठक में जानकारी देते हुए बताया की 18 फरवरी को फरीदाबाद और पलवल में लोकसभा कार्यालय का शुभारंभ किया जाएगा , जिसमे हल्का स्तर पर कार्यकताओं की बैठक बुलाकर जननायक जनता पार्टी के डिप्टी सीएम श्री दुष्यंत चौटाला जी द्वारा जो लाभकारी निर्णय जनता जनार्दन के लिए लिए गए है उसे आम जनमानस तक पहुँचाने के लिए युद्ध स्तर पर अभियान चलने की शुरूआत की जाएगी । श्री ऋषिराज राणा ने बताया की डिप्टी सीएम श्री दुष्यंत चौटाला जी के प्रति लोगों का विश्वास कायम है सभी 10 की 10 लोकसभा में कार्यकर्ता पूरी तरह से पार्टी के लिए काम कर रहे है।

# दिल्ली कूच के लिए शामिल होंगे भाकियू अंबावता

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
खेड़ी रोड स्थित जाट धर्मशाला में शनिवार को भाकियू अंबावता की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में टिकैत गुट व किसान पंचायत संगठन के किसान नेता भी शामिल हुए। ब्लाकाध्यक्ष बलजीत मलिक की अध्यक्षता में हुई बैठक में किसान नेताओं ने भी दिल्ली कूच में शामिल होने का निर्णय लिया। जिलाध्यक्ष जयभगवान मलिक ने कहा कि पंजाब से आ रहे किसानों ने अपनी जायज मांगो को सरकार से मनवाने के लिए 13 फरवरी को दिल्ली कूच करने की घोषणा की है। किसान एमएसपी की कानूनी तौर पर गारंटी देने, संपूर्ण कर्जा मुक्ति करने व अन्य मांग कर रहे हैं। किसानों की सभी मांग जायज हैं। यदि 13



फरवरी तक सरकार किसानों की मांगो को पूरा नहीं करती तो भाकियू अंबावता भी दिल्ली कूच करने से पीछे नहीं होगा। उन्होंने सरकार व प्रशासन को चेताया कि यदि दिल्ली कूच के दौरान किसी भी तरह का नुकसान होगा तो उसकी जिम्मेदार सरकार की होगी। जिला युवा प्रधान सचिन मलिक ने आम लोगों से भी किसानों का समर्थन करने की अपील की।

**घेरने की तैयारी**

**8 बैठक में टिकैत गुट व किसान पंचायत संगठन के किसान नेता भी शामिल हुए।**

इसके अलावा बैठक में किसानों से संबंधित समस्याएं व जनहित की समस्याएं भी रखी गई और प्रशासन से इन समस्याओं के समाधान करने की भी अपील की। इस मौके पर राजेंद्र सरोहा, वेदपाल, धर्मसिंह, जीत मास्टर, सत्यवान, सतनारायण तेवड़ी आदि मौजूद रहे।

# सूफी गायक विक्रम ने सूफी गायन से किया दर्शकों को मंत्रमुग्ध

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, 10 फरवरी, (हरपाल सिंह यादव )।** अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड क्राफ्ट्स मेला में गत संध्या काल में ख्याति प्राप्त सूफी गायक एवं पंजाबी सिनेमा के अभिनेता विक्रम सिरोहीवाल ने अपने मंत्र मुग्ध करने वाले अंदाज में सूफी कलाम गाकर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। अपनी मधुर आवाज में उन्होंने सबसे पहले ह्वअल्लाह हू अल्लाह हू कलामह्व से सूफी गायकी की परंपरा का निर्वहन किया और श्रोताओं को सूफी संगीत की सुखद अनुभूति से परिचित कराया। सूफी कलाकार विक्रम ने एक के बाद एक सूफी कलाम दर्शकों की नजर करते हुए मनोरंजन और ज्ञान का खजाना सांझा किया और सूफी



नगमों में ईश्वर की इबादत, संगीत की महिमा तथा भक्त और भगवान के संबंधों को संगीतमय सफर की मीठी मीठी तान के जरिए प्रस्तुत किया। उनकी सूफी रचना "मेरा पिया घर आया ओ लाल नि" ने मानो लय ताल स्वर की हदों की इस कद्र बानगी दी कि संगीत की खुशबू के तमाम रंग से दर्शक झूम उठे। सूफी गायक विक्रम ने सूफी कलाम के तीसरे पायदान पर ह्वआप बैठे हैं बलिन पर मेरीह्व नगमे को बहुत दिलचस्प एवम खूबसूरत तरीके से पेश किया, जिसने दर्शकों को भाव विभोर कर दिया और उन्हें कल्पना लोक में जाने का एहसास दिलवाया। इधर विक्रम ने अपने चौथे नगमे कली "कली जुल्फो के फंदे ना डालो" में बेमिसाल सूफी संगीत की ऊंचाइयों को इस कदर छुआ कि उनकी मीठी रेशम सी आवाज बुलंदियों को रह रह कर स्पर्श कर रही थी और दर्शकों के मन आत्मा में उतर रही थी। नित खैर मंगा सोनिए में तेरी गायन पर तो दर्शक झूम उठे और साथ साथ करतल ध्वनि करने लगे। विक्रम ने सूफियाना कलाम की अंतिम पेशकश आजा तेनु अखिया उड़इक दिया से मानो धूम मचा दी और दर्शकों को भावविभोर कर दिया। करीब एक घंटा चले इस रोचक प्रोग्राम में सूफी के हर रंग को विक्रम ने सुरो में सहजता और तरलता से पिरोया कि लोग अवाक रह गए। आलम ये था कि खचाखच भरे पंडाल में विक्रम ने अपनी सुरीली दमदार सूफियाना पेशकश से श्रोताओ को अपना मुरीद बना लिया। इस सूफी प्रोग्राम में की बोर्ड पर राज कमल, तबला पर शुभम, ड्रम्स पर दुष्यंत और बांसुरी पर कृष्ण प्रसन्ना, कोरस में जगदीश, सोन्नी दरपाल और जसप्रीत ने संगत की।

**सूफी गायक पंजाबी फिल्म में भी कर चुके हैं अभिनय**

उल्लेखनीय है कि कुरुक्षेत्र निवासी 29 वर्षीय विक्रम सिरोहीवाल हरियाणा के जाने माने सूफी गायक है, जो दुनिया के जाने माने विश्व प्रसिद्ध सूफी उस्ताद गुरु नुसरत फतेह अली खान के शिष्य उस्ताद आसिफ अली संतू खान के शागिर्द है। उन्होंने दुबई में विक्रम को अपना विधिवत शिष्य बनाया।

# रौनक पब्लिक स्कूल की दो छात्राओं का रग्बी राष्ट्रीय खेलों के लिए चयन

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** गुजरात के अहमदाबाद में सब जूनियर रग्बी प्रतियोगिता के राष्ट्रीय खेलों के लिए हरियाणा की टीम में रौनक पब्लिक स्कूल की दो छात्राओं नूतन गौरी तथा कीर्ति का चयन किया गया है। इससे पहले राई स्पोर्ट्स स्कूल में 4 से 10 फरवरी तक राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित हुई थी, जिसमें लगभग 250 बच्चों ने भाग लिया। इसमें रौनक पब्लिक स्कूल की नूतन और कीर्ति ने शानदार प्रदर्शन किया और राष्ट्रीय खेलों के लिए अपना स्थान पक्का किया। स्कूल के प्रधानाचार्य इंद्रनाथ सिन्हा ने दोनों छात्राओं को बधाई देते हुए कहा



कि आगे भी दोनों उम्दा प्रदर्शन करते और स्कूल का नाम रौशन करेंगी। दोनों छात्राओं के कोच और स्कूल के खेल प्रशिक्षक योगेश ने कहा कि दोनों छात्राओं ने अपनी कड़ी मेहनत से ये साबित कर दिया है कि लड़कियां किसी भी क्षेत्र में लड़कों से कम नहीं हैं।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 11 फरवरी 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302

आदर्श रसोई सप्ताह 45वां

# बैग वितरण समारोह कर मनायी गई श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी की जन्म जयंती

## राकेश भारद्वाज चौक पर आदर्श रसोई ने मनायी जन्म जयंती, आदर्श रसोई के संस्थापक सुरेंद्र चोपड़ा के सौजन्य से हुआ बैग वितरण

















**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सबसे व्यस्ततम चौक यानी '**राकेश भारद्वाज चौक**' पर आदर्श रसोई और एक्शन इंडिया मीडिया समूह के संस्थापक श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी की 63वीं जन्म जयंती धूमधाम से मनायी गई। इस दौरान अन्न वितरण के साथ साथ लगभग 500 बैग भी वितरित किए गए।

### 500 बैग का किया गया वितरण

इस बार आदर्श रसोई की नींव रखने वाले श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी की जन्म जयंती मनाई गई। इस मौके पर श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी को याद कर सभी की आंखें नम हो गई। पुष्पांजलि के बाद अन्न वितरण किया गया। साथ ही आदर्श रसोई के माध्यम से जरूरतमंदों के बीच 500 बैग वितरित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत रूप से रवि भारद्वाज ने रिबन काटकर किया। इसके उपरांत श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। ।

### आदर्श रसोई है हमारा दूसरा परिवार : रवि भारद्वाज

मेरे प्रेरणास्त्रोत और मेरे पिता श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी की आज 63वीं जन्म जयंती है। आज वो हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनके द्वारा बनाया गया आदर्श रसोई रूपी ये परिवार बहुत मजबूत है।सभी एकजुटता के साथ इस रसोई के माध्यम से धर्मार्थ का कार्य कर रहे हैं। सुरेंद्र चोपड़ा जी और मेरे पिता जी ने इस रसोई की नींव रखी थी जो आज एक वटवृक्ष का रूप ले चुका है।

### श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी के दिखाए हुए पदचिन्हों पर चल रही आदर्श रसोई : सुरेंद्र चोपड़ा

आदर्श रसोई के संस्थापक और प्रधान सुरेंद्र चोपड़ा ने कहा कि अपने बारे में तो एक जानवर भी सोच लेता है लेकिन जो समाज के लिए कार्य करता है वही मानवता कहलाती है। कुछ ऐसी सोच के व्यक्ति थे राकेश भारद्वाज जी। श्री चोपड़ा ने कहा कि आज मेरे अजीज साथी की जयंती है, आज राकेश भारद्वाज जी हमारे बीच नहीं है लेकिन उनके दिखाए हुए मार्ग हम सबके लिए प्रेरणास्त्रोत है।

मुझे खुशी है कि मैं भी पुण्य के कार्य में एक सहभागी हूँ। यह हम सबके लिए हर्ष की बात है कि आदर्श रसोई के सभी साथियों ने आदर्श रसोई को आगे बढ़ाने के लिए दिन रात मेहनत की है।

आदर्श रसोई की सबसे अनूठी बात यह है कि यह समाजसेवा के साथ-साथ अपने पारंपरिक त्यौहारों, विशेष दिनों को भी बहुत ही उत्साहपूर्वक रूप से मनाती है, जोकि काबिलेतारीफ है।

### राकेश भारद्वाज जी हम सबके लिए प्रेरणास्रोत : मोहन गर्ग

इस विशेष मौके पर चेयरमैन मोहन गर्ग ने कहा कि आज मेरे बड़े भाई श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी की जन्म जयंती है। आदर्श रसोई में आकर मुझे एक आत्मिक शांति मिलती है। एक सुकून का एहसास होता है। ऐसा लगता है कि भारद्वाज जी आज भी हमारे साथ हैं। जैसे हम पहले इस रसोई में एक साथ अन्न वितरण करते थे, वैसे ही अब भी कर रहे हो।

### लजीज व्यंजनों से सजी थी आदर्श रसोई की थाली

आदर्श रसोई के पदाधिकारियों ने इस मौके पर 500 से अधिक बैग का वितरण किया। इसके अलावा हर बार की तरह लजीज व्यंजनों से सजी थाली सभी को परोसी गई। आदर्श रसोई अपने नेक कार्यों के साथ-साथ स्वादिष्ठ, विशेष थाली के लिए भी मशहूर है। थाली में तंदूरी रोटी, छोले-कढ़ी, अचार, सलाद, रायता उपलब्ध करवाया गया











